आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 126 | उज्जैन, शुक्रवार 22 मई, 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल 6 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### पुलवामा हमले में शामिल आतंकी हमजा बुरहान की हत्या

**नई दिल्ली।** पुलवामा आतंकी हमले में शामिल आतंकी हमजा बुरहान की पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। मुजफ्फराबाद के एआईएसएस कॉलेज के बाहर अज्ञात हमलावरों ने उस पर कई गोलियां चलाईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। भारत ने 2022 में हमजा बुरहान को यूपा के तहत आतंकी घोषित किया था। वह अबू दुजाना, अबू कासिम, बुरहान वानी और जाकिर मूसा का करीबी था। उसे 2019 के पुलवामा आतंकी हमले के मास्टरमाइंड्स में से एक माना जाता था, इस हमले में 40 जवान शहीद हुए थे। सरकार के मुताबिक, अजुर्मंद गुलजार डार उर्फ हमजा बुरहान उर्फ डॉक्टर पुलवामा के रत्नीपोरा इलाके का रहने वाला था।

### महाराष्ट्र के ठाणे में सब्जी मार्केट में लगी आग, दो की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे रेलवे स्टेशन के पास गामदेवी सब्जी मार्केट कॉम्प्लेक्स में गुरुवार को भीषण आग लग गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल है। मृतकों की पहचान फायर स्टेशन ऑफिसर सागर सूर्यकांत शिंदे और सिक्योरिटी गार्ड कालू शंकर गाडेकर के रूप में हुई है। दोनों धुएं में फंस गए थे और दम घुटने से उनकी मौत हो गई। हादसे में 155 दुकानें जलकर खाक हो गईं। इनमें सब्जी, फल और कपड़ों की दुकानें शामिल थीं। मृतकों के परिवारों को 10-10 लाख रुपए की सहायता और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की घोषणा की है। वहीं, घायलों को 1-1 लाख रुपए की मदद दी जाएगी।

### धुरंधर का नया वर्जन आज होगा स्ट्रीम



**बिना किसी कट के रिलीज होगी फिल्म, हाई कोर्ट की जांच के बीच मेकर्स का फैसला**

**मुंबई।** रणवीर सिंह स्टारर फिल्म धुरंधर का अनकट वर्जन 'धुरंधर रॉ एंड अनदेखा' कल यानी 22 मई से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स और जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होने जा रहा है। नेटफ्लिक्स और जियोहॉटस्टार ने बुधवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी। 'धुरंधर रॉ एंड अनदेखा' वर्जन हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में उपलब्ध होगा। यह फिल्म पिछले साल 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसके बाद 30 जनवरी को इसे नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया था। यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब दिल्ली हाई कोर्ट ने फिल्म के दूसरे पार्ट में सेना की गोपनीय जानकारियां दिखाने के आरोपों पर केंद्र सरकार और सेंसर बोर्ड से जांच करने को कहा है। मेकर्स ने फिल्म के दूसरे पार्ट 'धुरंधर: द रिवेंज रॉ एंड अनदेखा' की रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया है। इस पार्ट का प्रीमियर 4 जून को शाम 7 बजे होगा। इसके बाद 5 जून से दर्शक इसे सिर्फ जियोहॉटस्टार पर देख सकेंगे। फिल्म के दोनों ही पार्ट ने बॉक्स ऑफिस पर बड़े रिकॉर्ड बनाए हैं और दोनों फिल्मों की कहानी को दर्शकों ने काफी पसंद किया है। फिल्म का नया वर्जन ऐसे समय में आ रहा है जब इसके दूसरे पार्ट को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट में कानूनी विवाद चल रहा है। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के हेड कांस्टेबल दीपक कुमार ने कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि फिल्म में सेना के ऑपरेशन्स से जुड़ी गुप्त जानकारियां दिखाई गई हैं, जिससे देश की सुरक्षा और अखंडता को खतरा हो सकता है। इस मामले की सुनवाई करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि फिल्म भले ही काल्पनिक हो, लेकिन एक सुरक्षाकर्मी की ओर से उठाए गए मुद्दों को छोड़ नहीं सकते। कोर्ट ने केंद्र सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय और सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से इन आरोपों की जांच करने को कहा है।

### ट्रम्प बोले-एक घंटे में ईरान पर हमला करने वाला था

**ईरान।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि वे ईरान पर नए हमले के आदेश से सिर्फ एक घंटे दूर थे। उन्होंने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा कि अमेरिकी नौसैनिक जहाज मिसाइलों और हथियारों से पूरी तरह तैयार थे। इससे पहले ट्रम्प ने कहा था कि उन्होंने ईरान पर मंगलवार को होने वाला हमला फिलहाल टाल दिया है। कतर, सऊदी अरब और वअए जैसे देशों के नेताओं ने बातचीत को मौका देने के लिए कुछ दिन का समय मांगा था। ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि ईरान समझौता करने की भीख मांग रहा है और अगर जल्द कोई समझौता नहीं हुआ तो अमेरिका आने वाले दिनों में फिर हमला कर सकता है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ईरान को परमाणु हथियार बनाने की इजाजत नहीं दे सकता।

### कर्ज विवाद के बाद गाड़ी के बोनट पर चढ़ा आदमी

**मैसूरु।** कर्नाटक के मैसूरु में कर्ज में दिए पैसे न लौटाने पर एक आदमी दूसरे की कार के बोनट पर बैठ गया। इसके बाद उसे बोनट पर बिठाकर 500 मीटर तक ले जाया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, महादेव नाम के व्यक्ति ने धनंजय को पैसे उधार दिए थे। जब उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे तो दोनों के बीच बहस हो गई, जिसके बाद धनंजय कार से भागने लगा और उसे रोकने के लिए महादेव उसकी कार के बोनट पर कूद गया। धनंजय ने कार रोकने के बजाय स्पीड बढ़ा दी और महादेव को बोनट पर लटकाए हुए ही अंदोलना सर्कल से कुवेम्पुनगर पुलिस स्टेशन रोड तक ले गया। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

---

नौतपा से 4 दिन पहले ही 48 डिग्री पहुंचा तापमान, उत्तरप्रदेश में गर्मी से 8 स्कूली बच्चियां बेहोश

# मध्यप्रदेश, यूपी, हरियाणा में मिस्र और सऊदी अरब जितनी गर्मी

## हिमाचल के 5 शहरों में हीटवेव, गर्मी से लोग बेहाल, 25 मई तक हल्की बारिश के आसार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



25 मई से नौतपा शुरू हो रहे हैं, लेकिन उससे पहले ही तापमान 48 डिग्री पहुंच गया है। यह आंकड़ा उत्तर प्रदेश के बांदा में रिकॉर्ड हुआ। तापमान के लिहाज से 20 मई को बांदा दुनिया का तीसरा सबसे गर्म शहर रहा। बांदा से ज्यादा तापमान केवल मिस्र के असवान में 49.4 डिग्री और सऊदी अरब के अराफात में 48.4 डिग्री रहा। दुनियाभर में सबसे ज्यादा तापमान वाले टॉप-5 शहरों में खजुराहो 47.4 डिग्री के साथ चौथे नंबर पर रहा।

इधर, बलरामपुर में भीषण गर्मी के कारण कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में पढ़ाई के दौरान 8 छात्राएं बेहोश हो गईं। सभी को उल्टी, सिरदर्द और बेहोशी जैसी शिकायतें थीं। इनका इलाज चल रहा है। बुधवार को उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, ओडिशा और महाराष्ट्र के 16 शहरों में भी तापमान 46 डिग्री से ज्यादा रहा।

महाराष्ट्र के वर्धा में 47.1 डिग्री, हरियाणा के रोहतक में 46.9 डिग्री, महाराष्ट्र के नागपुर में 46.6 डिग्री और मध्य प्रदेश के नौगांव में भी पारा 46.6 डिग्री तक पहुंच गया।

बांदा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिनेश के मुताबिक देश में बांदा में सबसे ज्यादा तापमान होने के पीछे मुख्य कारण इसका कर्क रेखा के नजदीक होना है। इसके अलावा सीधी धूप, साफ आसमान, मिट्टी में नमी की कमी वाला पठारी इलाका, सूखती नदियां, जंगलों की कटाई और खनन शामिल हैं। दुनिया का सबसे ज्यादा तापमान 10 जुलाई 1913 को अमेरिका की डेथ वैली में रिकॉर्ड किया गया था। वहां 56.7 डिग्री तापमान था। दुनिया की सबसे गर्म जगहों में ईरान के रेगिस्तान दश्त-ए-लुट का नाम शामिल है। 2005 में यहां जमीन की सतह का तापमान लगभग 70.7 डिग्री तक रिकॉर्ड हुआ था।

#### मानसून एक जगह पर अटका

मानसून का आगे बढ़ना भी रुक गया है। फिलहाल वह तीन दिन से एक ही स्थान अंडमान-निकोबार और कोलंबो के आसपास अटका हुआ है। इसे आगे बढ़ने के लिए कोई भी ताकत नहीं मिल रही है। मौसम विभाग ने बताया कि पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत में मौसम बदलने लगेगा।

अरुणाचल, असम, मेघालय में कुछ जगह भारी से भारी बारिश की चेतावनी है, जबकि तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल, लक्षद्वीप, कर्नाटक के कुछ हिस्सों में 24 मई तक बारिश का अच्छा दौर रह सकता है। बाकी देश तपता रहेगा।

#### हेल्थ अलर्ट: प्यास न लगे तो भी थोड़ा-थोड़ा पानी पियें

एम्स दिल्ली में मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ. नीरज निश्चल के मुताबिक सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक की धूप से बचें। बुजुर्ग, बच्चे और पहले से बीमार लोगों को ऐसी गर्मी से ज्यादा खतरा है। जब प्यास न भी लगे, गला न सूखे, फिर भी पानी पीते रहें। दिनभर में 4 लीटर पानी पियें। गर्मी के घंटों के दौरान कोई भी शारीरिक मेहनत का काम न करें। ढीले और हल्के रंग के कपड़े ही पहनें।

---

# एअर इंडिया की दिल्ली-बेंगलुरु फ्लाइट रनवे से टकराई

## लैंडिंग के दौरान हादसा, पिछले हिस्से में स्क्रैच आया, यात्री और क्रू मेंबर्स सुरक्षित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली



एअर इंडिया की दिल्ली से बेंगलुरु जा रही फ्लाइट एआई 2651 गुरुवार को केंपेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान रनवे से टकरा गई। फ्लाइट के पीछे का हिस्सा जमीन से टच हो गया। घटना को एविएशन भाषा में टेल स्ट्राइक कहा जाता है।

फ्लाइट को सुरक्षित तरीके से उतार लिया गया। लैंडिंग के बाद की तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं, जिसमें उसके पिछले हिस्से पर स्क्रैच दिख रहा है। फ्लाइट में 181 यात्री सवार थे। घटना में किसी यात्री या क्रू सदस्य के घायल होने की सूचना नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, एअर इंडिया फ्लाइट की लैंडिंग से ठीक पहले रनवे पर एक बोइंग 747 विमान उड़ा था। उसके इंजनों से तेज वेक टबुर्लेंस पैदा हुई।

#### पायलट को लैंडिंग में दिक्कत का अंदाजा था

सूत्रों के अनुसार, एअर इंडिया फ्लाइट के पायलट को अंदाजा हो गया था कि लैंडिंग में दिक्कत आ सकती है, इसलिए उसने नियमों के मुताबिक गो-अराउंड करने का फैसला लिया। गो-अराउंड के दौरान पायलट लैंडिंग अप्रोच के दौरान फ्लाइट को वापस हवा में ले जाता है और स्थिति सामान्य होने पर दोबारा लैंडिंग की कोशिश करता है। एअर इंडिया विमान को घटना के बाद जांच के लिए ग्राउंड कर दिया गया है। एयरलाइन और एयरपोर्ट अधिकारियों ने सुरक्षा जांच शुरू कर दी है। नागरिक उड्डयन नियामक डीजीसीए को भी घटना की जानकारी दी गई है।

---

# स्कूल छोड़ने वालों की पढ़ाई फिर शुरू कराएगी प्रदेश सरकार

### एमपी में शिक्षा घर योजना मंजूर, ड्रॉपआउट छात्रों को दोबारा स्कूल से जोड़ा जाएगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार ड्रॉपआउट विद्यार्थियों को दोबारा शिक्षा से जोड़ने के लिए शिक्षा घर योजना शुरू करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को इस योजना को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी। अब स्कूल शिक्षा विभाग इसी सत्र से योजना को लागू करने की तैयारी करेगा।

यह फैसला मंत्रालय में स्कूल शिक्षा विभाग की योजनाओं और गतिविधियों की समीक्षा बैठक में लिया गया। अधिकारियों ने बैठक में बताया कि योजना का लाभ उन किशोर-किशोरियों और युवक-युवतियों को मिलेगा, जिन्होंने कक्षा 8 या उससे आगे की पढ़ाई के दौरान अनुत्तीर्ण होने पर पढ़ाई छोड़ दी थी।

सरकार का उद्देश्य स्कूल छोड़ चुके विद्यार्थियों की संख्या कम करना है। योजना लागू होने से शिक्षा से दूर हुए विद्यार्थियों को दोबारा पढ़ाई का अवसर मिलेगा।

---

12 दिन में सरकार के कई फैसले

# पश्चिम बंगाल के सभी मदरसों में वंदे मातरम गाना अनिवार्य, सीएए लागू



एजेंसी ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य के अल्पसंख्यक मामलों और मदरसा शिक्षा विभाग के तहत आने वाले सभी मदरसों में 'वंदे मातरम' गाना अनिवार्य कर दिया है। यह आदेश 19 मई को जारी किया गया। जानकारी गुरुवार को सामने आई। सरकार के आदेश के मुताबिक, यह नियम सरकारी मॉडल मदरसों, सरकारी सहायता प्राप्त और बिना सहायता प्राप्त मदरसों पर तुरंत लागू होगा। नए आदेश के बाद अब क्लास शुरू होने से पहले सुबह की प्रार्थना सभा (असेंबली) में वंदे मातरम गाना जरूरी होगा। इससे पहले मदरसों में सुबह की प्रार्थना के दौरान राष्ट्रगान 'जन गण मन' और कवि गुलाम मुस्तफा की 'अनंत असीम प्रेममय तुमी' (बांग्ला गीत) गाया जाता था। अब सभी मदरसों को इस आदेश को लागू करने के बाद इसकी रिपोर्ट भी विभाग को सौंपनी होगी।

#### केंद्र का आदेश- जन गण मन से पहले गाया जाएगा वंदे मातरम

केंद्र सरकार ने 11 फरवरी को राष्ट्रगीत वंदे मातरम को लेकर नए दिशानिर्देश जारी किए थे। आदेश में साफ लिखा था कि अगर राष्ट्रगीत वंदे मातरम और राष्ट्रगान ह्यजन गण मन साथ में गाए या बजाए जाएं, तो पहले वंदे मातरम गाया जाएगा। इस दौरान गाने या सुनने वालों को सावधान मुद्रा में खड़ा रहना होगा। आदेश के मुताबिक सभी स्कूलों में दिन की शुरुआत राष्ट्रगीत बजाने के बाद ही होगी। नए नियमों के अनुसार, राष्ट्रगीत के सभी 6 अंतरे गाए जाएंगे, जिनकी कुल अवधि 3 मिनट 10 सेकेंड है। अब तक मूल गीत के पहले दो अंतरे ही गाए जाते थे।

**बीएसएफ को सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन सौंपना-** भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा मजबूत करने और बाड़ (फेंसिंग) लगाने के लिए सीमा सुरक्षा बल (इरऋ) को 600 एकड़ जमीन 45 दिनों के भीतर दी जाएगी, जिससे सीमा से जुड़ा पुराना विवाद खत्म होगा। श्चिम बंगाल सरकार अब केंद्र सरकार की 'आयुष्मान भारत' योजना से जुड़ गई है, जिसके तहत गरीब परिवारों को 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज मिलेगा।

---

रेलवे भर्ती आंदोलन मामला

# ठाणे सेशन कोर्ट ने राज ठाकरे को बरी किया



एजेंसी ▸▸ मुंबई

ठाणे सेशन कोर्ट ने 2008 के रेलवे भर्ती आंदोलन मामले में एमएनएस अध्यक्ष राज ठाकरे समेत सभी आरोपियों को बरी कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि सबूतों की कमी और सरकारी पक्ष यह साबित नहीं कर सका कि राज ठाकरे ने भड़काऊ भाषण दिया था। 2008 में कल्याण रेलवे भर्ती परीक्षा के दौरान एमएनएस कार्यकर्ताओं पर उत्तर भारतीय उम्मीदवारों से मारपीट और रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का आरोप था। इस मामले में राज ठाकरे को उस वक्त गिरफ्तार भी किया गया था।

---

गवर्नर ने टोका, बोले- ये शपथ का हिस्सा नहीं

# कांग्रेस विधायक ने शपथ में राहुल जिंदाबाद कहा

एजेंसी ▸▸ चेन्नई



तमिलनाडु में विजय सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार में गुरुवार को फिर विवाद हो गया। कांग्रेसी विधायक राजेश कुमार ने शपथ के दौरान कामराज अमर रहें, राजीव गांधी अमर रहें और जननायक राहुल गांधी जिंदाबाद कहा। इस पर गवर्नर राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने टोक दिया। गवर्नर ने कहा- ये आपकी शपथ का हिस्सा नहीं है। वहीं, दूसरा विवाद तमिल गीत बजाने को लेकर भी हुआ। समारोह में तमिलनाडु का राज्य गीत तमिल थाई वाज्थु सबसे आखिर में बजाया गया। पिछली सरकारों में ये हमेशा पहले बजाया जाता था।

तमिलनाडु में सीएम विजय की कैबिनेट का विस्तार हुआ, जिसमें 23 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली।

---

# कॉकरोच जनता पार्टी का एक्स अकाउंट ब्लॉक

**नई दिल्ली।** छह दिन पहले बनी कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के इंस्टाग्राम पर गुरुवार शाम 5 बजे तक 1.5 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स हो गए हैं। यह देश की किसी भी पॉलिटिकल पार्टी से ज्यादा है। इंस्टाग्राम पर कांग्रेस के 1.33 करोड़, भाजपा के 87 लाख, आप के 19 लाख और सीपीआई (एम) के 2.35 लाख फॉलोअर्स हैं। सीजेआई सूर्यकांत के कॉकरोच वाले बयान के विरोध में बनी इस पार्टी के पर भी 1.93 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हो चुके थे।

---

# पटवारी ने बीजेपी और आरएसएस पर लगाया देश के अपमान का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और आरएसएस को गद्दार बताए जाने के विवाद के बीच मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पीएम मोदी, भाजपा और आरएसएस पर देश का अपमान करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि असली अपमान केंद्र सरकार की नीतियों से हुआ है और जनता इसका बदला लेने के लिए तैयार है। वहीं, मध्यप्रदेश सरकार को घेरते हुए जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री मोहन यादव की विभागीय समीक्षा बैठकों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मंत्रियों को स्वतंत्र अधिकार नहीं दिए गए हैं और अगर मंत्रियों का रिपोर्ट कार्ड लिया जा रहा है तो मुख्यमंत्री को भी अपने विभागों का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखना चाहिए।






**गरीब और मिडिल क्लास लगातार परेशान हैं,**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के उस बयान के बाद सियासी विवाद तेज हो गया है जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और आरएसएस को लेकर तीखी टिप्पणी की थी। बीजेपी ने राहुल गांधी के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण और अराजकतावादी मानसिकता वाला करार दिया है। इसी विवाद के बीच जीतू पटवारी ने भी केंद्र सरकार और बीजेपी पर बड़ा हमला बोला है। जीतू पटवारी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा भारत-पाकिस्तान युद्ध रुकवाने का दावा करना देश का अपमान है। उन्होंने सवाल उठाया कि ईरान-अमेरिका युद्ध के दौरान भारत के हितों की अनदेखी हुई, डॉलर के मुकाबले रुपया कमजोर पड़ा और अमेरिका के दबाव में किसान विरोधी ट्रेड डील की गई, क्या यह देश का अपमान नहीं है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

# सिंहस्थ के पहले गढ़कालिका मंदिर का 15.50 करोड़ से होगा कायाकल्प

## बढ़ाई जाएगी मंदिर की क्षमता, श्रद्धालुओं को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में गढ़कालिका देवी मंदिर और परिसर के विकास के लिए 15.50 करोड़ रुपए की परियोजना तैयार की गई है। इस परियोजना का उद्देश्य सिंहस्थ 2028 से पहले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना और मंदिर की ऐतिहासिक पहचान को संरक्षित रखना है। उज्जैन स्मार्ट सिटी द्वारा इस कार्य के लिए निविदा प्र




### मंदिर परिसर की क्षमता बढ़ाई जाएगी

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर की क्षमता बढ़ाई जाएगी। वर्तमान में प्रतिदिन 3 से 5 हजार श्रद्धालुओं की क्षमता वाले परिसर को बढ़ाकर 10 से 12 हजार श्रद्धालुओं के अनुरूप विकसित किया जाएगा। सिंहस्थ के दौरान 50 हजार लोगों की भीड़ को संभालने की तैयारी की जाएगी। परियोजना के तहत मंदिर के शिखर को मजबूत किया जाएगा, चूना प्लास्टर का नवीनीकरण होगा और मंदिर के अग्रभाग को आकर्षक स्वरूप दिया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए छायादार प्रतीक्षालय, आधुनिक कतार प्रबंधन प्रणाली, पेयजल और स्वच्छ शौचालय जैसी आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

**प्रवेश और निकास द्वार बनाए जाएंगे-** मंदिर परिसर में अलग-अलग भव्य प्रवेश और निकास द्वार बनाए जाएंगे, जिससे दर्शन व्यवस्था अधिक सुव्यवस्थित हो सके। इसके अतिरिक्त, 50 वाहनों की पार्किंग, दिव्यांगजनों के लिए अनुकूल रैंप और विशेष पत्थर मार्ग तैयार किए जाएंगे। रात के समय मंदिर परिसर की भव्यता बढ़ाने के लिए वॉर्म एम्बर थीम आधारित आकर्षक लाइटिंग की जाएगी।

# वैश्विक संकट से गहराया एलपीजी संकट

## एजेंसी पर सुबह से शाम लाइन में लगने के बाद भी नहीं मिल रहा भरा सिलेंडर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

वैश्विक संकट के चलते एलपीजी गैस का संकट गहराता जा रहा है। उज्जैन में उपभोक्ताओं को भरा सिलेंडर मिलना मुश्किल हो गया है। बुकिंग के बाद भी घरों तक सिलेंडर नहीं पहुंच रहे। मजबूरन लोगों को सुबह से शाम तक गैस एजेंसियों के बाहर लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है, फिर भी सिलेंडर नहीं मिल पा रहा। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि एक कनेक्शन पर 45 दिन बीत जाने के बाद भी भरा सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो रहा। बुकिंग नंबर लगने के बाद भी डिलीवरी नहीं हो रही। शहर की अधिकांश गैस एजेंसियों पर रोज सिलेंडर लेने वालों की भीड़ लगी रहती है। भीषण गर्मी में लोग घंटों लाइन में खड़े रहते हैं।



**बढ़ी परेशानी** –उपभोक्ताओं का कहना है कि काम-धंधा छोड़कर टंकी लेने एजेंसी जाना पड़ रहा है। पूरे दिन भीड़ लगी रहती है, फिर भी सिलेंडर नहीं मिलता। गर्मी में घंटों इंतजार के बाद खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

### काम-धंधा छोड़कर आ रहे उपभोक्ता

चिंतामन नगर निवासी दीपक मालवीय ने बताया कि नंबर लगने के बाद भी सिलेंडर घर नहीं पहुंचा तो खाली सिलेंडर लेकर एजेंसी गए। वहां कई घंटे लाइन में लगने के बाद भी भरा सिलेंडर नहीं मिला। अगले दिन फिर जाना पड़ा। इस कारण उन्हें काम-धंधे से 2 दिन की छुट्टी लेनी पड़ी। केडी गेट निवासी दिनेश कुमार नामक उपभोक्ता ने बताया कि सुबह 10 बजे एजेंसी पहुंचे थे, दोपहर 2 बजे तक भी सिलेंडर नहीं मिला। वहीं नानाखेड़ा निवासी लक्ष्मी नारायण का कहना है कि बुकिंग के बाद एजेंसी से कहा जा रहा है कि तीन से चार दिन बाद ही सिलेंडर मिल पाएगा।

### कब तक सुधरेंगे हालात?

जब तक ईरान-अमेरिका संघर्ष समाप्त नहीं होता तब तक ऊर्जा संकट जारी रहने की संभावना है। पेट्रोल और डीजल की सप्लाई चैन पर इसका प्रभाव बना रहेगा। सप्लाई चैन बहाल न होने पर दुनिया की प्रमुख महाशक्तियों को छोड़कर सभी देशों को ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ेगा। कई देशों ने इसके लिए वैकल्पिक ईंधन और विकल्पों की ओर रुख किया है। इसे वर्तमान संकट का एकमात्र प्रमुख समाधान माना जा रहा है

## रविवार को संपूर्ण शहर में जल प्रदाय नहीं होगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



गंभीर इंटेकवेल पर लगातार पावर कट होने के कारण दिनांक 23/05/26 वार शनिवार को एमपीईबी विभाग द्वारा गंभीर इंटेकवेल फीडर पर प्री मानसून का मेंटेनेंस कार्य करने हेतु शटडाउन लिया जा रहा है जिसके चलते दिनांक 24/05/26 वार रविवार को संपूर्ण शहर में जलप्रदाय नहीं होगा, जनता को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

## चौकीदार बना नीलगायों की मौत का जिम्मेदार

संभागीय मुख्यालय के जिले की नर्सरी में झटका करंट से दो नीलगायों की मौत की एक बरसी हो गई। इस पूरे मामले में वन्य जीवों की रक्षा करने वाले विभाग की भूमिका शुरू से ही संदिग्ध रही और उसका परिणाम भी सामने रहा है। नीलगायों की मौत के लिए बना पंचनामा और बाद में हुई जांच में एक मात्र चौकीदार को जिम्मेदार बना दिया गया। विभागीय अधिकारियों के साथ कथित रहम की स्थिति ने यहां अंजाम लिया और उसके तहत नर्सरी के जिम्मेदार निरीक्षक और उसी नर्सरी में जिला कार्यालय संचालित करने वाले प्रथम श्रेणी के अधिकारी को ऐसे ही तो नहीं बख्शा गया।




अधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारी को चौकीदार के माथे पर रखते हुए खुद के सिर के बोझ को उतारने में बडी ही तरकीब से काम लिया और उनकी इस जुगाड में तत्कालीन वन्य जीवों की रक्षा करने वाले विभाग के दुसरे नंबर के साहब की खासी भूमिका रही है। इन साहब ने नागपुर की टीम को भी चूना लगा दिया था । टीम ने उज्जैन आकर वन्य जीवों के अंगों की तस्करी करने वाले को दबोंचा था और यहां के जिम्मेदारों के सुपुर्द कर टीम रवाना हो गई थी। साहब के मामला हाथ में आते ही इन्होंने ऐसा प्रपंच रचा था कि आरोपी को जमानत ही मिल गई थी। दुसरे नंबर के साहब बडे खिलाडी थे। उनकी कार्यप्रणाली ही काफी सवालों से घिरी रही । यहां तक की विभाग के चेन लिंक की खरीदी में भी वे काफी कुछ कारनामें कर गए। खुसूर-फुसूर है कि जिले के ग्रामीण अंचल में सालों से कृषक नीलगायों के आतंक से परेशान हैं । अगर उनके हाथों कोई ऐसा मामला हो जाता तो वन्य जीवों की रक्षा करने वाले कर्ताधर्ता किसान के साथ ऐसा व्यवहार करते मानों उसने अक्षम्य अपराध कर दिया हो। पर बात तो सरकारी अधिकारी एवं निरीक्षक की थी तो बडे ही जुगाड के साथ ऐसा काम किया गया कि लाठी भी टूट गई और आवाज भी नहीं हुई। पूरे मामले का गुड कुल्हड में फोड लिया गया।

## उज्जैन के मंदिरों में अब श्रद्धालुओं को सिर्फ दर्शन ही नहीं अच्छा व्यवहार भी मिलेगा

# कर्मचारियों को देंगे विनम्रता की ट्रेनिंग

## हर बड़े मंदिर में कंट्रोल रूम बनेगा महाकाल कंट्रोल रूम से जुड़ेगी भीड़ की जानकारी

### मंगलनाथ, काल भैरव, गढ़कालिका, हरसिद्धि मंदिर में जूता स्टैंड छांव पेयजल सुविधा बढ़ेगी



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ और सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के बीच अब प्रशासन मंदिरों की व्यवस्थाओं को लेकर पूरी तरह एक्टिव हो गया है। बुधवार को कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिले के बड़े मंदिरों के प्रशासकों की बैठक लेकर साफ कहा कि श्रद्धालुओं को सिर्फ दर्शन ही नहीं, अच्छा व्यवहार और व्यवस्थित व्यवस्था भी मिलनी चाहिए। इसके लिए मंदिर कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी जाएगी ताकि वे श्रद्धालुओं से विनम्रता से पेश आएं। बैठक में सबसे ज्यादा जोर भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधा पर रहा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि हर बड़े मंदिर में कंट्रोल रूम बनाया जाए, ताकि भीड़ की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा सके।

सभी मंदिरों की जानकारी महाकाल मंदिर के कंट्रोल रूम से भी जुड़ी रहेगी। कलेक्टर ने साफ कहा कि मंदिरों में भीड़ का ह्यधक्का-मुक्की वाला माहौलह्ल नहीं बनना चाहिए। श्रद्धालुओं की लाइनें व्यवस्थित रहें, क्रास मूवमेंट न हो और किसी तरह की अफवाह फैलने से पहले ही पीए सिस्टम से सही जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि हर समय मंदिर में जिम्मेदार अधिकारी मौजूद रहे, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत फैसले लिए जा सकें। बैठक में मंदिरों की कमाई और खर्च का हिसाब-किताब भी चर्चा में रहा। कलेक्टर ने कहा कि मंदिरों के बैंक खातों में जो पैसा जमा है, उसका उपयोग श्रद्धालुओं की सुविधाएं बढ़ाने में किया जाए। अनावश्यक बैंक खाते खोलने से बचें और खर्च का रिकॉर्ड साफ-सुथरा रखें। मंगलनाथ मंदिर में सुबह ज्यादा भीड़ रहने पर वहां शीघ्र दर्शन काउंटर आगे लगाने और अलग होल्डिंग एरिया बनाने के निर्देश दिए गए। काल भैरव मंदिर में पेयजल और छांव बढ़ाने को कहा गया।

### त्यौहारों पर अलग व्यवस्था

गढ़कालिका मंदिर में त्योहार और सामान्य दिनों के लिए अलग व्यवस्था बनाने तथा हरसिद्धि मंदिर में अच्छे जूता स्टैंड और स्पष्ट संकेतक लगाने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रथम कौशिक, एल एन गर्ग सहित अन्य मंदिरों के अधिकारी मौजूद रहे।

### जानिये, मंदिरों में क्या-क्या बदलने वाला है

- हर बड़े मंदिर में कंट्रोल रूम बनेगा
- कर्मचारियों को व्यवहार की ट्रेनिंग मिलेगी
- धक्का-मुक्की रोकने नई व्यवस्था बनेगी
- जूता स्टैंड, पेयजल और छांव बढ़ाई जाएगी
- पीए सिस्टम से तुरंत सूचना दी जाएगी
- महाकाल कंट्रोल रूम से सभी मंदिर जुड़े रहेंगे



### नंदी हॉल का स्वरूप बदलेगा

उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर के नंदी हॉल का जल्द ही नया स्वरूप देखने को मिलेगा। मंदिर प्रशासन और उज्जैन विकास प्राधिकरण की मदद से करीब 20 लाख रुपए की लागत से नंदी हॉल का सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

## पूर्व विधायक मुरली मोरवाल की उपस्थिति में

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि की गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के पूर्व विधायक मुरली मोरवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में पूर्व विधायक मुरली मोरवाल एवं उपस्थित अन्य वरिष्ठ नेताओं व कार्यकताओं ने राजीव गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक श्री मुरली मोरवाल ने राजीव गांधी जी के जीवन और राष्ट्र के प्रति उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, राजीव जी एक दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने 21वीं सदी के आधुनिक भारत की नींव रखी। आज देश में जो कंप्यूटर, मोबाइल और डिजिटल क्रांति हम देख रहे हैं, वह उन्हीं की सोच का परिणाम है। उन्होंने युवाओं को 18 वर्ष में मतदान का अधिकार देकर देश की राजनीति में उनकी भागीदारी तय की। श्री मोरवाल ने आगे कहा कि पंचायती राज को मजबूत कर सत्ता को गांवों और गरीबों तक पहुंचाने का ऐतिहासिक काम भी राजीव गांधी जी ने ही किया था। देश की एकता और अखंडता के लिए दिया गया उनका सर्वोच्च बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा।

इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गजेन्द्र यादव, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामलाल माली, प्रवीण बिलाला, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मांगूसिंह राठौर, पार्षद पति फकिरमोहम्मद, पूर्व पार्षद शकिल एहमद, जितेन्द्र काला, पवन प्रजापत, सरपंच रामेश्वर बैरागी,राजकुमार नाहर, जनपद सदस्य राधेश्याम परमार, गुलाम हुसैन, वनिषराज कटारिया,सददाम हुसैन सहित आदि कांग्रेस उपस्थित हुए कार्यक्रम का संचालन पूर्व सेवादल अध्यक्ष मनोहरलाल शर्मा ने किया उक्त जानकारी पूर्व शहर यु. का. अध्यक्ष मुकेशसिंह देवड़ा ने दी।

## भस्म आरती में शामिल हुई भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भोजपुरी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री मोनालिसा गुरुवार तड़के श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन करने पहुंचीं। उन्होंने भस्म आरती में शामिल होकर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। भोजपुरी फिल्मों और टीवी की जानी-मानी अभिनेत्री मोनालिसा (अंतरा बिस्वास) तड़के करीब 3 बजे भस्म आरती में शामिल होने मंदिर पहुंचीं। उन्होंने करीब दो घंटे तक नंदी हॉल में बैठकर भगवान महाकाल की भस्म आरती देखी। इस दौरान वह भक्ति में लीन नजर आईं। आरती देखने के बाद उन्होंने नंदी जी का पूजन-अभिषेक किया और नंदी के कान में अपनी मनोकामना कही। इसके बाद चांदी द्वार से भगवान महाकाल को पुजारी के हाथों जल अर्पित कर आशीर्वाद लिया। आरती के पश्चात श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उनका स्वागत और सत्कार किया गया।

**आवश्यकता**

अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-

**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled

**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह

**राजेश राव हाण्डे- 9977588698**

Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

## समय का निवास माली के घर होना भी सुवृष्टि का शुभ संकेत

# नौतपा 25 से... ज्योतिष के अनुसार रोहिणी का समुद्र में निवास कराएगा उत्तम वृष्टि

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

25 मई से नौतपा की शुरूआत होगी। यह समय वर्षा ऋतु के चक्र का निर्धारण करता है। ज्योतिष के जानकारों के अनुसार इस बार रोहिणी का निवास समुद्र के घर होने से यह उत्तम वृष्टि के संकेत दे रहा है। वर्षा ऋतु में सुवृष्टि के लिए शुभलक्षणों में समय के निवास की भी स्थिति देखी जाती है। इस बार समय का निवास माली के घर होने को भी अच्छी बारिश से जोड़कर देखा जा रहा है।

ज्योतिषाचार्य पं.अमर डब्बावाला ने बताया मेदिनी ज्योतिष के अनुसार जलवायु में परिवर्तन का कारक सूर्य जब नक्षत्र विशेष में प्रवेश करता है, तो मौसम को प्रभावित करता है। पंचांग की गणना के अनुसार 25 मई को सूर्य का रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश होगा।

सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश को नौतपा कहा जाता है। क्योंकि सूर्य का रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश तो अधिकतम 14 दिन का रहता है, लेकिन बारिश का चक्र निर्मित करने के लिए प्रथम नौ दिन महत्वपूर्ण होते हैं। इन नौ दिनों में वर्षाऋतु के अगले चार माह की स्थिति कैसी रहेगी इसका निर्धारण हो जाता है। नवतपा के नौ दिन में मौसम की अलग-अलग प्रकार की स्थिति बनती है। इसमें तेज धूप, आंधी तूफान, बूंदा बांदी, तेज बारिश, कम बारिश होती है। नौ दिन में होने वाले मौसम के परिवर्तन से बारिश की स्थिति का पता लगाया जा सकता है।




### सूर्य की उपासना उत्तम

नौतपा के दौरान सूर्य की उपासना करना उत्तम होता है। इस दौरान सुबह स्नान करने के बाद तांबे के पात्र में जल लेकर उसमें लाल चंदन व लाल फूल डालकर सूर्यदेव को जल का अर्घ्य देना शुभ माना जाता है। इस दौरान आदित्य हृदय स्त्रोत का पाठ, जरूरतमंदों को दान-पुण्य, बड़े-बुजुर्गों की सेवा करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। इस दौरान जल, अन्न, वस्त्र, ऋतुफल, छाता, पादुका का दान करना पुण्यकारी होता है।

### वाष्पीकरण की प्रक्रिया तेज होगी

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार अतिवृष्टि, अल्प वृष्टि तथा खंड वृष्टि की स्थिति का पता लगाने के लिए रोहिणी व समय के निवास को देखा जाता है। इस बार रोहिणी का निवास समुद्र में है। समुद्र जल तत्व का प्रमुख केंद्र है, रोहिणी का निवास समुद्र में होने से नौतपा में वाष्पीकरण तेजी से होगा इससे बादल बनाने की प्रक्रिया तेज होगी जो बारिश कराएगी।

**समय का वाहन चातक, निवास माली के घर-** नौतपा में समय का निवास माली के घर होने का भी सुवृष्टि के लिए उत्तम माना जा रहा है। विशेष यह है कि इस बार समय का निवास चातक के घर होने से भी अच्छी बारिश व उत्तम खेती के योग बन रहे हैं।

### जितनी अधिक गर्मी होती है, मानसून के दौरान अच्छी वर्षा के संकेत

नौतपा के दौरान जितनी अधिक गर्मी होती है, मानसून के दौरान अच्छी वर्षा के संकेत बताया जाता है। सूर्य वृष राशि में होने पर सूर्य, चंद्र व मंगल कृतिका, रोहिणी और मृगशिरा नक्षत्र में प्रवेश करते हैं तो गर्मी और बढ़ जाती है। मौसम विभाग नौतपा के दौरान हीट वेव को लेकर चेतावनी जारी करता है। इस दौरान तापमान अक्सर 42-48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। गर्मी के साथ हवा में नमी की मात्रा अधिक होने से उमस भरी गर्मी का प्रभाव बढ़ जाता है। मई के अंत और जून के आरंभ में सूरज कर्क रेखा के ठीक ऊपर आ जाता है। इस समय उत्तरी गोलार्ध में सूर्य की किरणें सीधी पड़ती है। देश के मैदानी इलाकों पर सूरज की रोशनी सबसे ज्यादा पहुंचती है। दिन लंबे और रात छोटी होने के कारण जमीन पूरे दिन भारी मात्रा में गर्मी सोख लेती है। रात में गर्मी धीरे-धीरे निकलती है जिससे रातें भी गर्म रहती है। यही कारण है दिन की तुलना में रात का तापमान भी अधिक होने से गर्मी का एहसास होता है।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रशिक्षणार्थियों से चर्चा कर प्रमुख सचिव ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

इंदौर। तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के प्रमुख सचिव मनीष सिंह एवं कौशल विकास विभाग के संचालक वसंत कुर्रे ने गुरूवार को इंदौर के संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था परिसर में स्थित ड्राईवर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट का निरीक्षण किया। इस अवसर पर अतिरिक्त संचालक कौशल विकास डी. एस. ठाकुर और संयुक्त संचालक कौशल विकास इंदौर संभाग सतीश मोरे भी उपस्थित थे। प्रमुख सचिव मनीष सिंह द्वारा ड्राइविंग स्कूल के विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी ली गई। उन्होंने संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रशिक्षणरत ड्राइवर्स एवं पीएम कौशल विकास बैच की महिला प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण संबंधित चर्चा भी की। डीटीआई प्रभारी श्री निखिल पंडित द्वारा अधिकारियों को जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान संस्था की प्राचार्य रीना सोलंकी, प्राचार्य वर्ग 2 गौरव आर्य, संयुक्त संचालक कार्यालय से अधिकारीगण प्रिया बामने, सचिन अग्रवाल एवं संस्था से शरद शर्मा, महेश जारवाल, संजय कुमार जैन , गौरव सिंघल, अविनाश धाकड़े, सीताराम रावत एवं अन्य प्रशिक्षण अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### इंदौर में ब्रिक्स युवा परिषद उद्यमिता कार्य समूह की बैठक संपन्न

**इंदौर।** ब्रिक्स युवा परिषद उद्यमिता कार्य समूह की बैठक मध्य प्रदेश के इंदौर में दो दिनों तक चली चर्चाओं, सहयोगात्मक गतिविधियों और ज्ञान-साझाकरण सत्रों के बाद सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस बैठक का उद्देश्य ब्रिक्स देशों के बीच उद्यमिता सहयोग को मजबूत करना था। भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के युवा मामले विभाग द्वारा भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता 2026 के अंतर्गत आयोजित इस बैठक में केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया (वर्चुअल रूप से), युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री श्रीमती रक्षा निखिल खडसे, मध्य प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग, युवा मामले विभाग की सचिव डॉ. पल्लवी जैन गोविल, युवा मामले विभाग के अपर सचिव श्री नितेश कुमार मिश्रा, युवा मामले विभाग की निदेशक डॉ. सारा जयल सॉकमी, युवा मामले विभाग के उप सचिव श्री राजेश कुमार कनौजिया और ब्रिक्स देशों के वरिष्ठ अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे। समापन सत्र को संबोधित करते हुए युवा मामले विभाग के अपर सचिव श्री नितेश कुमार मिश्रा ने ब्रिक्स देशों में उद्यमशीलता इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए सामूहिक कार्रवाई के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ₹उद्यमिता कुछ ही लोगों का विशेषाधिकार नहीं है, यह एक ऐसा अधिकार है जिस तक हर युवा व्यक्ति की पहुंच होनी चाहिए, चाहे वह किसी भी भौगोलिक क्षेत्र, जेंडर या पृष्ठभूमि का हो। उन्होंने कहा कि युवा उद्यमियों द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियां, जिनमें पूंजी तक पहुंच, डिजिटल बुनियादी ढांचा, मार्गदर्शन और नियामक समर्थन शामिल हैं, ब्रिक्स देशों में साझा चिंताएं हैं और सतत साझेदारी एवं संवाद के माध्यम से सहयोगात्मक समाधान की आवश्यकता है।

### ट्रांस फैट उन्मूलन पर स्टेकहोल्डर ओरिएंटेशन कार्यक्रम संपन्न

इंदौर। इंदौर में खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग इंदौर के सहयोग से ट्रांस फैट उन्मूलन पर एक महत्वपूर्ण स्टेकहोल्डर ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। दीप प्रज्वलन जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. तरुण गुप्ता, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीष स्वामी, प्रयोगशाला प्रभारी विक्टर जोसेफ, फी२ङ्ग'पी की वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार (पोषण) डॉ. स्वाति भारद्वाज की ओर से डॉ. ज्योति बनावरी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। तकनीकी सलाहकार मिर्जा आदिल बेग भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में इंदौर के वरिष्ठ अधिकारियों सहित होटल एसोसिएशन, बेकरी एसोसिएशन, डेयरी, खाद्य प्रयोगशालाओं, छप्पन दुकान और सराफा एसोसिएशन से 40 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सत्रों को अत्यंत रोचक और सहभागी तरीके से संचालित किया गया, जिससे प्रतिभागियों ने ट्रांस फैट के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभावों, ऋरअकके नियमों और सुरक्षित तेल विकल्पों के बारे में गहरी समझ विकसित की। कार्यक्रम में होटल एसोसिएशन के सदस्यों के लिए एक विशेष पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

### समान नागरिक संहिता पर जनपरामर्श बैठक 23 को

इंदौर। मध्यप्रदेश शासन द्वारा समान नागरिक संहिता के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति की जनपरामर्श बैठक आगामी 23 मई 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे जाल सभागृह इंदौर में आयोजित की जाएगी। बैठक का उद्देश्य समान नागरिक संहिता से जुड़े विभिन्न सामाजिक, विधिक एवं प्रशासनिक पहलुओं पर जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों तथा विभिन्न वर्गों के सुझाव प्राप्त करना है। बैठक में समिति के सदस्य शत्रुघन सिंह (सेवानिवृत्त भा.प्र.से.), अनूप नायर (कानूनविद), गोपाल शर्मा (शिक्षाविद) और बुधपाल सिंह (सामाजिक कार्यकर्ता) मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा गठित यह समिति प्रदेश में समान नागरिक संहिता के विभिन्न आयामों का अध्ययन कर सुझाव प्रस्तुत करेगी।

# उजागर हुआ प्राचीन सतीगेट द्वार, पुरातत्व विभाग करेगा जांच

## उज्जैन में चौड़ीकरण कार्रवाई के दौरान सामने आई एतिहासिक धरोहर, नगर निगम करेगा इसे संरक्षित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए शहर में विकास और सड़क चौड़ीकरण के कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सतीगेट मार्ग चौड़ीकरण के दौरान एक प्राचीन धरोहर फिर सामने आई है। कार्रवाई के दौरान अतिप्राचीन सती माता मंदिर का एक और द्वार दिखाई दिया, जो वर्षों से एक निर्माण के भीतर दबा हुआ था। बताया जा रहा है कि सतीगेट के एक पिलर को पड़ोसी निर्माण में समेट लिया गया था और उसके सामने स्थायी दुकान संचालित की जा रही थी।

क्षेत्रीय पार्षद रजत मेहता ने बताया कि कंठाल से खड़े हनुमान मंदिर तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य लगातार जारी है। नगर निगम की टीम के साथ क्षेत्रवासी भी सहयोग कर रहे हैं। सतीगेट के दोनों ओर 11 फीट तक चौड़ीकरण का प्रस्ताव है, हालांकि अंतिम निर्णय अभी होना बाकी है। नए



द्वार के सामने आने से श्रद्धालुओं को मंदिर में आने-जाने में सुविधा होगी। पहले मंदिर तक पहुंचने के लिए एक ही रास्ता था और रस्सी की सहायता से ऊपर जाकर दर्शन करने पड़ते थे।

### परियोजना की जद में 500 से अधिक दुकानें और मकान आ रहे है

शनिवार को हुई एमआईसी बैठक में जल कार्य समिति प्रभारी प्रकाश शर्मा ने सतीगेट चौड़ीकरण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि मास्टर प्लान के अनुसार सड़क को सतीगेट के सेंटर से दोनों ओर 15 मीटर तक चौड़ा किया जाना चाहिए। अधिकारियों से प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया है। दरअसल, कोयला फाटक से छत्री चौक तक 15 मीटर चौड़ीकरण परियोजना के तहत सतीगेट क्षेत्र में तोड़फोड़ की कार्रवाई जारी है। इस परियोजना की जद में 500 से अधिक दुकानें और मकान आ रहे हैं। प्रभावित व्यापारियों और रहवासियों ने हाल ही में महापौर, निगम आयुक्त और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की थी। उनका कहना है कि जिन परिवारों ने 1930 के दशक में मार्ग चौड़ीकरण के लिए अपनी जमीन छोड़ी थी, आज सबसे अधिक नुकसान उन्हीं को उठाना पड़ रहा है।

### मूल स्वरूप में संरक्षित और विकसित किया जाए

महापौर मुकेश टटवाल ने बताया कि चौड़ीकरण कार्य के दौरान उज्जैन की एक ऐतिहासिक धरोहर पुनः सामने आई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्राचीन सतीगेट द्वार को उसके मूल स्वरूप में संरक्षित और विकसित किया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां शहर की ऐतिहासिक विरासत से परिचित हो सकें। पुरातत्व विभाग की टीम से भी संपर्क किया जा रहा है। विभाग यह अध्ययन करेगा कि मंदिर और द्वार कितना प्राचीन है, उसका ऐतिहासिक महत्व क्या है और नए द्वार का उपयोग किस प्रकार किया जाए, जिससे धरोहर का वैभव भी बना रहे और श्रद्धालुओं को सुविधा भी मिल सके।

**नीलगंगा सरोवर में साधु संतों का स्नान, 26 मई को मुख्यमंत्री मोहन यादव करेंगे पूजन**

# अधिकमास में रामघाट पर गंगा दशहरा की धूम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मोक्षदायिनी शिप्रा के रामघाट पर इनदिनों गंगा दशहरा की धूम है। अधिकमास कार्तन ससंयोग होने से देशभर से बड़ी संख्या में भक्त शिप्रा गंगा माता का पूजन व नारदीय संकीर्तन से हरि कथा को सुनने आ रहे हैं। ग्वालियर के योगेश पुरंदरे वंश परंपरा से भक्तों को कथा का श्रवण करा रहे हैं। 26 मई को गंगा दशहरा उत्सव मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मोक्षदायिनी शिप्रा को चुनरी अर्पण करेंगे।

तीर्थपुरोहित धर्माधिकारी पं.गौरव उपाध्याय ने बताया ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा से पूर्णिमा तक चलने वाले 15 दिवसीय गंगा दशहरा उत्सव की शुरूआत हो गई है। परंपरा अनुसार भागसीपुरा से गंगा माता की मूर्ति को शिप्रा के रामघाट पर आरती द्वार के समीप प्रतिष्ठित किया गया है। प्रतिदिन सुबह 8 बजे शिप्रा गंगा माता का पंचामृत अभिषेक पूजन किया जा रहा है। शाम को 6.30 बजे गोधूलि वेला में आरती के उपरांत शाम 7 बजे से



नारदीय संकीर्तन से हरि कथा का क्रम जारी है।

25 मई को सुबह रामघाट से शिप्रा परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ होगा। 26 मई को गंगा दशहरा पर दो दिवसीय यात्रा संध्याकाल रामघाट पर समापन होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शिप्रा गंगा माता का पंचामृत अभिषेक पूजन कर सौभाग्य सामग्री तथा 400 मीटर लंबी चुनरी अर्पित करेंगे। सांगीतिज्ञ संध्या का आयोजन भी होगा। 15 दिन चलने वाले गंगा दशहरा उत्सव का समापन 15 जून को ज्येष्ठ पूर्णिमा पर होगा।

### नीलगंगा सरोवर पर होगा साधु संतों का स्नान

गंगा दशहरा पर नीलगंगा चौराहा स्थित श्री नीलगंगा सरोवर में साधु संतों का स्नान होगा। इससे पूर्व सुबह सिंहस्थ की तरह साधु संतों की पेशवाई निकलेगी। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्रपुरी महाराज, महामंत्री हरि गिरि महाराज के साथ देशभर के नागा साधु सन्यासी शामिल होंगे। इस बार महामंडलेश्वर केकोआइकावा भी अपने सौ से अधिक जापानी शिष्यों के साथ शामिल होंगी। आयोजन को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। संतों के स्नान के लिए नीलगंगा सरोवर की सफाई की जा रही है। मान्यता है उज्जैन के नीलगंगा सरोवर पर माता गंगा ने शिप्रा स्नान किया था। धार्मिक दृष्टिकोण व स्नान की परंपरा से से यह स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# महू-नीमच हाईवे पर हादसा, ट्रक और बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत

## ट्रक में फंसे शव को मशक्कत के बाद निकाला गया



दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलिया मंडी

महू-नीमच हाईवे स्थित चौपाटी क्षेत्र में गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार खात्याखेड़ी निवासी राधेश्याम सैनी अपनी मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान चौपाटी क्षेत्र में सामने से आ रहे ट्रक से उनकी बाइक की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

# डीपी आभूषण लिमिटेड ने रिकॉर्ड वित्तीय प्रदर्शन की घोषणा की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

डी. पी. आभूषण लिमिटेड जो मध्य भारत में रिटेल गोल्ड(सोना) और डायमंड (हीरा) ज्वेलरी के सबसे भरोसेमंद नामों में से एक है, ने आज, 31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष के अपने वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं, जिसमें सभी प्रमुख मानकों पर एक ऐतिहासिक प्रदर्शन दर्ज किया गया है।

1 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही के लिए कंपनी ने 50.60 करोड़ का शुद्ध लाभ किया है। यह मुनाफे में उल्लेखनीय दोगुनी बढ़त है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की इसी तिमाही के 25.15 करोड़ की तुलना में लगभग 101.2% की वृद्धि को दर्शाता है। तिमाही के लिए कुल राजस्व बढ़कर 1,334.73 करोड़ हो गया, जो कि वर्ष 2024-25 के 717.24 करोड़ से 86.1% अधिक है। 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए शुद्ध लाभ लगभग 87.9% बढ़कर 211.84 करोड़ हो गया, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में यह 112.70 करोड़ था। यह 99 करोड़ से अधिक के अतिरिक्त लाभ को दर्शाता है, जो कंपनी की बेहतर होती परिचालन दक्षता और बढ़ते मार्जिन को रेखांकित करता है। कंपनी ने वर्ष 2025-26 में धार में एक नया शोरूम जोड़ा, जिससे मध्य भारत में इसके कुल शोरूम की संख्या बढ़कर 12 हो गई है।

कंपनी के निर्देशक अनिल कटारिया ने कहा यह वर्ष डी. पी. आभूषण लिमिटेड के लिए एक उत्कृष्ट वर्ष रहा है। एकल तिमाही में हमारे शुद्ध लाभ को दोगुना करना और वार्षिक पीएटी में लगभग 88% की वृद्धि दर्ज करना, हमारे ग्राहकों द्वारा हम पर जताएगए विश्वास और हमारी टीम के निरंतर प्रयासों का प्रमाण है।

# मुनिश्री विमलसागर एवं अनंत सागर महाराज के परम सान्निध्य में विनयांजलि सभा आज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

आज शुक्रवार को श्रुतमति-उपशममति माताजी की आक्समिक समाधी मरण पर भावपूर्ण विनयांजलि सभा उदय नगर जैन मंदिर परिसर में समाजिक सांसद के मिडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता राजेश जैन दद्दू ने बताया कि परम पूज्य मुनिश्री विमलसागरजी एवं अनंत सागरजी महाराज संसघ के सान्निध्य में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज की परम साधिका शिष्या एवं आचार्य श्री समयसागर महाराज की आज्ञानुवर्ती पूज्य आर्यिका 105 श्री श्रुतमति माताजी एवं 105 श्री उपशममति माताजी के आकस्मिक




समाधिस्थ होने पर भावपूर्ण विनयांजलि सभा का आयोजन शुक्रवार 22 मई 2026 को प्रातः 8 बजे से उदयनगर जैन मंदिर परिसर में श्री सर्वोदय धार्मिक पारमार्थिक ट्रस्ट उदय नगर जैन समाज एवं दिगंबर जैन समाज समाजिक सांसद के अध्यक्ष आनंद गोधा महामंत्री हर्ष जैन समस्त समाज जन से आह्वान करते हुए कहा कि श्री सकल दिगम्बर जैन समाज, इंदौर द्वारा आयोजित यह सभा परम पूज्य मुनिश्री विमल सागर जी महाराज एवं पूज्य अनंत सागर जी महाराज के परम सान्निध्य में उदयनगर जैन मंदिर में सम्पन्न होगी।

दद्दू ने बताया कि प्रातःकालीन शौच क्रिया से लौटते समय हुई इस दुःखद दुर्घटना ने पूरे संघ एवं श्रद्धालु समाज को स्तब्ध कर दिया है। तप, त्याग, संयम और साधना से अलंकृत दोनों आर्यिकाओं का जीवन सदैव समाज को धर्ममार्ग की प्रेरणा देता रहेगा। यह घटना आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की परंपरा ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण श्रमण संस्कृति एवं जैन समाज के लिए बहुत बड़ी क्षति है। दिगम्बर जैन समाज, समाजिक सांसद के प्रवक्ता राजेश जैन दद्दू ने समस्त जैन समाज से विनयांजलि सभा में सम्मिलित होकर श्रद्धासुमन अर्पित करने का आग्रह किया है।

# पटाखा लाइसेंस के मामले में नेताओं के सर्वाधिक जैक जरिए

## जिला प्रशासन की कार्यवाही में लगातार मिल रही अनियमितता

## शस्त्र लाइसेंस के लिए भी मंत्री की सिफारिश के बगैर फाइल आगे नहीं बढ़ती

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

देवास जिले में पटाखा फैक्ट्री में हुए दर्दनाक हादसे के बाद इंदौर जिला प्रशासन फिर एक बार सक्रिय हो गया है। दीवाली के पूर्व कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन पर चौतरफा कार्यवाही हुई थी। इसके बाद फिर प्रत्येक तहसील में कार्यवाही सम्पन्न की जा रही है जिले भर में संचालित पटाखा फैक्ट्रियों व गोदामों की जांच शुरू कर दी गई है। जिन फैक्ट्रियों में अब सुरक्षा मानकों की भारी अनियमितताएं मिल रही हैं, वे आखिर इतने वर्षों से किसके संरक्षण में संचालित हो रही थीं। पूर्व में हुई जांच के बाद भी उन्हें दोबारा किस की सिफारिश पर शुरू किया गया था।

हरदा की पटाखा फैक्ट्री में कुछ वर्ष पूर्व हुए हंसी के समय पटाखा फैक्ट्री और गोदाम की जांच कर कई लाइसेंस निरस्त किए गए थे और कुछ को बंद किया गया था। दीपावली के समय



हादसे की संभावना को देखते हुए भी जिला प्रशासन की टीम ने इसे नजरअंदाज किया। हर बार किसी बड़े हादसे के बाद ही प्रशासन की नींद खुलना व्यवस्था की सबसे बड़ी कमजोरी बन चुकी है। हादसे से पहले न तो नियमित निरीक्षण होते हैं और न ही सुरक्षा मानकों की गंभीरता से जांच की जाती है। जब कहीं विस्फोट या जनहानि होती है, तब पूरा अमला सक्रिय नजर आने लगता है और कार्रवाई शुरू होती है। यही स्थिति इस बार भी देखने को मिल रही है।

देवास जिले के टॉक खुर्द में हुई घटना के बाद भीषण गर्मी और संभावित हादसों को देखते हुए कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्रों में पटाखा गोदामों और फैक्ट्रियों की जांच करने में जुट गए हैं। कलेक्टर का कहना है कि सुरक्षा नियमों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, लेकिन अब यह सवाल उठ रहा है कि यदि इतनी गंभीर कमियां थीं तो पहले कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

### हादसे के बाद सिफारिश करने वाले सामने नहीं आते

कई बार नियमों को नजरअंदाज कर केवल प्रभाव और पहुंच के आधार पर अनुमति दिला दी जाती है। ऐसे में यदि किसी फैक्ट्री में अनियमितताएं पाई जाती हैं या हादसा होता है, तो केवल संचालकों पर कार्रवाई पर्याप्त नहीं मानी जा सकती। हादसे के बाद सिफारिश करने वाले सामने नहीं आते हैं। प्रशासन को ऐसी स्थिति में सिर्फ फैक्ट्री या गौदाम सिल कर संचालक पर ही कारवाई नहीं करना चाहिए। जिन नेताओं या प्रभावशाली लोगों की सिफारिश पर ऐसे लाइसेंस जारी हुए, उनकी जि मेदारी भी तय की जानी आवश्यक है।

यदि किसी जनप्रतिनिधि या राजनीतिक व्यक्ति ने सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर दबाव बनाकर लाइसेंस दिलवाया है, तो उन्हें भी जवाबदेह बनाया जाना चाहिए। जब तक राजनीतिक संरक्षण और प्रशासनिक ढिलाई पर अंकुश नहीं लगेगा, तब तक ऐसे हादसे रुकना मुश्किल हैं। केवल हादसे के बाद कार्रवाई करना समाधान नहीं है। जरूरत इस बात की है कि नियमित निरीक्षण, पारदर्शी लाइसेंस प्रक्रिया और जिम्मेदारी करने की मजबूत व्यवस्था बनाई जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

### विस्फोटक सामग्री के भंडारण में नियमों का पालन नहीं किया जा रहा

महूं अनुभाग में एसडीएम और एसडीओपी द्वारा किए गए संयुक्त निरीक्षण के दौरान तीन पटाखा फैक्ट्रियों को तत्काल प्रभाव से सील किया गया। इनमें लक्ष्मी फायर वर्क एंडइंडस्ट्री, दतोदा, सतनाम फायर वर्क, सिमरोल और फटका मैन्युफैक्चरिंग, घोसीखेड़ा शामिल हैं। निरीक्षण में सामने आया कि इन इकाइयों में शासन द्वारा तय सुरक्षा मापदंडों का पालन नहीं किया जा रहा था। कई जगह निर्माण नियमों की अनदेखी मिली, जबकि मजदूरों की सुरक्षा के ।भी पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। फैक्ट्रियों में अग्निशमन व्यवस्था अधूरी थी, विस्फोटक सामग्री के भंडारण में नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था और सुरक्षा दूरी संबंधी मानकों की भी अनदेखी की गई थी। एसडीएम ने संबंधित इकाइयों को सील कर दिया है। इसी में तरह राऊ तहसील में एसडीएम गौपाल वर्मा और तहसीलदार सत्येंद्र प्रताप सिंह गुर्जर ने पिगडंबर क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए तीन फर्मों अनियमितताएं पकड़ी।

उन्होंने बताया कि सुंदरम फायर के संचालक जितेश बागेचा, सतनाम फायर के संचालक रमेशचंद्र माखीजा और नरेश माखीजा तथा रवि फायर के संचालक सुरेश फेरवानी के प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की गई है। यहां दुकानों और गोदामों को सील किया गया। लगातार सामने आ रही अनियमितता को देखते हुए प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। पटाखा फैक्ट्रियों और गोदामों को लाइसेंस मिलने के पीछे अक्सर राजनीतिक दबाव और नेताओं की सिफारिशें अहम भूमिका निभाती हैं।

प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले निशानेबाजो को भी लाइसेंस के लिए पड़ती है। सिफारिश की जरूरत जिले में सिर्फ पटाखा फैक्ट्री और गोदाम लाइसेंस के लिए सिफारिश जरूरी है बल्कि शस्त्र लाइसेंस के लिए भी सत्ता रूढ़ दल से जुड़े जनप्रतिनिधि और मंत्री की सिफारिश के बगैर फाइल आगे नहीं बढ़ती है।

## न्यूज कालम



### आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 210 पेटी अवैध शराब जब्त

**आलीराजपुर।** कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी आर. एस. रॉय. के मार्गदर्शन में जिले में आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 210 पेटी अवैध मदिरा जब्त की है। जब्त की गई शराब की कुल मात्रा लगभग 2160 बल्क लीटर बताई गई है, जिसकी अनुमानित कीमत 7 लाख 51 हजार 920 रुपए आंकी गई है। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर आबकारी विभाग की टीम ने वृत्त जोबट अंतर्गत ग्राम देहदला के अजनार फलिया स्थित एक मकान पर दबिश दी, जहां बड़ी मात्रा में अवैध शराब छुपाकर रखी गई थी। कार्रवाई के दौरान मौके से आरोपी अनिल पिता वेस्ता फरार हो गया। उसके विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी विभाग द्वारा मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) एवं 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। यह पूरी कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी जी.एस.रावत के नेतृत्व में संपन्न हुई। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक श्री गंभीर सिंह वास्कले, श्री जयश्री त्रिपाठी, श्री मोहित बिरला सहित विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

### पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की मनाई पुण्यतिथि



**जावरा ।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जावरा द्वारा आज प्रदेश कांग्रेस महासचिव मोहम्मद यूसुफ कडपा के कार्यालय पर मनाई गई। इस मोके पर कांग्रेस जनों ने बताया कि राजीव गाँधी 21 मई 1991 मे लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए कोयंबटूर गए थे वहां पर उनकी हत्या कर दी गई थी। गांधी के समय देश में कई विकास के कार्य हुए। और उन्हीं के द्वारा टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नई क्रांति लाई गई तथा पंचायती राज की स्थापना की गई तथा १८ वर्ष की आयु के व्यक्ति को मताधिकार का अधिकार उन्ही के द्वारा दिलाया गया । जिनकी पुण्यतिथि पर उनको कांग्रेस जन द्वारा श्रद्धांसुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुशील कोचट्टा, प्रदेश कांग्रेस महासचिव पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद यूसुफ कडपा, कांग्रेस नेता डॉक्टर एच एस राठौर,पूर्व जनपद अध्यक्ष हिम्मत श्रीमाल, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष हीरालाल मेहता, महेंद्र गंगवाल, राजेंद्र कल्याणे, मोहन सैनी, नगर पालिका चेयरमैन मोहम्मद मुस्तकीम मंसूरी, लोकेश विजवा, नईम भाटी, मुस्ताक जीजा, आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे ।

### स्वदेशी दृष्टि, वैश्विक स्वर :भारतीय मीडिया का नया युग रहेगा

**बड़वानी।** प्रेस क्लब बड़वानी एवं विश्व संवाद केंद्र जिला बड़वानी के संयुक्त तत्वावधान में आदि पत्रकार महर्षि नारद जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य मीडिया संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रेस क्लब की साधारण सभा की बैठक भी आयोजित की जाएगी। यह समस्त कार्यक्रम आगामी 24 मई, दिन रविवार को प्रसिद्ध जैन तीर्थ बावनगजा में संपन्न होगा। प्रेस क्लब के अध्यक्ष पंकज शुक्ला, सचिव विजय निकुम एवं कोषाध्यक्ष जितेंद्र भावसार ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार प्रातः 10 बजे होगा। देवर्षि नारद जयंती के उपलक्ष्य मे आयोजित संगोष्ठी मे मुख्य वक्ता श्री जितेंद्र सिंह चौहान संपादकः दैनिक समाचार पत्र "पत्रिका", खण्डवा रहेंगे एवं उनके द्वारा *स्वदेशी दृष्टि, वैश्विक स्वरःभारतीय मीडिया का नया युग विषय पर विचार प्रबोधन किया जायेगा। संगोष्ठी में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारतीय मूल्यों, संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना के साथ पत्रकारिता की भूमिका और महर्षि नारद के संदेशों पर प्रबुद्ध जनों एवं वरिष्ठ पत्रकारों द्वारा विस्तार से विचार व्यक्त किए जाएंगे।नारद जयंती कार्यक्रम एवं संगोष्ठी के मुख्य सत्र के समापन के पश्चात सभी उपस्थित जनों के लिए सहभोज का आयोजन किया जाएगा। सहभोज के उपरांत दोपहर सत्र में प्रेस क्लब बड़वानी की साधारण सभा की विशेष बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें क्लब की आगामी कार्ययोजनाओं एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।

### महादेव नगर और नरसिंहपुरा में हाईमास्ट लाइट चालू

**मंदसौर।** नपा परिषद द्वारा शहर के दो प्रमुख चौराहों को अंधेरे से मुक्ति दिलाते हुए हाईमास्ट लाइट की सौगात दी गई है। वार्ड क्र. 22 के महादेव नगर तिराहा और वार्ड क्र. 36 के नरसिंहपुरा सोसायटी चौराहा पर नपा द्वारा ये हाईमास्ट लाइटें लगाई गई हैं। इन दोनों स्थानों पर नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने विद्युत स्विच दबाकर हाईमास्ट लाइट का विधिवत लोकार्पण किया। उल्लेखनीय है कि पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था न होने के कारण ये दोनों क्षेत्र पिछले कई वर्षों से रात के समय अंधेरे में डूबे रहते थे। क्षेत्रीय पार्षदों की मांग को पूरा किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों ने नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर का पुष्पहारों से भव्य स्वागत किया। इस मौके पर पार्षदगण, पार्षद प्रतिनिधि, भाजपा नेता, क्षेत्रीय नागरिक एवं नपा कर्मचारी उपस्थित थे।

### डीएलएड में प्रवेश हेतु आनलाईन पंजीयन प्रारंभ

**बड़वानी ।** डीएलएड पाठ्यक्रम सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु आवेदको का ऑनलाईन पंजीयन ( रजिस्ट्रेशन ) प्रक्रिया 29 मई तक चलेगा । जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बड़वानी के प्राचार्य से प्राप्त जानकारी अनुसार शासकीय जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान बड़वानी एवं जिले के अन्य अशासकीय महाविद्यालयो में डीएलएड प्रवेश प्रक्रिया एमपी आनलाईन के माध्यम से प्रारंभ हो चुकी है।

# कलेक्टर ने इंडेन कंपनी सेल्स ऑफिसर और गैस एजेंसी संचालकों की ली बैठक

## सिलेंडरों की कालाबजारी को रोकने के लिए कलेक्टर ने दिए निरीक्षण के निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



जिले में गैस सिलेंडरों की लगातार शिकायत मिलने पर कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कक्ष में इंडेन कंपनी सेल्स ऑफिसर श्री सुनील योगी और गैस एजेंसी संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई। उन्होंने जिले में कमर्शियल एवं घरेलू सिलेंडरों के स्टॉक की उपलब्धता की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी गैस एजेंसी संचालकों से चर्चा कर उन्हें यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिए गए है कि एलपीजी की आपूर्ति और विपणन नियमानुसार उपभोक्ताओं को की जाए।

उन्होंने आगे कहा कि गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी को रोकने के उद्देश्य सभी राजस्व अधिकारियों को सिलेंडर गोदामों के निरीक्षण कर स्टॉक जांच कर उनका भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि वितरक स्तर पर एलपीजी सिलेंडर की कोई जमाखोरी और कालाबाजारी की स्थिति पाए जाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने सभी गैस एजेंसी वितरकों को निर्देशित किया कि जिले में एलपीजी गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो,किसी भी प्रकार की अव्यवस्था ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जाएं।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती संघमित्रा गौतम, संयुक्त कलेक्टर श्री मनोज गरवाल, नायब तहसीलदार सुश्री मंजू डावर, फूड इंस्पेक्टर सहित जिले के गैस एजेंसी संचालक उपस्थित रहे।

# त्रिवेणी संगम पर पूजा अर्चना कर जल गंगा संवर्धन की बनाई योजना

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत मन कामनेश्वर महादेव मंदिर पर बैठक सम्पन्न हुई। जिसमे जन अभियान परिषद के आव्हान पर जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम आयोजित करने पर करते हुऐ निर्णय लिए गए।

नंवाकुर समिति अटल ग्राम विकास सामाजिक संगठन द्वारा मनकामनेश्वर मन्दिर मिण्डा जी रिंगनोद सेक्टर की बैठक आयोजित की गई।बैठक ब्लॉक समन्वयक युवराज सिंह पंवार ने ली। गत माह के कार्यों की समीक्षा कर आने वाले कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की।

जिनमें गंगा दशमी पर कलश यात्रा, जल स्त्रोतों की स्वच्छता, दीप प्रज्वलन और भजन कीर्तन साथ ही जल गंगा संवर्धन के द्वितीय चरण के कार्य तालाब गहरी करण,नदी गहरीकरण, जलस्त्रोत की स्वच्छता आदि पर भी मार्गदर्शन दिया गया।

बैठक में अटल ग्राम के अध्यक्ष अभय कोठारी ने २५ मई गंगा दशहरे पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी एवं कलश यात्रा एवं अन्य कार्यक्रम निम्न स्थानो पर होगे जिसमें गोठडा ,गोंदी शंकर ,कांकरवा बालाजी , एवं रिंगनोद में होगे। इस अवसर पर चंबल, मलेनी, पिंगला नदी के त्रिवेणी संगम स्थल पर नदी का पूजन किया गया। नदी घाट पर श्रमदान , एवं जल संरक्षण की शपथ ली गई। संगम स्थल पर स्थित ऐतिहासिक मंदिर मे भगवान मनकामनेश्वर की महाआरती करते हुऐ भगवान् भोलेनाथ से क्षेत्र मे पर्याप्त वर्षा एवं क्षेत्रवासियों के सुख सम्पत्ति एवं निरोगी जीवन की प्रार्थना की।

जन अभियान परिषद के विकास खण्ड समन्वयक युवराज सिंह पंवार,अटल ग्राम कोठारी नवांकुर प्रस्फुटन समिति के सदस्य जगदीश उपमन्यु, समाज सेवी वीरेंद्र सिंह चौहान, परामर्शदाता बबलू बैरागी , ,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कांकरवा के अध्यक्ष रामगोपाल विश्वकर्मा ,मेंहदी के अध्यक्ष संग्राम सिंह भाटी, गोंदी शंकर समिति के आशीष जोशी , दीपक त्रिवेदी ,कमल पांचाल, उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी के बीच नेपा लिमिटेड में अग्नि दुर्घटना

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर



भीषण गर्मी और अत्यधिक तापमान के बीच बुधवार को भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के उपक्रम नेपा लिमिटेड में अग्नि दुर्घटना हो गई। पेपर मशीन की डीसीएस यूनिट में अचानक आग भड़कने से मिल परिसर में हड़कंप मच गया। हालांकि, राहत की बात यह रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

प्रारंभिक स्तर पर आग लगने का संभावित कारण अत्यधिक तापमान एवं शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रबंधन द्वारा तत्काल उच्चस्तरीय जांच समिति का गठन किया गया है। यह समिति आग लगने के वास्तविक कारणों एवं क्षति के स्तर की विस्तृत जांच करेगी।

घटना की सूचना मिलते ही विभागाध्यक्ष सुरक्षा एवं अग्नि संजय पवार के नेतृत्व में मिल की दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर फायर फाइटिंग अभियान शुरू कर दिया। नगर पालिका परिषद नेपानगर का दमकल भी सहायता एवं राहत कार्य के लिए तुरंत मौके पर मौजूद रहा। नेपा टीम ने सामूहिक साहस, तत्परता एवं बहादुरी का परिचय देते हुए आग पर शीघ्र नियंत्रण पा लिया।

मुख्य महाप्रबंधक एवं कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि अथवा किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि दोनों पेपर मशीनें पूरी तरह सुरक्षित एवं यथावत हैं। आग से केवल डीसीएस के कुछ पैनल प्रभावित हुए हैं। क्षति का विस्तृत आकलन जांच समिति द्वारा किया जा रहा है। मिल को पुनः सामान्य स्थिति में लाने के लिए त्वरित कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। नेपा लिमिटेड प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया है कि संस्थान शीघ्र ही इस चुनौती से उबरकर नियमित न्यूजप्रिंट पेपर उत्पादन पुनः प्रारंभ करेगा।

# अंजड़ में सांसद पटेल ने हर ग्राम एक काम अभियान के लिए कॉलेज के साथ किया एमओयू

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ अंजड़

खरगौन-बड़वानी लोकसभा सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने गुरुवार को नगर के स्वामी अमूतानंद शासकीय महाविद्यालय पहुंचकर एक महत्वपूर्ण पहल की शुरूआत की। सांसद ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमेश काकेश्वर के साथ "हर ग्राम एक काम" अभियान को लेकर एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने बताया कि उन्होंने 16 फरवरी को अपने जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पूरे जिले में "हर ग्राम एक काम" अभियान की शुरूआत की थी। इस अभियान का उद्देश्य जिले में अध्ययनरत विद्यार्थियों को जमीनी स्तर पर गांवों के विकास से सीधे जोड़ना है। सांसद पटेल ने जानकारी दी कि इस अभियान के तहत महाविद्यालय के विद्यार्थी अपने-अपने गांवों में जाकर विकास कार्यों का चिन्हांकन और सर्वे करेंगे। विद्यार्थी ऑनलाइन फॉर्मेट के माध्यम से यह दर्ज करेंगे कि गांव में पहले क्या काम हो चुके हैं, वर्तमान में किन कार्यों की आवश्यकता है और भविष्य में क्या किया जा सकता है। उन्होंने कहा, "इसमें सरकारी, प्राइवेट, सामाजिक और धार्मिक, हर प्रकार के महत्वपूर्ण कार्य शामिल होंगे। जो काम जरूरी हैं उन्हें पूरा कराना और जो हो चुके हैं उनकी जानकारी देना, यही इस अभियान का मूल है।" सांसद ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में इसके सकारात्मक परिणाम सभी को देखने को मिलेंगे। उन्होंने महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं से इस अभियान से जुड़ने का आवाहन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमेश काकेश्वर ने बताया कि "हर ग्राम एक काम" सांसद अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सक्रिय एवं संगठित सहभागिता सुनिश्चित करना है। इसके साथ ही चयनित ग्रामों को अध्ययन, सर्वेक्षण एवं शोध हेतु "दत्तक ग्राम" के रूप में विकसित किया जाएगा।

# बुरहानपुर ने रचा इतिहासः ऑल इज वेल हॉस्पिटल में पहला सफल किडनी प्रत्यारोपण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



शहर बुरहानपुर ने चिकित्सा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यहां के ऑल इज वेल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में पहला सफल किडनी प्रत्यारोपण संपन्न हुआ। इस उपलब्धि के साथ ही बुरहानपुर उन्नत चिकित्सा सेवाओं के नए केंद्र के रूप में उभरा है। अब निमाड़ और खानदेश क्षेत्र के मरीजों को अंग प्रत्यारोपण के लिए इंदौर, मुंबई या पुणे जैसे महानगरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

यह जटिल लेप्रोस्कोपिक सर्जरी 15 मई 2026 को की गई। मरीज 22 वर्षीय प्रांजल, नेपानगर के केरपानी गांव का निवासी है। किडनी फेल होने के बाद वह कई महीनों से डायलिसिस पर था और बुरहानपुर, नागपुर व वर्धा में इलाज के विकल्प खत्म हो चुके थे। उसकी मां, आशा कार्यकर्ता श्रीमती रजनी कटेकर ने बेटे को नया जीवन देने के लिए अपनी किडनी दान की। स्ह्ञ्ज्ञ्जह्न मध्यप्रदेश से अनुमोदन के बाद यह जीवित संबंधित दाता प्रत्यारोपण किया गया।

**संयुक्त टीम ने रचा इतिहास**

ऑल इज वेल हॉस्पिटल एवं शाल्बी हॉस्पिटल, इंदौर की संयुक्त टीम ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। टीम में यूरो-सर्जन डॉ. प्रशांत खैरनार, डॉ. पृथ्वीराज गोमसाले, नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. प्रांजल काशीव एवं डॉ. माधुर मनियार तथा एनेस्थेसियोलॉजिस्ट डॉ. हितेशी बैस शामिल थे। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार डोनर और रिसीवर दोनों की हालत स्थिर है और वे तेजी से स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं।

**दशकों की निर्भरता खत्म**

दशकों से अर्ध-शहरी मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के मरीजों को ट्रांसप्लांट के लिए महानगरों की दौड़ लगानी पड़ती थी। इससे उन पर भारी आर्थिक और भावनात्मक बोझ पड़ता था। यह सर्जरी साबित करती है कि विश्वस्तरीय सुविधा अब स्थानीय स्तर पर भी संभव है।

संस्थापक अध्यक्ष आनंद प्रकाश चौकसे ने कहा, "यह केवल शल्य-चिकित्सा उपलब्धि नहीं है, यह प्रमाण है कि विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवा देश के हर जिले तक पहुंच सकती है। बुरहानपुर के मरीज को वही देखभाल मिलनी चाहिए जो मुंबई में मिलती है। आज हमने यह सिद्ध कर दिया।"

प्रबंध निदेशक कबीर चौकसे ने कहा, "हमारी टीम के समर्पण से यह संभव हुआ। यह शुरूआत है। हमारा लक्ष्य अंग प्रत्यारोपण को निमाड़ क्षेत्र के लिए सुलभ और नियमित सेवा बनाना है।"

**3 महीने की तैयारी**

इस प्रक्रिया से पहले तीन महीने तक कठोर मूल्यांकन, परामर्श और कानूनी अनुमतियां ली गईं। यह काम नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. माधुर मनियार और ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर श्रीमती प्रीति खैरनार के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यकारी निदेशक श्रीमती देवांशी चौकसे ने पूरे समय परिवार को प्रत्यक्ष सहयोग दिया। गौरतलब है कि ऑल इज वेल हॉस्पिटल निमाड़ क्षेत्र में पहले ही एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, ओपन-हार्ट सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, ब्रेन सर्जरी और कैंसर सर्जरी जैसी उन्नत प्रक्रियाएं शुरू कर चुका है। किडनी प्रत्यारोपण के साथ ही अस्पताल अब मध्य भारत में सुपर-स्पेशलिटी एवं ट्रांसप्लांट रेफरल सेंटर बन गया है।

# एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला 26 मई को

**उज्जैन।** प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी कि मध्यप्रदेश शासन के युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र व शासकीय आई. टी. आई संस्थान के तत्वावधान में 26 मई को प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मक्सी रोड ब्रिज के नीचे उज्जैन में एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा।उक्त रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कंपनियां जैसे- न्यू जील फैशन वियर प्राइवेट लिमिटेड बदनावर, आइसेक्ट लिमिटेड, एसबीआई लाइफ उज्जैन, भारतीय जीवन बीमा निगम उज्जैन, स्वतंत्र माइक्रोफिन प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन, आदित्य बिड़ला इनश्योरेंश उज्जैन, टी. एस.सी.एफ.एम. सेज फाउंडेशन इन्दौर, प्रतिभा स्वराज प्रा.लि. उज्जैन, क्रेडिटएक्सेस ग्रामीण प्राइवेट लिमिटेड, पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड, इन्दौर, बेस्ट लाइफस्टाइल अपैरल प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन, यूनिक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, जबलपुर, कृषि दर्पण एग्रो प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन, विजय एग्रो वायो केयार प्रा. लि. भोपाल आदि के लगभग 200 से अधिक विभिन्न पदों जैसे- सेल्स एक्जिकिटीव, टेक्नीशियन, ट्रेनर, सैल्स, टिम लिडर, बैक आफिस, सुरक्षा गार्ड, ऑपरेटर, हेल्पर, ऑफिस वॉय आदि पदों के लिए आकर्षक वेतन पर रोजगार प्रदान करने हेतु कंपनियों के प्रतिनिधि आवेदकों के साक्षात्कार लेकर प्रारम्भिक रूप से चयन करेंगे। महिला हेल्पर, ऑपरेटर के लिए विशेष भर्ती के अवसर है।

# निर्माणाधीन कार्यों के लिए एडवांस में प्लानिंग कर कार्य की गति बढ़ाए - कलेक्टर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन




कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने मंगलवार को सिंहस्थ 2028 के लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से प्रचलित निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान विभागों के माध्यम से कार्य प्रगति की जानकारी दी गई।

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि प्रचलित निर्माण कार्य के दौरान संबंधित अधिकारी कार्यों के लिए एडवांस प्लानिंग तैयार रखकर कार्य जारी रखें। जिससे किसी भी स्तर पर कार्य में विलंब नहीं होगा। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सीवरेज और हरियाखेड़ी परियोजना से जुड़े अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि शहर में चल रहे मार्ग चौड़ीकरण के कार्य के दौरान पाइपलाइन के कारण कहीं भी कार्य अवरुद्ध ना हो। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा भी मौजूद रहे। सिंहस्थ 2028 के विश्व स्तरीय आयोजन की तैयारी को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न विकास कार्यों के साथ मार्ग चौड़ीकरण के कार्य प्रचलित है।

मंगलवार को नगर निगम और उज्जैन विकास प्राधिकरण के माध्यम से प्रचलित निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जहां सड़क निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है वहां फिनिशिंग और सौंदर्यीकरण का कार्य करें कलेक्टर श्री सिंह ने समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश दिए कि कोयला फाटक मार्ग चौड़ीकरण का कार्य जहां पूर्ण हो चुका है वहां फिनिशिंग का कार्य पूर्ण करें। इसी तरह अन्य मार्गों पर भी कार्य पूर्ण होने के बाद मार्ग सौंदर्यीकरण के लिए फिनिशिंग कार्य सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में सती गेट क्षेत्र, ढ़ाबा रोड़ से श्री सत्यनारायण मंदिर तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य की प्रगति की जानकारी लेकर कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों के साथ ही पाइप लाइन और मार्ग के दोनों साईड नाली निर्माण का कार्य प्राथमिकता से किया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि कार्य के दौरान छोटी-छोटी समस्याओं के लिए फिल्ड के अधिकारी वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराएं एवं स्वीकृति लेकर कार्य की प्रगति जारी रखें।

# राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन



देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि पर उज्जैन में कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान केंद्र सरकार को महंगाई और पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर घेरा गया। कार्यक्रम का आयोजन जीवाजीगंज ब्लॉक एवं कांग्रेस कमेटी द्वारा पिपली नाका स्थित राजीव गांधी की प्रतिमा पर किया गया। नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर पूर्व प्रधानमंत्री को याद किया। इस अवसर पर विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी और वरिष्ठ नेता मनोहर बैरागी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाया कार्यक्रम में वक्ताओं ने राजीव गांधी के राजनीतिक और सामाजिक योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने देश में सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार क्रांति की मजबूत नींव रखी। साथ ही पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।कांग्रेस नेताओं ने उनकी कार्यशैली, सरलता और युवाओं के लिए उनकी सोच को प्रेरणादायक बताया। इस दौरान नेताओं ने बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल के दामों और आम जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कार्यक्रम में नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रवि राय, कांग्रेस पार्षद, ब्लॉक अध्यक्ष और अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# डाकघर में आधार नामांकन एवं अपडेट हेतु विशेष अभियान का आयोजन

**बड़वानी।** समस्त आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि 23 मई को सुबह 8 बजे से सायं 6 बजे तक डाकघर में आधार नामांकन एवं अपडेट हेतु विशेष अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष अभियान के अंतर्गत आधार इनरोलमेंट एवं अपडेशन का कार्य भारत सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क पर किया जायेगा । इसके साथ ही बच्चो के नये आधार एवं मेन्डेट्रि बायोमेट्रिक अपडेशन का कार्य निःशुल्क किया जायेगा । अभियान के दौरान संबंधित डाकघरों में अतिरिक्त व्यवस्थाएं की गई हैं ताकि अधिक से अधिक नागरिकों को शीघ्र एवं सुगम सेवा प्रदान की जा सके। नागरिकों से अनुरोध है कि २३ मई को नये आधार एवं मेन्डेट्रि बायोमेट्रिक अपडेशन के विशेष अभियान हेतु 22 मई से डाकघर में टोकन प्रदान किए जायेंगे । अतः समस्त नागरिकों से अपील है कि वे 23 मई को सुबह 8 बजे से सायं 6 बजे तक डाकघर में पहुंचकर इस विशेष अभियान का अधिकतम लाभ उठाएं।

## न्यूज -कॉलम

### मोबाइल चलाने से मना करने पर बालक ने छोड़ा था घर



**उज्जैन।** बड़नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले 11 साल के बालक गुरूवार को परिजनों से मोबाइल चलाने से मना किया तो वह नाराज होकर घर से चला गया। कहीं नहीं मिलने पर पिता विनोद पाल ने मामले की जानकारी थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार को दी। थाना प्रभारी ने बालक की तलाश के लिये टीम को अलर्ट किया और रेलवे-बस स्टेंड पर सर्चिंग शुरू कराई। पता चला कि बालक उज्जैन की बस में बैठाकर गया है। बड़नगर पुलिस ने उज्जैन पुलिस और सायबर टीम से संपर्क कर बालक की तलाश शुरू कराई। बालक देवासगेट बस स्टेंड से रेलवे स्टेशन और वहां से भोपाल की ओर जाने वाली मालवा एक्सप्रेस में सवार होना सामने आया। बालक को दस्तयाब करने के लिये शाजापुर, शुलाजपुर और भोपाल रेलवे पुलिस को सूचना दी गई। रेल्वे पुलिस की तत्परता से शुजालपुर में एसआई संदीप कपूर के माध्यम से दस्तयाब कर लिया गया। जहां से बालक को बड़नगर लाया गया। पूछताछ में बालक ने मोबाइल चलाने पर मां द्वारा बार बार डांटने की बात से नाराज होकर घर छोड़ने की बात कहीं। थाना प्रभारी पाटीदार ने समझाईश के बाद बालक को परिजनों के सुपुर्द किया।

### मान के कार्यक्रम में गये युवक का फोड़ा सिर

**उज्जैन।** ग्राम नागपुरा का रहने वाला बादल पिता भगवानसिंह 23 साल रिश्तेदारी में आयोजित मान के कार्यक्रम में शामिल होने के लिये उन्हेल के ग्राम हापाखेड़ा गया था। जहां सुरेश और महेश भी आये हुये थे। दोनों से बादल का 2 माह पहले विवाद हुआ था। भोजन के दौरान के आमने-सामने बैठने की बात पर विवाद हो गया और सुरेश, महेश ने पत्थर से बादल का सिर फोड दिया। बीच बचाव में कमल पिता लक्खा बंजारा आया तो उसके साथ भी मारपीट की। मामले में उन्हेल थाना पुलिस ने घायलों की शिकायत पर मारपीट करने वाले दोनों युवकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर बादल को सिर में लगी गंभीर चोंट के चलते उपचार के लिये उज्जैन चरक अस्पताल भेजा।

### दूसरी पत्नी के पुत्र ने साथियों के साथ मिलकर मारा चाकू

**उज्जैन।** शांतिनगर में रहने वाला मुकेश पिता रामचंद्र माली 35 साल मजदूरी करता है। उसने पिंकी नामक महिला से दूसरी शादी कर रखी है। वह भी शांतिनगर में रहती है। बीती शाम मुकेश घर लौटा तो दूसरी पत्नी ने घर खर्च के रूपये मांगे। दोनों के बीच विवाद हो गया। इसी बीच पिंकी का पुत्र प्रिंस प्रजापत अपने 2 साथियों के साथ आया और मां से विवाद कर रहे मुकेश को देख चाकू मार दिये और जान से मारने की धमकी दी। नीलगंगा थाना एसआई वेदप्रकाश साहू ने बताया कि घायल की सूचना चरक अस्पताल से मिलने पर बयान दर्ज कर प्रिंस के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश की जा रही है।

### युवक पर ईट से हमला कर ट्रेक्टर में की गई तोडफोड

**उज्जैन।** ग्राम रोहिडा का रहने वाला अर्जुन पिता रामलाल जाटवा ट्रेक्टर-ट्राली में गेहूं भरकर ग्राम बलाईखेडा वेयर हाऊस गया था। जहां ट्रेक्टर-ट्राली की कतार लगी थी। उसने अपना ट्रेक्टर भी लाईन में खडा कर दिया। उसी दौरान प्रभु बंजारा वहां आया और कहा कि मेरे घर के सामने से ट्रेक्टर-ट्राली हटा। अर्जुन ने वेयर हाऊस पर आने की बात कही तो प्रभु बंजारा ने विवाद करते हुए ईंट से हमला कर दिया। यहीं नहीं ट्रेक्टर में तोडफोड कर नुकसान किया। मामले में महिदपुर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### सास ने डंडे से मारा तो बहू ने खा लिया जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** बडनगर तहसील के ग्राम पडूनिया में रहने वाली सपना परमार 25 साल का बुधवार-गुरूवार रात पति गोकुल से विवाद हो गया। पति मजदूरी कर लौटा था, दोनों के बीच हो रहे विवाद की आवाज सुनकर गोकुल की मां सागरबाई उनके कमरे में पहुंची, जहां सागरबाई ने पुत्र से विवाद कर रही बहू को डंडे से पीट दिया। इसी बात से नाराज होकर सपना ने गेहूं में रखने वाला जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी हालत बिगडने पर उसे परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां से डॉक्टरों ने उज्जैन रैफर कर दिया। पुलिस सपना के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू करेगी। फिलहाल सपना की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 1556-2 | 130-4 |
| मेन बाजार | 569-0 | |
| कल्याण नाइट | 450-9 | 348-5 |
| मिलन डे | 159-5 | 279-8 |
| मिलन नाइट | 125-8 | 580-3 |
| मधुर डे | 180-9 | 490-3 |
| मधुर नाइट | 156-2 | 330-6 |
| शुभांक | 2 | 4 7 |

कैमरे में कैद हुई वारदात,पुलिस ने शुरू की तलाश....

# सांदीपनी आश्रम में महिलाओं ने चुराई सोने की चेन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

84 महादेव मंदिरों में शामिल एक महादेव का मंदिर सांदीपनी आश्रम में बना हुआ है। जहां दर्शन के दौरान महिला श्रद्धालु के गले से सोने की चेन चोरी हो गई। आश्रम में लगे कैमरे देखने पर वारदात करते 3 महिला दिखाई दी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर तीनों की तलाश शुरू की है।

कानीपुरा मार्ग नागेश्वरधाम कालोनी में रहने वाली श्यामली पति जितेन्द्र अग्रवाल बुधवार को 84 महादेव मंदिर के दर्शन पर निकली थी। इस दौरान वह सांदीपनी आश्रम में महादेव मंदिर पहुंची। जहां दर्शन के बाद बाहर आई तो उनके गले से सवा तोला वजनी पुश्तैनी चेन गायब थी। पहले चेन की तलाश आश्रम परिसर और महादेव मंदिर के आसपास की गई, लेकिन नहीं मिली। श्रद्धालु महिला ने अपने देवर मनीष अग्रवाल को चेन गायब होने की जानकरी दी। मनीष सांदीपनी आश्रम पहुंचा और वहां लगे सीसीटीवी कैमरों को आश्रम प्रबंधन के माध्यम से चैक कराये। जिसमें तीन महिलाये वारदात को अंजाम देती दिखाई दी। चेन चोरी होने की शिकायत जीवाजीगंज थाना पुलिस को दर्ज कराई गई। थाना प्रभारी प्रतिक शर्मा ने बताया कि फुटेज के आधार पर तीनों महिलाओं की तलाश शुरू की गई है।

### गर्दन पर दुपट्टे का पल्लू रख की वारदात

बताया जा रहा है कि सीसीटीवी कैमरे में वारदात करने वाली तीनों महिला श्रद्धालुओं की भी? में श्यामली अग्रवाल के पीछे तक महादेव मंदिर पहुंची थी। एक महिला ने पिंक साड़ी और दूसरी ने पीली साडी पहनी थी। तीसरी महिला सूट पहने थी और चश्मा लगा रखा था। उसने नीला स्क्रॉल डाल रखा था। जिसे श्यामली अग्रवाल की गर्दन पर अपना दुपट्टा रखा और ब?ी सफाई के साथ चेन तो?कर चोरी कर ली। वारदात के बाद तीनों तेजी से आश्रम के बाहर निकल गई। पुलिस फुटेज समाने आने के बाद तीनों महिलाओं के भागने वाले रास्ते को ट्रेस कर रही है।

### पहले भी मंदिरों में हो चुकी है वारदात

सांदीपनी आश्रम में हुई चेन चोरी की वारदात से पहले शहर में बडे धार्मिक आयोजनों के दौरान महाकाल मंदिर, मंगलनाथ मंदिर, गढकालिका मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर महिला श्रद्धालुओं के साथ चेन चोरी की वारदाते सामने आ चुकी है। हर बार भीड़ के बीच वारदात करने वाली महिलाएं ही सामने आई है। पूर्व में महाकाल मंदिर में हुई वारदातों के मामले में आरोपित महिलाओं को पकडा भी जा चुका है। लेकिन अन्य मंदिरों में वारदात करने वाली महिलाओं का पता नहीं चल पाया था।

### वारदात करने बाहर से आती महिलाएं

पूर्व में हो चुकी वारदातों के दौरान चेन चुराने वाली कुछ महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। जो अन्य प्रदेशों से आना सामने आई थी। ऐसी वारदातों करने वाली महिला श्रद्धालु बनकर भीड के बीच पहुंचती है। जिनकी संख्या 3 से 4 के लगभग होती है। वारदात करने वाली महिला चुराई चेन, मंगलसूत्र तुरंत अपने साथ आई महिलाओं को सौंप देती है जो भीड के बीच बाहर निकल जाती है।

# शादी का झांसा देकर मुंबई की युवती से दुष्कर्म

## बड़नगर पुलिस ने 24 घंटे में पकड़ा आरोपी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



मुम्बई की रहने वाली युवती रात 2 बजे बड़नगर थाने पहुंची और बताया कि उसके साथ शादी का झांसा देकर युवक ने दुष्कर्म किया है। मामला संगीन होने पर रात में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया और 24 घंटे में आरोपी को गुरूवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि मंगलवार-बुधवार रात 2 बजे के लगभग मुम्बई के दादार स्थित हॉस्टल में रहने वाली 21 वर्षीय युवती ने थाने आकर मौखिक शिकायत दर्ज कराई कि उसको शादी का झांसा देकर विकास उर्फ अंकित पिता जगदीश शर्मा ने बुलाया था। वह बड़नगर आई तो उसके साथ एक मकान में गलत काम किया गया। विकास दोबारा शराब पीकर आया और जबदस्ती दुष्कर्म किया। मामला गंभीर होने पर युवती की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया और विकास शर्मा की तलाश शुरू की गई।

इस दौरान सामने आया कि विकास शर्मा मूलरूप से उज्जैन स्थित ग्यास का बाड़ा क्षेत्र का रहने वाला है और बड़नगर में बैंड बजाने का काम करता है। थाना प्रभारी ने उसकी गिरफ्तारी के लिये एसआई हेमन्त कटारे, विकास देवड़ा, चांदनी पाटीदार, प्रधान आरक्षक हेमराज खरे, राहुलसिंह राठौर, आरक्षक मनोहर मोहरी, नारायण सरा, कैलाश गरवाल, और सैनिक भुपेन्द्रदास की टीम बनाई। टीम ने उज्जैन और बड़नगर में तलाश करते हुए 24 घंटे में विकास शर्मा को हिरासत में ले लिया। जिसे गुरूवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### इंस्टाग्राम पर विकास से हुई थी दोस्ती

मुम्बई की युवती ने बताया कि वह माता-पिता से अलग हॉस्टल में रहती है। 15 दिन पहले इंस्टाग्राम पर विकास से दोस्ती हुई थी। कुछ दिन बातचीत हुई। विकास ने कहा कि शादी करना चाहता है। वह मिलने के लिये मुम्बई से इंदौर आई। जहां से विकास ने बड़नगर बुला लिया था। थाना प्रभारी के अनुसार विकास बैंड बजाने का काम करता है, बड़नगर में एक मकान किराये से ले रखा है। जहां बैंड बजाने वालों को रात में ठहराया जाता है। वर्तमान में शादी के मुहूर्त नहीं होने पर उक्त मकान खाली है। जहां युवती का शोषण किया गया।

बदमिजाज जनसंपर्क कर्मी बोराया...

# चोरों की तरह दैनिक अवन्तिका प्रेस में घुसा कपिल मिश्रा

## बगैर किसी अनुमति के अवैध रूप से निजी क्षेत्र में विडियोग्राफी करते पकडा गया





कपिल मिश्रा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

जनसंपर्क कर्मी कपिल मिश्रा एक बार फिर बौराया है। बदमिजाजी के लिए इसके ही कार्यालय में पंजीबद्ध शिकायतों का आरोपित गुरूवार देर शाम चोरों की भांति दैनिक अवंतिका प्रेस में घुस आया। बगैर किसी आदेश के अवैध रूप से निजी क्षेत्र में विडियोग्राफी करते पकडा गया है। इसके साथ आए एक प्रशासकीय अधिकारी ने भी इसे कहा कि लिखित सूचना के उपरांत ही ऐसा किया जाना था।

गुरूवार देर शाम सियासती षडयंत्र के तहत जनसंपर्क कर्मी कपिल मिश्रा दैनिक अवंतिका के कार्यालय की और से घुसते हुए निजी आवासीय परिसर में होता हुआ प्रेस परिसर तक बगैर अनुमति के अवैध रूप से निजी क्षेत्र की विडियोग्राफी करवा रहा था। ये अपने साथ गलत जानकारी देकर एक प्रशासकीय अधिकारी एवं एक विद्युत कंपनी के अधिकारी को भी लाया था । गौरतलब है कि संपूर्ण भवन में तीन अलग-अलग भाग हैं। इसमें एक भाग आवासीय स्थिति है। एक भाग में दैनिक अवंतिका कार्यालय, एक भाग में आवासीय परिसर, एक भाग में मुद्रणालय और प्रसार से संबंधित कार्य किए जाते हैं। बगैर अनुमति और सूचना के आया जनसंपर्क कर्मी मिश्रा आपराधिक तरीके से निजी क्षेत्र में विडियोग्राफी करते कर्मचारियों की सूचना पर संपादक संदीप मेहता द्वारा पकडा गया। इससे सवाल किया गया तो यह अन्यानेक प्रकार की बातें करते हुए पीआईबी की सूचना का उल्लेख करने लगा साथ ही जानकारियों की बात कहने लगा। इस पर श्री मेहता ने इसे लिखित रूप से सूचित करने एवं अनुमति लेकर निजी क्षेत्र में प्रवेश एवं विडियोग्राफी का कहा तो यह निरूत्तर हो गया। साथ आए प्रशासकीय अधिकारी ने इसके गैर जिम्मेदार तरीके की स्थिति को भांपते हुए इस दौरान कहा कि वैधानिक तरीका सूचना एवं लिखित रूप से अवगत करवाकर आना ही है। इसी का पालन किया जाना चाहिए था। इसके बाद सभी वहां से रवाना हो गए। इससे पूर्व यह प्रसार जांच के नाम पर दैनिक अवंतिका के इंगोरिया एवं उन्हेंल के वरिष्ठ पत्रकारों के साथ अभ्रदता एवं बर्गलाने का काम कर चुका है।

# 18 बच्चों ने टेलिस्कोप से देखा चंद्रमा-बृहस्पती ग्रह

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



सात दिवसीय आकाशीय अवलोकन शिविर के प्रथम दिन गुरूवार को 18 बच्चों ने टेलिस्कोप से चंद्रमा-बृहस्पती ग्रह के साथ उपग्रहों को देखा। दोनों ग्रह एक जैसे दिखाई दे रहे थे। जिसका अंतर वेधशाला अधीक्षक द्वारा समझाया गया।

शासकीय जीवाजी वेधशाला अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र कुमार गुप्त ने बताया कि वर्तमान में सूर्यास्त के बाद आकाश में पश्चिम दिशा में लट्टू की तरह चमकदार शुक्र ग्रह को देखा जा रहा है। आकाश में लगभग 60 अंश पर चमकदार बृहस्पति ग्रह भी दिखाई दे रहा है। जिसके अवलोकन और खगोलीय पिंडों में रूची रखने वालों के लिये 21 से 28 मई तक ग्रीष्मकालीन आकाशीय अवलोकन शिविर की शुरूआत की गई है। गुरूवार को प्रथम दिन 18 लोग आकाशीय ग्रहों का अवलोकन करने पहुंचे थे। इस दौरान 8 इंच व्यास के टेलिस्कोप से सभी को चंद्रमा, बृहस्पती के साथ उपग्रहो का नजारा दिखाया गया। बच्चों ने करीब से चंद्रमा और बृहस्पती ग्रह को देखा तो दोनों एक जैसे दिखाई दिये। जिसके चलते उन्होने उत्सुकता से दोनों ग्रहों के बारे में जानकारी ली। वेधशाला अधीक्षक ने दोनों की सतह के माध्यम से अलग-अलग होना बताया। बच्चों ने चमकदार ग्रह शुक्र को भी टेलिस्कोप के माध्यम से काफी करीब देखा। करीब 2 घंटे तक शिविर में वेधशाला पर्यवेक्षक दीपक गुप्ता द्वारा ग्रहों को देखने वाले प्रतिभागियों को जानकारी दी। ग्रहों के अवलोकन का शुल्क 20 रूपये प्रति प्रतिभागी रखा गया है। वहीं 10 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों को अवलोकन कराया जा रहा है।

### गरोठ-उज्जैन रोड पर चलती कार में लगी आग

**उज्जैन।** गरोठ-उज्जैन मार्ग पर गुरूवार रात चलती कार में आग लगी गई। गनीमत रही कि चालक ने धुआं निकलने और बदबू आने पर ब्रेक लगा दिये, जिसके चलते उसकी जान बच गई। ग्राम धतरावदा का रहने वाला असीम पटेल कार क्रमांक एमपी 13 एएफ 3290 से गरोठ-उज्जैन मार्ग से अपने गांव की ओर जा रहा था। उसी दौरान बदूब आने लगी। असीम ने कार रोका, लेकिन उसमें से धुआं निकलने लगा। वह नीचे उतारा और बोनट खोलकर देखने का प्रयास करने लगा, तभी अचानक आग की तेज लपट निकली। असीम ने भाग कर खुद की जान बचाई, लेकिन कार को लपटो ने पूरी तरह से अपनी चपेट में ले लिया।


### जाहिर सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती ममता उपाध्याय पति स्व. श्री नरेन्द्र उपाध्याय निवासी 18, कहारवाड़ी रामघाट मार्ग, उज्जैन में मुझे यह जाहिर सूचना देने हेतु अधिकृत किया है। मेरी पक्षकारा श्रीमती ममता उपाध्याय पति स्व. श्री नरेन्द्र उपाध्याय के नाम से शहर उज्जैन में संपत्तियां स्थित है, जिनमें एक मकान जो 18, कहारवाड़ी रामघाट मार्ग, उज्जैन एवं दूसरा मकान भवन क्रं. 2/2, कहारवाड़ी रामघाट मार्ग, उज्जैन में स्थित है। उपरोक्त दोनों मकानों की स्वामी, मालिक एवं अधिपतिधारी मेरी पक्षकारा श्रीमती ममता उपाध्याय पति स्व. श्री नरेन्द्र उपाध्याय है, इसके अलावा अन्य कोई भी उपरोक्त संपत्तियों का मालिक एवं स्वामी नहीं है। मेरी पक्षकारा को यह भी ज्ञात हुआ है कि मेरी पक्षकारा के काका ससुर जितेन्द्र उपाध्याय पिता गणपतलालजी उपाध्याय निवासी -म.नं. 60 गणेश निवास हरसिद्धि मंदिर के पास, उज्जैन उपरोक्त संपत्तियों पर येन-केन-प्रकारेण अपना स्वत्व बता रहे हैं, जबकि मेरी पक्षकारा के अलावा किसी भी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित व अधिकार नहीं है। मेरी पक्षकारा को यह भी ज्ञात हुआ है कि जितेन्द्र उपाध्याय पिता गणपतलालजी उपाध्याय संपत्तियों के संबंध में कूटरचित दस्तावेज तैयार करने के लिये निम्न स्तर तक जा सकते हैं एवं कूटरचित दस्तावेज करवाकर उपरोक्त संपत्तियों के संबंध में विक्रय अनुबंध पत्र भी संपादित करवा सकते हैं। मेरी पक्षकारा के अलावा किसी व्यक्ति, से 1 मकान जो 18, कहारवाड़ी रामघाट मार्ग, उज्जैन, 2- मकान - भवन क्रं.2/2, कहारवाड़ी रामघाट मार्ग, उज्जैन के संबंध में किसी प्रकार का अनुबंध पत्र, विक्रय, रहन नामा आदि के संबंध में जितेन्द्र उपाध्याय से किसी भी प्रकार का कोई व्यवहार, सौदा नहीं करें क्योंकि उपरोक्त मकानों में जितेन्द्र उपाध्याय का कोई हक, हिस्सा व अधिकार निहित नहीं है। अन्यथा अनुबंध करने या संव्यवहार करने वाला व्यक्ति जितेन्द्र उपाध्याय स्वयं जिम्मेदार, होंगे, किसी ने जितेन्द्र उपाध्याय से संव्यहार किया तो मेरी पक्षकारा के द्वारा उन लोगों के विरूद्ध सक्षम वैधानिक कार्यवाही की जावेगी, जितेन्द्र उपाध्याय एवं उनके परिवार के लोगों से मेरी पक्षकारा के द्वारा अब किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं रहा है तथा सभी पारिवारिक संबंध समाप्त कर लिये हैं और मेरी पक्षकारा जितेन्द्र उपाध्याय के द्वारा की गई अवैध कार्यवाही के लिये किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं रहेगी। सो सूचित होवे।

इति दिनांक 21.05.2026

**महेश श्रीवास्तव, एडवोकेट**
**कार्यालय - 113, सांई विहार कॉलोनी**
**देवास रोड, उज्जैन मो. 9893355673**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी 01-श्रीमती कैलाबाई पति स्व. भेरूलाल, 02-आशा कुंवर पुत्री स्व. भेरूलाल एवं 03-लाखन पिता स्व. भेरूलाल, तीनो भूमि स्वामी-ग्राम सुतारखेडा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म. प्र.) के पृथक एवं संयुक्त मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-128/3/2 (स) रकबा 0.5500 हेक्टर, 128/4/2 (स) रकबा 0.0350 हेक्टर, 128/2/2 (स) रकबा 0.2000 हेक्टर एवं 128/2/1 (स) रकबा 1.0000 हेक्टर, कुल किता 04 कुल रकबा 1.7850 हेक्टर ग्राम सुतारखेडा, प. ह. नं.-12 तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण को क्रय करने सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हों। इति दिनांक-21.05.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-ए-1 भरतपुरी काम्पलेक्स,**
**देवास रोड उज्जैन मो. 94259-46659**

### जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती अनिता पाटीदार पति श्री दिलीप पाटीदार एवं दिलीप पाटीदार पिता श्री छगनलाल पाटीदार निवासी-134, अमरनाथ एवेन्यु उज्जैन से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की तल मंजिल की एक दुकान जो कि, भवन क्रमांक 84/2 का भाग एवं 84/2/1 का भाग जिसका कुल क्षेत्रफल 60.94 वर्गमीटर एवं भवन क्रमांक 84/2 एवं 84/2 का भाग एवं 84/2/1 की तल मंजिल जीने वाला भाग एवं तल के ऊपर की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मंजिल जिसका कुल क्षेत्रफल 87.88 वर्गमीटर मय जमीन, तला एवं हवाई हक सहित स्थित विक्रम मार्ग, शहीद पार्क फ्रीगंज, उज्जैन (म.प्र.) जिसके पूर्व में- 40.00 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम में-भार्गव साहब का मकान, उत्तर में- भवन अन्य का एवं दक्षिण में- मकान श्रीमती शकुंतला पति श्री शशिकांतजी का है, को क्रय करने का अनुबंध कर बयाना राशि का भुगतान कर दिया है, यदि उक्त भवन को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात् कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी ।

सो सूचित हो। दिनांक 21.05.2026

**विवेक गुप्ता, एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.**
**मो. 98272-28461**

## सत्य की दो दिशाएं



मनुष्य का ज्ञान निरंतर विकसित होता रहता है। एक समय था, जब वैज्ञानिक अणु को पदार्थ का अंतिम तत्व मानते थे, बाद में परमाणु की खोज हुई और अणु की अवधारणा अधूरी सिद्ध हुई। फिर परमाणु भी अंतिम सत्य नहीं रहा। विज्ञान की यात्रा आज भी जारी है और आगे भी रहेगी। यही कारण है कि आज के वैज्ञानिक सिद्धांत कल बदल सकते हैं। भौतिक विज्ञान का स्वभाव ही विश्लेषणात्मक है। वह हर स्थापित सत्य को परखता है, तोड़ता है और उसके स्थान पर एक नया निष्कर्ष प्रस्तुत करता है। निर्माण और विनाश की इसी प्रक्रिया से विज्ञान आगे बढ़ता है। अध्यात्म का मार्ग इससे भिन्न है। भौतिक विज्ञान जहां विश्लेषण करता है, आध्यात्मिक दर्शन समन्वय व एकत्व की ओर ले जाता है। विज्ञान में एक वैज्ञानिक दूसरे के सिद्धांत को गलत सिद्ध कर सकता है, परंतु अध्यात्म में अनुभूतियां परस्पर विरोध नहीं करतीं; वे एक-दूसरे को और अधिक प्रकाशित करती हैं। एक साधक का अनुभव दूसरे साधक की अनुभूति को नष्ट नहीं करता, बल्कि उसमें नई गहराई जोड़ देता है। यही भौतिक व आध्यात्मिक दृष्टि का मूल अंतर है। आध्यात्मिक दर्शन का उद्देश्य केवल बहस नहीं, बल्कि अनुभव है। यह मनुष्य को साधना के जरिये एकत्व की ओर ले जाता है। इसलिए आध्यात्मिक पथ के साधक दूसरों के अनुभवों को नष्ट करने का प्रयास नहीं करते। वे अपने अनुभवों को जोड़कर सत्य की ज्योति को और अधिक उज्ज्वल बनाते हैं। पदार्थ और ऊर्जा के संबंध को गहराई से समझने की आवश्यकता है। पदार्थ को अंतिम सत्य मानना भूल है। वास्तव में, पदार्थ ऊर्जा का ही सघन रूप है। आधुनिक विज्ञान भी यही स्वीकार करता है कि पदार्थ ह्यबंद ऊर्जाह्ण के अतिरिक्त कुछ नहीं। इसलिए पदार्थ को समझने के लिए ऊर्जा की प्रकृति को समझना आवश्यक है। जो व्यक्ति ऊर्जा और पदार्थ के संबंध को समझ लेता है, वही विज्ञान का सही उपयोग कर सकता है। ऐसे लोग वैज्ञानिक कहलाते हैं। वहीं, जो व्यक्ति ऊर्जा की सत्ता को समझकर उसके पीछे विद्यमान चेतना की अनुभूति करता है, वही वास्तविक साधक है। भारतीय तांत्रिक परंपरा में ऐसे साधकों को शक्तोपासक या महाकौल कहा गया है। वे केवल ऊर्जा को नहीं, बल्कि उस चेतना को भी स्वीकार करते हैं, जिसके आधार पर ऊर्जा सक्रिय है। आज अनेक लोग यह मान लेते हैं कि संसार ऊर्जा व पदार्थ का ही खेल है और चेतना का स्वतंत्र अस्तित्व नहीं। यह दृष्टि अधूरी है। यदि ऊर्जा सक्रिय है, तो उसके पीछे कोई चेतन सत्ता भी अवश्य है। भारतीय दर्शन उस चेतना को शिव कहता है। ऊर्जा के सूक्ष्म कण उसी चेतना की गोद में नृत्य कर रहे हैं। इस प्रकार, विज्ञान और अध्यात्म विरोधी नहीं, बल्कि सत्य की दो दिशाएं हैं।

सम्पादकीय

## जरूरी अदालती आदेश

आवारा कुत्तों के मुद्दे पर अपने पुराने आदेश में किसी किस्म की रियायत देने से इनकार कर-के सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि इंसानी जान के लिए खतरा पैदा करने वाली स्थितियों से वह आंखें नहीं फेर सकता। निस्संदेह, अदालत का यह रुख स्वागत-योग्य है। न्यायमूर्ति विक्रमनाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने नवंबर में पारित आदेश को न सिर्फ बहाल रखा, बल्कि भारतीय पशु कल्याण बोर्ड की मानक कार्य-प्रणाली को चुनौती देने वाली तमाम याचिकाओं को भी खारिज कर दिया। अदालत ने उचित ही कहा है कि गरिमा के साथ जीने के अधिकार में यह हक भी शामिल है कि व्यक्ति कुत्तों के हमलों के भय के बिना जी सके। राज्य मूक तमाशाई नहीं बना रह सकता और अदालत इस कटु हकीकत से आंखें नहीं मूंद सकती कि बच्चे, बुजुर्ग और विदेशी सैलानी आवारा कुत्तों के शिकार हुए हैं। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की सख्ती का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि उसने पागल, लाइलाज बीमारी वाले खूंखार कुत्तों के लिए जहरीले इंजेक्शन के इस्तेमाल की भी इजाजत दे दी है। जाहिर है, पशुप्रेमियों को इस फैसले से कुछ चोट पहुंची होगी, मगर जिस संख्या में आवारा कुत्ते महानगरों और कस्बों में लोगों को घायल करने लगे हैं, उसमें राज्य का हस्तक्षेप अब लाजिमी हो गया है।

नवंबर के अपने आदेश में शीर्ष अदालत ने राज्य सरकारों व केंद्रशासित प्रदेशों के प्रशासन से कहा था कि आवारा कुत्तों की आबादी को नियंत्रित करने के लिए उनकी नसबंदी व टीकाकरण के काम बढ़ाए जाएं, इसके बाद बेशक उन्हें उन्हीं इलाकों में छोड़ा जा सकता है। आदेश में खूंखार व रेबीज संक्रमित कुत्तों के लिए शेल्टर होम बनाने की हिदायत भी शामिल थी। यही नहीं, स्थानीय प्रशासन से आवारा कुत्तों के लिए विशेष ह्यफीडिंग जोनह्ण बनाने के साथ-साथ नागरिकों से भी यह अपेक्षा की गई थी कि वे सार्वजनिक जगहों पर आवारा कुत्तों को भोजन नहीं देंगे। इसी तरह, स्कूल-कॉलेजों, अस्पतालों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों व खेल परिसरों आदि से कुत्तों को हटाने के आदेश भी उसने दिए थे। अब मंगलवार को अदालत ने एक बार फिर साफ किया है कि जो भी संबंधित अधिकारी ताजा आदेश का पालन नहीं करेगा, उसके विरुद्ध अदालत की अवमानना और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

### विरासत की स्मृतियों का पुर्नजागरण

## हिन्दुत्व की ओर लौटता - पाकिस्तान



अरविन्द रावल
(दैनिक अवन्तिका)

भारत और पाकिस्तान के संबंधों की चर्चा होते ही सामान्यतः कट्टरता, आतंकवाद, धार्मिक उन्माद और वैचारिक टकराव की छवि सामने आती है। पाकिस्तान को लंबे समय तक एक ऐसे राष्ट्र के रूप में देखा गया, जिसने अपनी पहचान भारत विरोध और कट्टर इस्लामी राजनीति के आधार पर निर्मित करने का प्रयास किया। ऐसे वातावरण में यदि पाकिस्तान के भीतर अपनी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित करने की पहल दिखाई दे, तो यह स्वाभाविक रूप से आश्चर्य का विषय बन जाता है। बकौल, यह जानकर भारत में रह रहे तथाकथित कुछ भारत विरोधी मुस्लिम कट्टरपंथियों और ताकतों के लिए यह बड़ी हैरान कर देने वाली बात होगी कि भारत को अपना कट्टर दुश्मन समझने वाले पड़ोसी मुस्लिम बहुल पाकिस्तान में इस्लामिक सरकार, सेना के बड़े बड़े हुक्मरानों और इस्लाम के नाम पर खुद को खुदा समझने वाले आतंकी जहर फैलाने वाले कट्टरपंथी मौलानाओं के सामने सरेआम पाकिस्तान का एक हिस्सा अब अपनी प्राचीन सांस्कृतिक जड़ों की ओर लौटने का प्रयास कर रहा है, तो यह बात कई लोगों को आश्चर्यचकित कर सकती है। विशेष रूप से उन लोगों के लिए, जो भारत और पाकिस्तान के संबंधों को केवल धार्मिक कट्टरता के चश्मे से देखते हैं।

पाकिस्तान की पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज इन दिनों एक ऐसे अभियान के कारण चर्चा में हैं, जिसे कई लोग पाकिस्तान की सांस्कृतिक पुनर्स्मृति का प्रयास मान रहे हैं। पाकिस्तान के दिल कहे जाने वाले लाहौर सहित पंजाब प्रान्त के अनेक ऐतिहासिक स्थलों, चौकों, बाजारों और मोहल्लों को उनके विभाजन-पूर्व नामों और स्वरूप से जोड़ने की पहल की जा रही है। यह केवल नाम बदलने का प्रयास नहीं, बल्कि उस सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित करने का संकेत है, जो 1947 के विभाजन के बाद राजनीतिक और धार्मिक कारणों से धीरे-धीरे धूमिल कर दी गई थी। लाहौर सहित समूचे पंजाब सूबे को बँटवारे के पूर्व की उसकी वैभवशाली पुरानी सांस्कृतिक विरासत लौटाने के लिए मुख्यमंत्री मरियम नवाज द्वारा हिंदुत्व के रंग में रंगा जा रहा है। लाहौर की गलियों, मोहल्लों, बाजारों, चौकों, गार्डनों, किलों, इमारतों और अन्य प्रमुख दर्शनीय स्थलों का पुनः हिन्दू नामकरण कर उन्हें संवारा जा रहा है। मजे की बात यह है कि मुख्यमंत्री मरियम नवाज के इस कार्य का पाकिस्तान में कोई भी खुलकर विरोध करने की जहमत तक नहीं उठा रहा है।

यह सर्वविदित है कि आतंकवाद को पालने-पोसने की नीति के कारण पाकिस्तान लंबे समय से बेहद आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। पाकिस्तान का पंजाब प्रांत, जिसे वहाँ की आर्थिक रीढ़ भी कहा जाता है, वह भी हुक्मरानों के आतंकी प्रेम के चलते अपार संसाधनों के बावजूद वर्षों से आर्थिक संकट झेल रहा है। वर्ष 2024 के विधानसभा चुनावों में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन ने उनकी बेटी मरियम नवाज के नेतृत्व में चुनाव लड़ा और इमरान खान की पार्टी से कड़ी टक्कर मिलने के बावजूद मरियम नवाज पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री चुनी गईं। मुख्यमंत्री बनने के बाद मरियम नवाज के सामने सबसे बड़ी चुनौती थी आतंक और इस्लामिक कट्टरपंथ से जूझते हुए अपने प्रांत पंजाब को आर्थिक बदहाली से बाहर निकालना। साथ ही एक महिला मुख्यमंत्री के रूप में कुछ ऐसा करके दिखाना, जिसका साहस अब तक पाकिस्तान के किसी भी सूबे के मुखिया ने नहीं किया था। मुख्यमंत्री बनते ही मरियम नवाज ने सबसे पहले अपने राज्य में पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का निर्णय लिया। उन्होंने राजधानी लाहौर सहित पूरे पंजाब की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहरों और पहचान के प्रतीकों को वर्ष 1947 से पूर्व के स्वरूप में लौटाने की कार्ययोजना बनाई, जिसके लिए अरबों रुपये के बजट की आवश्यकता थी।

कंगाली के मुहाने पर खड़े पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपनी भतीजी मरियम नवाज के इस प्रस्ताव को हरी झंडी दी। इसके बाद पाकिस्तान के दिल कहे जाने वाले लाहौर से लेकर पूरे पंजाब प्रान्त की ऐतिहासिक स्थलों तक उन धरोहरों को पुनः उसी रंग-रूप और नाम की पहचान के साथ सजाने का अभियान शुरू हुआ जो बंटवारे से पहले नाम और स्वरूप से प्रसिद्ध थे। पाकिस्तान में बंटवारे के बाद भारत-विरोधी राजनीति ने नफरत की मानसिकता के चलते हिंदू नामों वाले शहरों, गलियों, मोहल्लों, बाजारों, चौकों, गार्डनों, किलों और इमारतों का मुस्लिम नामकरण कर दिया था, लेकिन लोगों के दिलों में बसे उनके असली नामों को मिटाया नहीं जा सका। मुख्यमंत्री मरियम नवाज के इस अभियान के अंतर्गत पाकिस्तान के दिल कहलाने वाले लाहौर सहित शहरों और कस्बों के कई ऐतिहासिक स्थलों को उनके पुराने नामों और स्वरूप के साथ पुनः विकसित किया गया है। जिन स्थानों के नाम विभाजन के बाद बदले गए थे, उन्हें पुनः सांस्कृतिक संदर्भों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उदाहरण स्वरूप, लक्ष्मी चौक, कृष्णा नगर, संतनगर और धर्मपुरा, रामनगर जैसे नाम फिर चर्चा में जब आने लगते हैं तो यह देखकर पाकिस्तानी में बूढी होती आँखों से बरबस आंसू छलक उठते हैं। उन्हें ऐसा लगता है मानो उनका पुराना लाहौर, उनका अपना वतन, अपनी मिटाई गई सांस्कृतिक पहचान के साथ फिर जीवित हो उठा हो। इन परिवर्तनों को पाकिस्तान की पुरानी पीढ़ी भावनात्मक रूप से देख रही है, क्योंकि उनके लिए यह केवल नाम नहीं, बल्कि उनकी स्मृतियों और सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा हैं। वास्तव में यह बदलाव पाकिस्तान की उस सांस्कृतिक विरासत को पुनः स्वीकारने का प्रयास अधिक प्रतीत होता है, जो विभाजन से पहले बहुधार्मिक और बहुसांस्कृतिक स्वरूप में अस्तित्व में थी। लाहौर, जो कभी भारतीय उपमहाद्वीप की साझा सांस्कृतिक राजधानी माना जाता था, आज भी अपनी वास्तुकला, साहित्य, संगीत और ऐतिहासिक धरोहरों में उसी मिश्रित विरासत की झलक देता है।

पाकिस्तान की नई पीढ़ी भी अब यह समझने लगी है कि केवल कट्टरता और वैमनस्य किसी राष्ट्र को वैश्विक सम्मान नहीं दिला सकते। आर्थिक प्रगति, सांस्कृतिक उदारता और पर्यटन विकास ही वह मार्ग है, जिससे कोई भी देश विश्व मंच पर अपनी सकारात्मक पहचान बना सकता है। यदि पाकिस्तान अपनी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत को स्वीकारते हुए आतंकवाद और कट्टरता से दूरी बनाता है, तो यह न केवल उसकी अर्थव्यवस्था के लिए लाभकारी होगा, बल्कि दक्षिण एशिया में शांति और सौहार्द के लिए भी सकारात्मक संकेत होगा।

### पछतावा

शहर के सबसे बड़े मल्टी-स्पेशालिटी अस्पताल के आईसीयू वार्ड के बाहर वेटिंग एरिया में एक अजीब सी गंध थी फिनाइल और मरती हुई उम्मीदों का कॉकटेल। सुमित वहां इस तरह बैठा था जैसे किसी पुराने कबाड़खाने में कोई टूटी हुई कुर्सी फेंक दी गई हो।

तभी वहां 'वह' आई। अवनि। उसके चेहरे पर महंगे मॉइस्चराइजर की चमक थी और हाथ में लेटेस्ट आईफोन, जिसका कैमरा शायद सुमित की बदहाली को भी 4ङ में कैद कर सकता था।

सुमित! अंकल की हालत कैसी है? मुझे अभी पता चला तो रहा नहीं गया। तुम्हें तो पता है न, मेरा दिल कितना कमजोर है, अवनि ने इस अंदाज में कहा जैसे वह शोक सभा में नहीं, किसी अवॉर्ड फंक्शन में गेस्ट अपीयरेंस देने आई हो।

सुमित ने सूजी हुई आँखों से उसे देखा। दिल कमजोर है या याददाश्त अवनि? खैर, पिता जी वेंटिलेटर पर हैं। डॉक्टर कह रहे हैं कि सांसे उधार की हैं और किश्तें बहुत भारी हैं। बिल्कुल तुम्हारी उन वादों की तरह, जो तुमने पांच साल पहले किए थे।

अवनि ने एक बनावटी ठंडी आह भरी। तुम आज भी वही पुरानी बातें लेकर बैठे हो। देखो, मैंने अरेंज करवाया है। शहर के सबसे बड़े हार्ट सर्जन कल उन्हें देखेंगे। मैंने अपनी जान-पहचान लगा दी है। आखिर इंसानियत भी कोई चीज होती है।

सुमित की हंसी एक कराह बनकर निकली। इंसानियत? गजब का शब्द चुना है। जिस 'इंसानियत' की कोचिंग तुम मुझे मुफ़्त में दे रही हो, उसे निभाने के चक्कर में पिता जी ने अपनी ज़िंदगी की जमापूंजी उस घर में लगा दी थी, जिसे तुमने 'मिडिल क्लास स्मेल' कहकर छोड़ दिया था। आज वह अस्पताल के बेड पर लेटे हैं और तुम अपनी 'कांटेक्ट लिस्ट' का झुनझुना बजा रही हो? अवनि ने चिढ़कर अपना पर्स सँभाला। मैं यहाँ मदद करने आई हूँ सुमित, ताने सुनने नहीं।

### पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 22 मई 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 05:47 सूर्यास्त 19:00
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - षष्ठी 06:25 उपरांत सप्तमी 05:04 उपरांत अष्टमी
नक्षत्र - अश्लेषा 02:08 उपरांत मघा
योग - वृद्धि 08:19 उपरांत ध्रुव
करण - तैतिल
चन्द्रमा - कर्क में है। 26:08 पर सिंह में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - जिल्हेज मास 04 तारिख

**मेष-** मेहनत का फल मिलेगा। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा।

**वृषभ-** किसी प्रभावशाली व्यक्ति से परिचय बढ़ेगा। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय सताएगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**मिथुन-** किसी मनोरंजक यात्रा की योजना बनेगी। बुरे लोगों से दूर रहें। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**कर्क-** भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

**सिंह-** नए मित्र बनेंगे। नया उपक्रम प्रारंभ करने की योजना बन सकती है। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। शुभ समय।

**कन्या-** कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। योजना फलीभूत होगी। कारोबार में वृद्धि पर विचार हो सकता है।

**तुला-** नौकरी में अधिकारीगण प्रसन्न रहेंगे। मातहतों का सहयोग मिलेगा। शुभ समय।

**वृश्चिक-** पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। व्यापार में मनोनुकूल लाभ होगा। उत्साह व प्रसन्नता रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**धनु-** जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे तथा समस्या बढ़ सकती है। विरोध होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

**मकर-** बाहर जाने की योजना बनेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग कार्य में आसानी देगा। घर-बाहर सुख-शांति बने रहेंगे।

**कुंभ-** दूसरे से अधिक अपेक्षा करेंगे। जल्दबाजी से काम में बाधा उत्पन्न होगी। दौड़धूप अधिक रहेगी। बुरी सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। बनते कामों में देरी होगी।

**मीन-** चिंता तथा तनाव रहेंगे। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

समसामयिक

### 10 वीं कक्षा के बाद विषय चयन पर प्रेरणादायक कविता

कक्षा दसवीं के बाद में, जीवन मोड़ नया आता है,
हर विद्यार्थी के मन में, एक सवाल उभर जाता है।
कौन-सा विषय चुनें अब हम, किस राह पर बढ़ जाएँ,
कैसे अपने सपनों को, सच की मंजिल तक पहुँचाएँ।
रुचि और क्षमता पहचानो, खुद पर विश्वास जगाओ,
दूसरों की राह नहीं, अपनी मंजिल खुद बनाओ।
जिस विषय में मन लगता हो, वही सही आधार बने,
मेहनत, साहस और लगन से, जीवन का उद्धार बने।
विज्ञान लेकर कोई बच्चा, डॉक्टर-इंजीनियर बनता,
नई खोज से दुनिया में, अपना उजियारा भरता।
गणित, रसायन, जीव विज्ञान, ज्ञान की राह दिखाते,
मेहनत करने वाले विद्यार्थी, ऊँचे शिखर पर जाते।
वाणिज्य लेकर युवा कोई, व्यापार जगत सजाता,
बैंक, अकाउंट और उद्योगों में, अपना नाम कमाता।
अर्थशास्त्र और लेखाकर्म, सफलता के द्वार खोलते,
मेहनती बच्चों के सपने, हर दिन आगे बढ़ते।
कला संकाय भी कम नहीं, इसमें शक्ति अपार छुपी,
इतिहास, राजनीति, साहित्य में, ज्ञान की ज्योति जगी।
शिक्षक, लेखक, अधिकारी बन, देश का मान बढ़ाते,
समाज सेवा की राह पकड़, जीवन सफल बनाते।
कृषि विषय अपनाकर बच्चे, धरती से रिश्ता जोड़ें,
आधुनिक खेती और पशुपालन से, उन्नति के पथ मोड़ें।
खेती में विज्ञान मिलाकर, नया इतिहास रचाते,
अन्नदाता बनकर बच्चे, भारत का गौरव बढ़ाते।
व्यवसायिक शिक्षा देती, कौशल का मजबूत सहारा,
आईटी, हेल्थ, ऑटोमोबाइल, हर क्षेत्र बने सितारा।
सीखो हुनर, आत्मनिर्भर बनो, अपने सपनों को जी लो,
मेहनत के बल पर जीवन में, सफलता की सीढ़ी चढ़ लो।
याद रखो विद्यार्थियों, विषय नहीं छोटा होता,
मेहनत और लगन से ही, हर सपना पूरा होता।
जिस राह पर मन खुश हो, उस राह पर बढ़ जाना,
अपने उज्ज्वल भविष्य की, मजबूत नींव बना जाना।
रुचि से चुना गया विषय ही, सफलता की पहचान बने,
मेहनत और आत्मविश्वास से, हर सपना आसान बने।

**मुकेश चौरसिया नलखेड़ा**

### जेब पर दोहरी मार पड़ी...!

अब महँगाई की आँधी ऐसी,
बिगड़ा हैं घर का सारा हिसाब।
रसोई की हर एक थाली पर,
पड़ने लगा हैं खर्च बेहिसाब।
अब ये दाल हुई दूर की चीज,
तेल भी जैसे सोना हो गया।
पास में ही सब्जी मंडी जाते-2,
मन ये बेचारा रोने-सा हो गया।
गैस सिलेंडर दाम आसमान पे,
बेबस चूल्हे की लौ भी घबराए।
देखों थोड़ी-थोड़ी चीज बचाकर,
हमारी माँ घर का खर्च चलाए।
ऐसी जेब पर दोहरी मार पड़ी है,
सभी के सपनों का रंग फीका है।
अपनी कमाई छोटी, खर्च बड़े हैं,
देख रहें हर चेहरा थोड़ा रीता है।



संजय एम. तराणेकर
(दैनिक अवन्तिका)

## जैव विविधता की विलुप्तीकरण को बचाना भी हमारा कर्तव्य है

### आज जैव विविधता के दिवस पर विशेष



डॉ. बी.आर. नलवाया,
(दैनिक अवन्तिका)

भारत वृहद जैव विविधता वाला देश है। भारत के विशाल भू-भाग, स्थिति तथा भौगोलिक दशाओ में भिन्नता के कारण वृहत स्तर पर जैव विविधता पाई जाती है। विश्व की लगभग सभी जलवायु दशाएँ देश के किसी न किसी भाग में पाई जाती है। भारत विश्व के 12 सर्वाधिक जैव विविधता वाले राष्ट्रों में एक है। हम यह कह सकते है , कि भारत की भौगोलिक दशाओं में विविधता के कारण का वृहद जैव विविधता पाई जाती है।

जैव विविधता से अभिप्राय जीव मण्डल में पाए जाने वाले जीवों की विभिन्न जातियों में पाई जाने की विविधता से होता है। पृथ्वी पर जीव- जंतुओ की लगभग 50 लाख प्रजातियां है। वहीं पृथ्वी पर जीवों के उद्भव एवं विकास में करोडों वर्ष लगे। वहीं भारत जैव विविधता की दृष्टि से एक सम्पन्न राष्ट्र है। भौगोलिक विविधता के कारण यहाँ वनस्पति एवं जंतुओं की लगभग 1 लाख 25000जातियां पाई जाती है। मानव की विनाशकारी गतिविधियों के कारण पादपो एवं जंतुओं की अनेक जातियां विलुप्त हो गई है।

आज जैव विविधता के दिवस पर हम यह समझे कि इस माँ (पृथ्वी) की असंख्य संताने (जीव-जंतु ,पादप आदि) है। परन्तु जिस प्रकार एक माता-पिता की संताने परस्पर आकार, रंग ,रूप, गुणों आदि में भिन्न होती है। उसी प्रकार हमारी जगत जननी (पृथ्वी) की असंख्य सन्तानें अर्थात संसार में पाए जाने वाले विभिन्न जीव-जंतु, पेड़-पौधे, सूक्ष्म जीव आदि आकार-प्रकार, रंगरूप ,गुणों, रहन-सहन की प्रकृति में एक-दूसरे से स्पष्टतः भिन्नता प्रदर्शित करते है। इस तरह पृथ्वी पर मौजूद सभी जीवित प्राणियों में पाई जाने वाली विविधता और उनके आपसी संबंधों को कहा है।

ब्राजील विश्व में वनस्पतियों और जीवों की सबसे अधिक जैव विविधता वाला देश है। यहाँ 50,000 से अधिक वृक्ष और झाड़ियां की प्रजातियाँ पाई जाती हैं। जिससे यह पादप विविधता में प्रथम स्थान पर आता है ।

आज के दिन यह कहा जा सकता है कि वैश्विक स्तर पर जैव विविधता के संरक्षण को लेकर पुरजोर प्रयास किए जा रहे हैं। क्योंकि जैव विविधता संरक्षण में भी मानव का निहित स्वार्थ छिपा हुआ है । इसके पीछे हम देखें तो हमारी समस्त आवश्यकताएं प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जैव विविधता से जुड़ी हुई है। यू कहे कि यह जैव विविधता हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए आवश्यक स्रोत है।

किसी भी देश की जैव विविधता जितनी समृद्ध होगी अपना ही सुव्यवस्थित और संतुलित हमारा वातावरण होगा। अलग-अलग तरह की वनस्पति तथा जीव - जंतु भी धरती को रहने के योग्य बनाने के लिए अपना योगदान देते है। इंसान के जीवन के पीछे भी जैव विविधता का ही हाथ है। ऐसा इसलिए है क्योंकि अलग-अलग जंतु और पेड़ पौधे ही मिलकर मनुष्य की मूलभूत जरूरते पूरी करने में सहायता करते हैं।

जैव विविधता दिवस के अवसर पर यह संकल्प नागरिकों में होना चाहिए कि प्रत्येक नागरिक को जल, जंगल, नदियां व अन्य जीवों सहित प्राकृतिक पर्यावरण का संरक्षण व सुधार करना चाहिए।

और प्रत्येक जैव विविधता के प्रति करुणा के भाव रखना चाहिए। क्योंकि जैव विविधता एक ऐसा संसाधन है जिसे पुनः निर्मित नहीं किया जा सकता अर्थात इसका विलुप्तीकरण सदैव के लिए हो जाता है।

धर्म-आस्था

## कथा श्रवण का महत्व



संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका



कई कथा वाचक द्वारा देश के कई प्रदेशों में कथा श्रवण करवाई जा रही है।लाखों की संख्या में श्रद्धालु कथा का आनंद ले रहे है।स्थानीय बोली का भी समावेश कथा में किया जाता है ताकि क्षेत्र के लोगों को अपनेपन का अहसास हो।विशेषकर सामाजिक रिश्तों के छोटे छोटे किस्सों को वे गहराई में जाकर उन्हें कथा के माध्यम से आधार का स्वरूप देते है।जैसे सास बहू के रिश्ते में मर्मस्पर्शी भावना के जरिए।वर्षो से सास बहू के ताने बानो में आदर की भावना को समाहित कर दोनों के मन मे सहयोग,आदर,विश्वास, सम्मान, के पक्ष को मजबूती प्रदान कर सुखद ऊर्जा का समावेश किया जिससे सभी का परिवार सुखमय हो गया।श्रवण कर्ता भजन पर मंत्रमुग्ध होकर नृत्य कर ,करतल ध्वनियों से संपूर्ण पंडाल को गुंजायमान कर उत्साह का वातावरण निर्मित होने लगता है। कथा से मन को शांति मिलती है।कई लोग व्हाट्सएप, फेसबुक पर टीवी चैनल पर देखकर कथा श्रवण का आनंद लेते है।धर्म की गंगा का ऐसा अदभुत संगम बहुत कम देखने को मिलता है। इलेक्ट्रॉनिक युग की भागदौड़ में कथा श्रवण की एकाग्रता सचमुच दर्शनीय,प्रशंसनीय है।बागेश्वर धाम,कुबरेश्वर धाम की और ज्यादा झुकाव हुआ।वर्तमान में धार्मिक कथा पुराण के आयोजन का दौर काफी चलन में है।श्रवणकर्ता भक्तजन बढ़ी संख्या में ज्ञान की धर्म गंगा का लाभ लेकर।वाचनकर्ता द्वारा पूजन करने विधिविधान तरीका पुराणों ग्रन्थों के अनुसार बता कर धर्मप्रेमियों की मनोकामना पूर्ण होने से श्रद्धालुओं का झुकाव मंदिरों,कथा श्रवण,भजन,पूजन की और अन्य गतिविधियों से हटकर ज्यादा हुआ है।धर्म के प्रति आस्था विश्वास के पुनीत कार्य मन मे समाहित करने का दायित्व कथा,पुराण,भजन,पूजन की दिशा बताने वाले की और जाता है।धार्मिक कार्यक्रम के जरिए कलयुग में सनातन धर्म और मंदिरों में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या का प्रत्यक्ष प्रमाण है।एक खास बात भी सामने आई श्रद्धालु वृक्षारोपण को भी अपने अभियान में शामिल कर रहे है।प्रेरणादायक सन्देश के माध्यम से पशु पक्षियों के आहार की व्यवस्था की और श्रद्धालु उन्मुख अवश्य हुए है।

सनातन धर्म
सनातन धर्म की रक्षा करो
ओ दुनिया वालो
हिंदू की है ये गुहार
दुनिया समझेगी
जब होगा सनातन धर्म का प्रचार
कह रही है ये बागेश्वर जी की पुकार।
सनातन धर्म की रक्षा करो
ओ दुनिया वालो
हिंदू की है ये गुहार
सनातन धर्म और हिंदू धर्म में
कोई फर्क नहीं
दुनिया समझेगी
जब होगा सनातन धर्म का प्रचार
कह रही है ये बागेश्वर जी की पुकार।
सनातन धर्म की रक्षा करो
ओ दुनिया वालो
हिंदू की है ये गुहार
दुनिया समझेगी
जब होगा सनातन धर्म का प्रचार
कह रही है ये बागेश्वर जी की पुकार।

### इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5800 से 5900 विशाल 5800 से 5850 मसूर 6050 से 6100 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई यह तुअर 6000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7600 से 7700 मूंग नी बेस्ट बोल्ड 8200 से 8500 मीडियम बोल्ड 7600 से 7800 में एवरेज गर्मी 7000 से 7200 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 8700 उड़द गर्मी 7700 से 8300 हल्का - उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5800 से 6000 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 7300 से 7500 निमाड़ी 7500 से 7600 रायडा 6400 से 6600 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 से 7400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7600 से 7800 मीडियम 8800 से 9000 बेस्ट 10200 से 10400 रुपए।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द-7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया-10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्र्ड- 1,52,100 रवा- 1,51,000 चांदी- टंच-2,59,900 पाट- 2,58,500।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com




## मंहगाई व नीट पेपर लीक को लेकर विरोध प्रदर्शन किया

**जगोटी।** नीट पेपर लीक को लेकर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने चौक बाजार जगोटी में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित यादव, प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव अमनदीप सिंह गुर, महिदपुर विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह डोडिया ने विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए कहा कि लाखों छात्र छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, केंद्र की मोदी सरकार के अब तक के कार्यकाल में लगभग 80 परीक्षाओं के पर्चे लीक होना दुर्भाग्यपूर्ण है, कांग्रेस युवाओं के हितों को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है। इस अवसर पर रवि जायसवाल, धनसिंह बापू, भरत मालवीय, नंदकिशोर बरखेड़ी, गोपाल सिंह डाबी, सुनील पंवार, महेश पांचाल, राहुल चौधरी, सितलैश्वर मालवीय, विक्रमसिंह महूडी, पुरूषोत्तम शर्मा, रजनीश तिवारी, सहित ग्राम महूडी, बरखेड़ी बाजार, खुरचनिया के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनकर भाव विभोर हुए श्रोता





**महिदपुर रोड।** आबू नाथ महादेव मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन की कथा का वृतांत भागवत कथा प्रवक्ता पंडित दीपक उपाध्याय ने उपस्थित श्रद्धालुओं को विस्तार से सुनाया कथा के चौथे दिन भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से म नाया गया। नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारे के बीच नन्हे कृष्ण बने बालक को कथा पांडाल में लाया गया तो बड़ी संख्यां श्रद्धालुओं ने नन्हे कान्हा बने बालक को दुलारा। भागवत कथा प्रवक्ता पंडित उपाध्याय ने बच्चों को गोद में लेकर आशीर्वाद दिया। कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं मे श्री कृष्ण के जन्मोत्सव की खुशियां बांटते हुए मिठाई का वितरण भी किया।

## पुराने विवाद में व्यापारी से मारपीट, कार सवार युवकों ने घेरा था, 5 आरोपी गिरफ्तार



**देवास।** देवास शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में व्यापारी के साथ मारपीट और अपहरण के प्रयास के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना 12 मई को उत्तम मेगा मार्ट के सामने हुई थी, जहां कार सवार युवकों ने पुराने लेनदेन के विवाद को लेकर व्यापारी के साथ मारपीट की और उसे जबरन ले जाने का प्रयास किया। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए भोपाल और देवास से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि फरार आरोपी राहुल पंवार की फरियादी से पुरानी रंजिश थी। इसी विवाद के चलते घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक कार, एक बाइक, दो मोबाइल फोन, 5400 रुपए नकद और दो डंडे जब्त किए हैं। पुलिस के मुताबिक मामले में शामिल फरार आरोपी राहुल पंवार की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई की गई है।

## खेड़ावदा दंगल में विजय खेर पहलवान जीते



खाचरोद। ग्राम खेड़ावदा नरसिंहगढ़ में विराट कुश्ती कांटा दंगल का आयोजन हुआ। जिसमें पवन पुत्र व्यामशाला खाचरोद के उस्ताद डॉ. श्यामसिंह पहलवान के शिष्य कंचनखेड़ी के विजय खेर पहलवान ने नीमच के पहलवान को हराकर विजयी हुए। खेर पहलवान की इस जीत पर बजरंग व्यामशाला के उस्ताद कैलाश पोपण्डिया सचिन पोपण्डिया ओमवीरसिंह भदोरिया राकेश राठौर प्रकाश राठौर नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा तथा नगर वासीयों ने बधाई देकर शुभकामनाए दी।

# विवाह वर्षगांठ पर चौपड़ा दंपति ने लिया अंग दान-देहदान का संकल्प, समाज के लिए प्रेरणादायक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर



जिन महानुभावों में परोपकार की भावना कूट-कूट कर भरी होती है,यहां तक कि मृत्यु उपरांत भी किसी के काम आ सकने तक की तो उनकी विचारधारा समूचे जगत के लिए एक विशिष्टता लिए हुए होती है। ऐसे में यदि कोई दंपति अपनी वैवाहिक वर्षगांठ पर अपने अंगदान-देहदान का संकल्प ले तो बड़ा ही प्रेरणादाई,अनुकरणीय प्रसंग बन जाता है।

इस परोपकारी निर्णय में सहगामिनी की रही सक्रिय सहभागिता उसमें भी यदि जीवन संगिनी धर्मपत्नी की पहल हो और पति महाशय भी स्वीकार्यता से अपनी सहमति दें तो वह तो और भी सोने में सुहागा वाली बात।सुदीप के परिवार में बड़े पिताजी मानमल जी एवं पिताश्री पारसमल जी चौपड़ा के नेत्रदान हो चुके हैं।इसके साथ ही गूंजाजी की बड़ी मम्मी श्रीकांता मूणत जावरा के नेत्रदान भी 2024 में हुए हैं। संदीप गूंजाजी का विवाह 13 वर्ष पहले 20 मई 2013 को हुआ था।आपके पिताश्री के संस्कार रूढ़िवादिता से परे होकर आदर्शवादी जीवन से प्रेरणा पाकर आप दोनों ने यह निर्णय लिया।वे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में व्याख्याता के रूप में सेवाएं देते रहे और प्रभारी प्राचार्य पद का भी निर्वहन किया। सुदीप चौपड़ा वार्ड नंबर 16 से नगर पालिका के सम्माननीय पार्षद हैं।

### सहधर्मिणी गूंजा का किया आभार व्यक्त

वैवाहिक वर्षगांठ पर सुदीप+गूंजा चौपड़ा ने यह गौरवशाली निर्णय लिया और गूंजा जी की संकल्पित भावना से प्रेरित होकर सुदीप भी हमकदम बन इस संकल्प में सहभागी बने।इस प्रेरणा के लिए उन्होंने गूंजाजी का आभार भी व्यक्त किया है।

### देहदान के बारे में विशिष्ट जानकारी

सामान्य मृत्यु के अगले ही पल हृदय, फेफड़े, यकृत,गुर्दा,छोटी आंत,हाथ और पेनक्रियाज खराब (डीकंपोज) हो जाते हैं।ब्रेनडेड (मस्तिष्क मृत्यु) वेंटिलेटर के साथ होने से इन अंगों का दान केंद्र सरकार द्वारा प्रमाणित चार डॉक्टरों के दल द्वारा विधिपूर्वक किया जाता है।ब्रेन डेड में यह सब अंग दान होते हैं।हृदय गति रुकने के बाद आंख (कार्निया), त्वचा, हार्ट वाल्व एवं हड्डियों का दान किया जा सकता है।वर्तमान में हमारे क्षेत्र में आंख, त्वचा दान हो पा रहा है। हार्ट वाल्व बैंक नवीन बैंक की दिशा में मुस्कान ग्रुप इंदौर और निजी चिकित्सालय की सहायता से प्रशासन की अनुमति प्राप्त करने की दिशा में प्रयासरत हैं। इसके सदस्य संदीपन आर्य एवं जीतू बगानी प्राण-प्रण एवं समर्पण भाव से लगे हुए हैं। स्टेट आर्गन टिशु ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन के साथ मिलकर मध्यप्रदेश शासन अंग व देहदान के क्षेत्र में सलाहकार समिति के इन सदस्यों के प्रयास स्तुत्य हैं। विगत 10 दिन में इंदौर में आठ देहदान हुए।

### अंगदानी और देहदानियों को गॉर्ड ऑफ ऑनर से सम्मान

1 जुलाई 2025 से मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने अंगदानियों और देहदानियों को गार्ड ऑफ ऑनर देने के आदेश जारी किए।इसमें जवाहर डोसी के प्रयास पहल भी बहुत काम आए।इस दंपत्ति के अंगदान/देहदान प्रपत्र को भरने में भी इनका सक्रिय,सराहनीय योगदान काबिले तारीफ रहा।चौपड़ा दंपत्ति द्वारा लिए गए इस बहुपयोगी निर्णय की नगर में भूरि-भूरि प्रशंसा और सराहना हो रही है।

### कॉलोनीवासियों ने कॉलोनाइजर पर लगाए धोखाधड़ी के आरोप

# मूलभूत सुविधाएं न मिलने पर कलेक्टर को ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा



आगर-मालवा में तिरुपति कॉलोनी और अरिहंत वैली कॉलोनी के निवासियों ने गुरुवार दोपहर कलेक्टर कार्यालय में डिप्टी कलेक्टर कमल मंडलोई को एक ज्ञापन सौंपा। निवासियों ने कॉलोनाइजर पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध न कराने और भ्रामक जानकारी देकर प्लॉट बेचने का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया है कि कॉलोनियों को टीएनसी और रेरा अप्रूव्ड बताकर प्लॉट बेचे गए थे। कॉलोनाइजर ने उस समय सड़क, बिजली, पानी, साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट, पार्क और सुरक्षा जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था। इसके लिए विकास शुल्क भी लिया गया था, लेकिन लंबे समय बाद भी ये आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं।

निवासियों का कहना है कि सुविधाओं के अभाव में उन्हें प्रतिदिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रात में स्ट्रीट लाइट न होने से सुरक्षा संबंधी समस्याएं बनी रहती हैं, जबकि पानी और साफ-सफाई की व्यवस्था भी अपर्याप्त है।

निवासियों ने कॉलोनाइजर पर धोखाधड़ी और आर्थिक शोषण का आरोप लगाते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने और जल्द से जल्द सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग प्रशासन से की है। डिप्टी कलेक्टर कमल मंडलोई ने निवासियों को मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## नल जल योजना की लाइन से कनेक्शन देने की मांग

**आष्टा।** विधायक कार्यालय में हुई जनसुनवाई में गांव मैना के ग्रामीणों ने पहुंच कर नल जल योजना की लाइन से गायत्री मन्दिर व उसके आस पास के रहवासियों को नल कनेक्शन दिए जाने की मांग का मांग पत्र विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर को सौंपा। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने जनसुनवाई में आए अन्य ग्रामीण जनों की वन टू वन मिल कर समस्याओं को सुना। प्रत्येक बुधवार को आष्टा विधायक अपने कार्यालय में सुबह 10 बजे से जनता की समस्याओं को सुनने, उन्हें हल करवाने के लिए जनसुनवाई करते हैं। बुधवार को सुबह 10 बजे से कार्यालय में उपस्थित रह कर विधायक इंजीनियर ने जनता की समस्याओं को सुना व उनकी समस्याओं को हल करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में समग्र आईडी से नाम पृथक कराने, पेंशन प्रारंभ कराने, केसीसी राशि माफ कराने, ग्राम बोरखेड़ा में दरबार कालोनी तक मुरमीकरण कराने,डाबरी से बड़लिया बरामद तक मुरमीकरण, पेयजल हेतु नवीन हैंड पम्प खनन कराने,ग्राम बालाखेड़ा में हनुमानजी मंदिर के पास हैंडपंप लगवाने व पेयजल हेतु पानी का टैंकर प्रदाय कराने, एक बत्ती व नल कनेक्शन प्रदाय कराने की माँग की।

## केंद्रीय मंत्री रक्षा निखिल ने बगलामुखी के दर्शन किए

**नलखेड़ा।** केंद्रीय राज्यमंत्री रक्षा निखिल खडसे बुधवार शाम आगर-मालवा जिले के मशहूर शक्तिपीठ मां बगलामुखी मंदिर पहुंचीं। उज्जैन से सड़क के रास्ते नलखेड़ा पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और अधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। राज्यमंत्री खडसे ने मंदिर पहुंचकर मां बगलामुखी के दर्शन किए और विशेष पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने मंदिर के पीछे बनी यज्ञशाला में पंडितों के मंत्रोच्चार के बीच हवन और अनुष्ठान में हिस्सा लिया। उन्होंने इस दौरान देश की तरक्की और लोगों की सुख-समृद्धि के लिए दुआ मांगी।

### सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

मंत्री के आने की खबर मिलते ही मंदिर परिसर में सुरक्षा और व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। इस दौरान वहां काफी संख्या में श्रद्धालु और पार्टी कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। स्थानीय प्रशासन के अधिकारी भी व्यवस्था संभालने के लिए पूरे समय मंदिर में डटे रहे।

# पीएमयूएम संघ की प्रांतीय बैठक भोपाल में शामिल हुए शिक्षक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना




पीएमयूएम शिक्षक संगठन की प्रांतीय बैठक भोपाल के निजी होटल में रविवार को आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश के समस्त जिलों के पदाधिकारियों ने उपस्थित होकर कर्मचारी कल्याण कोष संगठन के प्रति अपने सुझाव रखकर मजबूती प्रदान करने के संबंध में अपने अपने विचार रखे।

उक्त बैठक में शामिल गुना के जिला संयोजक धर्मेंद्र रघुवंशी ने संगठन की सरकार से मान्यता लेने एवं जिलों की परामर्श दात्री समिति में स्थानीय प्रतिनिधियों को आमंत्रित करने की मांग की। गौरतलब है कि पीएमयूएमएस दिवगंत शिक्षक परिवारों को सहायता करता हैं। अभी तक यह संगठन प्रदेश के 7 दिवगंत शिक्षक साथियों के प्रत्येक परिवार को 25 से 40 लाख तक की मदद कर चुका है। वर्तमान में इस संगठन में 1 लाख 8 हजार पंजीकृत सदस्य हैं। प्रांतीय बैठक में गुना जिले के आज ही दिवगंत हुए शिक्षक साथी स्वर्गीय जुझार सिंह भील को बैठक में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि देते हुए उनके आश्रित परिवार को आर्थिक मदद दिए जाने का संकल्प लिया गया। प्रांतीय पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती एवं विस्तार का संकल्प दोहराते हुए शिक्षकों की समस्याओं को लेकर सरकार से निरंतर संवाद स्थापित करने का निर्णय लिया। बैठक में गुना जिले से अध्यक्ष सुरेंद्र दुबे, रामप्रकाश रघुवंशी, विनीत श्रीवास्तव, रश्मि बुनकर, रानी बैरागी, दीपक बैरागी, चंद्रलेश श्रीवास्तव, दिनेश वैरागी राजकुमार यादव, सोनू यादव, विजय श्रीवास्तव, मनोज कोरी, सुधीर रंजन दुबे, श्री राजपूत, प्रमोद श्रीवास्तव, वीरेंद्र सेन, दिनेश शर्मा, राधेमोहन कुशवाह, केशव शर्मा, मनोज मोंगिया, भगत सिंह धाकड़, सोनू मीणा, नीलम अग्रवाल और शशिकला बडकुले बैठक में शामिल हुए।

## आवारा सांडों से घायल बछिया की हुई दर्दनाक मौत


**जीरापुर।** प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के छापी बांध क्षेत्र मे एक दर्दनाक मामला सामने आया, जिसने बेसहारा गौवंश की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रतिदिन सुबह सैर करने जाने वाले नगरवासियों ने वहां एक छोटी बछिया को गंभीर रूप से घायल अवस्था में देखा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बछिया के आसपास आवारा सांड घूम रहे थे और उनके कारण वह बुरी तरह जख्मी हो गई थी। मौजूद लोगों ने सांडों को वहां से भगाने का प्रयास भी किया, लेकिन उचित उपचार और संरक्षण नहीं मिलने के कारण अगले दिन जब लोग दोबारा वहां पहुंचे तो बछिया मृत अवस्था में मिली। इस घटना ने क्षेत्र के लोगों को झकझोर कर रख दिया। नगरवासियों का कहना है कि सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर खुले घूम रहे आवारा सांड लगातार हादसों और ऐसी घटनाओं का कारण बन रहे हैं। कई बार गायों के पीछे दौड़ते सांड सड़क पर अचानक आ जाते हैं, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों की जान भी खतरे में पड़ जाती है। क्षेत्र में पहले भी छोटे-मोटे हादसे हो चुके हैं और समय रहते व्यवस्था नहीं हुई तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और संबंधित विभागों से मांग की है कि बेसहारा गौवंश के लिए सुरक्षित व्यवस्था, उपचार और आवारा सांडों पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं को रोका जा सके।

## पुरानी परंपरा अनुसार तीर्थ यात्रा से लौटे परिवार का आत्मीय स्वागत

**जीरापुर।** भारतीय संस्कृति में प्राचीन समय से ही तीर्थ यात्रा कर लौटने वाले श्रद्धालुओं का परिवारजनों एवं नगरवासियों द्वारा सम्मान और स्वागत करने की परंपरा रही है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नगर में चारधाम यात्रा से सकुशल लौटे शिक्षक परिवार का आत्मीय स्वागत किया गया। जीरापुर निवासी राम शर्मा आराधना शर्मा, वंदना शर्मा, सीमा शर्मा एवं मीरा शर्मा 9 मई को केदारनाथ, बद्रीनाथ, यमुनोत्री एवं गंगोत्री की पावन चारधाम यात्रा हेतु रवाना हुए थे। यात्रा पूर्ण कर 18 मई को परिवार सकुशल अपने नगर लौटा। नगर आगमन पर सर्वप्रथम भोलेनाथ मंदिर बोराजी के कुएं भंडावद रोड पर रुककर पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात घर पहुंचने पर परिवारजनों, इष्ट मित्रों एवं नगरवासियों ने फूल-मालाओं एवं जयकारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत के दौरान धार्मिक एवं उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला।

## पत्नी के मायके जाने पर युवक ने फांसी लगाई, 7 माह पहले हुई थी शादी

**देवास।** देवास जिले के नागदा गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना बुधवार रात को हुई, जिसकी जानकारी गुरुवार सुबह परिजनों को मिली। शव



का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया गया और फिर परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक की पहचान नागदा निवासी 22 वर्षीय रंजीत पिता चिरौंजीलाल के रूप में हुई है। गुरुवार सुबह जब उसकी मां चाय देने कमरे में पहुंचीं, तो उन्होंने रंजीत को फंदे पर लटका पाया। सूचना मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। रंजीत डाकाच्या के पास एक कंपनी में कार्यरत था। लगभग सात माह पहले ही उसका विवाह लसुडिया परमार निवासी एक युवती से हुआ था। जानकारी के अनुसार, उसकी पत्नी दो-तीन दिन पहले ही अपने मायके गई थी।

### युवक ड्रग्स-गांजा खरीदने चुराते थे वाहन

## आगर में 5 चोरी की बाइक समेत 4 आरोपी पकड़ाए, गाड़ियों को गिरवी रखते थे



**आगर-मालवा।** पुलिस ने वाहन चुराने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से अलग-अलग जिलों से चोरी की गई 5 मोटरसाइकिलें मिली हैं। जिनकी कीमत करीब 3 लाख 40 हजार रुपए बताई जा रही है। वाहन चोरी का यह मामला 22 जनवरी 2026 को सामने आया था, जब ग्राम रोझानी के गुमानसिंह चौहान की बाइक सान्ड्याबेड़ी जोड़ के पास से चोरी हो गई थी। पुलिस ने इस शिकायत पर केस दर्ज किया था। पुलिस ने सबसे पहले सोमवार को विनोद मालवीय को पकड़ा और रिमांड पर लेकर पूछताछ की, जिसके बाद मंगलवार को गिरोह के बाकी सदस्य भी पकड़ में आ गए। पुलिस पूछताछ में पता चला कि ये आरोपी नशे के आदी हैं। अपनी नशे की लत और खर्चे पूरे करने के लिए ये सुनसान जगहों पर खड़ी गाड़ियों को निशाना बनाते थे। चोरी के बाद ये आरोपी बाइकों को दूसरे जिलों में गिरवी रख देते थे और उन पैसों से ड्रग्स-गांजा खरीदते थे। पुलिस ने इंदौर, शाजापुर और जोगपुरा जैसे इलाकों से ये गाड़ियां बरामद की हैं।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मकान नम्बर पुराना 2/1582 व 1583 नया नगर पालिक निगम क्रमांक 37 व 38 का भाग वर्तमान नम्बर 37 व 38 मूल स्थित अहिल्याबाई मार्ग, उज्जैन जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 1600 वर्गफीट है, जो एक मंजिला टीन पोश का निर्मित होकर उसके पूर्व दिशा में मकान शाकेब मोहम्मद, मकान मोहम्मद युसुफ एवं मकान शकील मोहम्मद का, पश्चिम दिशा मे बन्द गली एवं मकान अय्युब खां काडीवाला का, उत्तर दिशा में मकान संजयजी का, दक्षिण दिशा में गली है को रशिदा बी पति जाकिर खान, निवासी वार्ड नम्बर 01, सांवेर तहसील सांवेर जिला इन्दौर (म.प्र.) से क्रय करने का सौदा किया है। मेरे पक्षकार ने बयाना राशि भी अदा कर दी है। मेरे पक्षकार को नियत अवधि में उपरोक्त मकान का शेष विक्रयमूल्य अदा कर अपने हित मे रजिस्ट्री करवायी जाना शेष है।

अतः इस सूचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुवा हो तथा किसी व्यक्ति को दान, हिबा की हुई हो या किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था, बैंक किसी विभाग या किसी ऋण दात्री संस्था को कोई आपत्ति हो तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या उस पर किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टेक्स, मेंटेनेन्स बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति आदि के पास गिरवी रखे हो अथवा कोई न्यायालयीन वाद विचाराधिन हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकाशन की अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति का अनुबंध पत्र अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति नहीं मानी जावेंगी। इति दिनांक 21-05-2026 स्थान - उज्जैन

**दिलीप कुमार जैन एडवोकेट**
**DF-11 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मोबाईल नम्बरः 94250 92749**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई सी आई सी आई बैंक लिमिटेड के द्वारा प्रदत्त जानकारी, दस्तावेज व निदेर्शानुसार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा सर्वे कमांक 1299/237/2, प.ह.न 7, वार्ड नम्बर 17, सिटी ब्यावरा, जिला राजगढ पिनकोड-465674 में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 0.058 हेक्टर है तथा जिसकी चतुर्सीमा-पूर्व में- सुभाष साहु का भुखण्ड, पश्चिम में रमेश की भूमि, उत्तर में बलदेव पिता नेक सिंह की भूमि, दक्षिण में विष्णु रमेश की भूमि, स्थित है। उक्त संपत्ति कमला बाई पति पुरूषोत्तम दास ने बलदेव पिता नेक सिंह से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 937 दिनांक 03/02/1996 को विधिवत रूप से क्रय की थी। कमला बाई पति पुरूषोत्तम दास की मृत्यु के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विष्णु प्रसाद अग्रवाल पिता पुरूषोत्तम दास, रमेश चन्द्र पिता पुरूषोत्तम दास, नंद किशोर पिता पुरूषोत्तमदास, राजेन्द्र कुमार उर्फ पिता राज कुमार पिता पुरूषोत्तम दास अग्रवाल, को उनके माता स्व. कमला बाई पति पुरुषोत्तम दास को उपरोक्त संपत्ति पर नामांतरण के आधार पर वैधानिक स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त हुआ है। उपरोक्त संपत्ति पर विष्णु प्रसाद अग्रवाल पिता पुरूषोत्तम दास, रमेश चन्द्र पिता पुरूषोत्तम दास, नंद किशोर पिता पुरूषोत्तमदास, राजेन्द्र कुमार उर्फ पिता राज कुमार पिता पुरूषोत्तम दास अग्रवाल, के द्वारा आई सी आई सी आई बैंक लिमिटेड में बंधक रखकर ऋण प्राप्त किया जा रहा है। अतः सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, शासन या अन्य कोई ऋण, भार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज, आयद हो या किसी प्रकार का टैक्स, कर, प्रभार बकाया हो या उक्त संपत्ति में किसी का स्वत्व, हित, क्लेम, कब्जे के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात दिवस में सप्रमाण मुझे लिखित आपत्ति पेश करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद अवधि आई सी आई सी आई बैंक लिमिटेड द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी तथा ऋण स्वीकृत किये जाने की दशा में उक्त सपंत्ति पर प्रथम ऋण भार आई सी आई सी आई बैंक लिमिटेड का रहेगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति शून्य व अमान्य मानी जावेगी। अतः सूचित हो। इति दिनांक 21/05/2026

**नीरज सक्सेना (एडवोकेट)**
**ए-18, भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन**
**मो. 97130-96363, 97130-15515**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण एवं सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार 1- पुरूषोत्तम कुमार विष्णु पिता दयारामजी विष्णु, एवं श्रीमती संगीता विष्णु, निवासीगण 119, आर्य समाज मार्ग, बहादुरगंज उज्जैन ने श्री उदय सिंह पंवार पिता श्री सुरेश पंवार, निवासी 120, बहादुरगंज, आर्य समाज मार्ग, उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 120, बहादुरगंज, आर्य समाज मार्ग, उज्जैन में है। उक्त मकान में से पूर्व दिशा का ओपन भाग (गलियारा) जिसका कुल क्षेत्रफल 1.80 वर्ग मीटर होकर उसकी चतुसीर्मा में पूर्व में सरकारी चौक, पश्चिम में क्रेता का मकान, उत्तर में :- मकान मुरली सिंधी का, दक्षिण में:- शेष भाग मकान विक्रेता का है। मेरे पक्षकार ने उक्त पैमाईश एवं चतुःसीर्मा के मध्य का भाग ओपन गलियारे को मय हवाई हक एवं तल भूमि के, क्रय करने का अनुबंध किया है तथा मेरे पक्षकार द्वारा श्री उदय सिंह पंवार पिता सुरेश पंवार को बयाना राशि भी अदा करदी गई है। उक्त मकान पर किसी बैंक निगम, व्यक्ति, फायनेंसर संस्था या अन्य किसी व्यक्ति का कोई ऋणभार या न्यायालयीन प्रकरण हो अथवा उक्त सम्पत्ति कहीं रहन, बय, दान आदि किसी प्रकार से अन्तरित की हुई हो अथवा उक्त सम्पत्ति किसी अन्य को विक्रय किये जाने का अनुबंध किया हुआ हो अथवा उक्त सम्पत्ति पर किसी प्रकार की वारिसान संबंधी बाधा हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन से 07 दिन के भीतर मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करे। अवधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार को किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी व मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति का विक्रय-पत्र अपने हित में निष्पादित करा लिया जावेगा। दिनांक 21-05-2026 स्थान उज्जैन।

**प्रमोद पाठक, एडव्होकेट**
**18, देवास गेट, उज्जैन**

# शाजापुर में मिला बालगृह से भाग बालक

## दूसरे गुजरात के कच्छ में, तीसरे की तलाश जारी

**उज्जैन।** शासकीय बालगृह से भागे 3 बच्चों में से एक को शाजापुर से दस्तायब कर लिया गया। दूसरे की जानकारी गुजरात के कच्छ में होना सामने आई है। जिसकी दस्तयाबी के लिये टीम रवाना की जायेगी। तीसरे का पता नहीं चल पाया है।

जिसकी जानकारी जुटाने के प्रयास जारी है। नागझिरी थाना क्षेत्र के लालपुर स्थित शासकीय बालगृह से 5 मई को शौचालय का वेंटिलेशन तोड़कर 3 बालक भाग निकले थे। बालगृह की ओर से तीनों के पलायन करने की शिकायत नागझिरी थाना पुलिस को दर्ज कराई गई थी। पुलिस लगातार तीनों की तलाश में लगी थी। 16 दिन बाद गुरूवार को पुलिस ने एक बालक को शाजापुर से दस्तयाब कर लिया। वह मूलरूप से शाजापुर का रहने वाला है। जिसे उज्जैन लाया गया और कोर्ट में पेश कर बयान दर्ज कराये गये। पुलिस के अनुसार बालक ने बताया कि उसे अंदेशा था कि बाल समिति उसे किसी अन्य जगह ना भेज दे, इसकी के चलते उन्होने भागने की योजना बनाई थी और मौका मिलने पर वेंटिलेशन तोड़कर भाग निकले थे।

कुछ दिन इंदौर में रहा और वहां से शाजापुर चला गया था। एएसआई द्वारिका प्रसाद ने बताया कि दस्तयाब बालक 27 अप्रैल 2026 को बाल कल्याण समिति शाजापुर द्वारा उज्जैन के बालगृह भेजा गया था। माता-पिता के विवाद में उसे शाजापुर के बाल कल्याण समिति शाजापुर में रखा गया था। उसके साथ भागे दूसरे बालक की जानकारी भी सामने आई, उसे गुजरात स्थित कच्छ बाल समिति ने दस्तयाब कर लिया है। जहां से उज्जैन लाने के लिये टीम रवाना की जायेगी। उक्त बालक नागदा का रहने वाला है। तीसरा बालक भी नागदा का निवासी है जिसका पता लगाने के प्रयास जारी है।

## क्षिप्रा के बडे पुल पर लटकी फायर बिग्रेड



**उज्जैन।** क्षिप्रा नदी के उज्जैन-बड़नगर के बीच बने बडे पुल पर गुरूवार सुबह बडा हादसा टल गया। ब्रिज की रेलिंग तोड फायर बिग्रेड लटक गई। गनीमत रही कि गाडी नदी में नहीं गिरी, जिसे बाद में क्रेन की मदद से निकाला गया। नगर निगम की फायर बिग्रेड की एक गाडी सुबह बडे पुल से बडनगर मार्ग की ओर जा रही थी। उसी दौरान सामने से आ रही कार को बचाने का प्रयास करते समय चालक का संतुलन डगमगा गया और फायर बिग्रेड ब्रिज की रैलिंग तोड लटक गई। गनीमत रही कि गाडी नदी में नहीं गिरी, चालक ने बमुश्किल अपनी जान बचाई और गाडी से बाहर आ गया। मामले की जानकारी लगते ही जीवाजीगंज थाना पुलिस और यातायात पुलिस मौके पर पहुंचे। क्रेन की मदद से फायर बिग्रेड को निकाला गया। विदित हो कि पिछले वर्ष सितंबर माह में उन्हेल थाना पुलिस की गाडी भी बाइक को बचाने का प्रयास करते समय बडे पुल से क्षिप्रा नदी में जा गिरी थी। जिसमें थाना प्रभारी, एसआई और महिला पुलिसकर्मी सवार थे। तीनों को निकालने के लिये 2 दिनों तक क्षिप्रा में रेस्क्यू अभियान चला गया था।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने मेहबुब खॉ पिता श्री एहमद नूर, निवासी-ग्राम सेमदिया तहसील व जिला उज्जैन के सहस्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सभि पारिवारीक सदस्यों कि सहमति से मेहबूब खॉ ने प्राप्त कर कृषि भूमि आराजी सर्वे क्रमांक 321/1 (एस) रकबा 2.5900 हेक्टेयर में से रकबा 0.7000 हेक्टेयर ग्राम सेमदिया तह. व जिला उज्जैन में स्थित को दस्तावेज अनुबंधपत्र के माध्यम से मेरे पक्षकार के हित में विक्रय अनुबंधित की थी तथा निष्पादित अनुबंधपत्र के परिपालन में दिनांक 21.06.2022 को पंजीयन क्रमांक एमपी 432022022ए1661247 के माध्यम से रकबा 0.5000 हेक्टेयर भूमि का दस्तावेज विक्रय पत्र का निष्पदान मेरे पक्षकार के हित में कर दिया था तथा निष्पादित अनुबंधपत्र के परिपालन में 0.2000 हेक्टेयर भूमि का दस्तावेज विक्रय पत्र का निष्पादन अब्दुल पिता श्री एहमद नूर के नाम के आगे भू-अभिलेख के रिकॉर्ड में नाम के आगे नाबालिक शब्द उल्लेखित होने के कारण एक बिघा भूमि का विक्रय पत्र का निष्पादन नहीं हो पाया जिसके संबंध में मेहबूब खॉ द्वारा अत्याधिक समय व्यतित कर दिया तथा मेरे द्वारा क्रयानुबंधित भूमि को किसी अन्य को विक्रय करने पर मेरे पक्षकार कि आपत्ति है तथा निष्पादित अनुबंधपत्र के परिपालन में विधि अनुसार कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के माध्यम से निष्पादित अनुबंधपत्र के परिपालन में दस्तावेज विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जावेगा। इस कारण उक्त वर्णित शेष बची भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई समव्यवहार नहीं करे यदि किया जाता है तो वह मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं होगा। सुचित हो।

इति दिनांक-21.05.2026

**योगेश शर्मा एडवोकेट**
**कार्यालय-डी एफ-9, भरतपुरी शापिंग काम्पलेक्स**
**पंजीयक कार्यालय के पास, उज्जैन**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी श्री राजेश पिता श्री चतरसिंह, निवासी-ग्राम सुतारखेडा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-182/1 (स) रकबा 1.5600 हेक्टर, 183/1 (स) रकबा 0.0300 हेक्टर एवं 184/1 (स) रकबा 0.3700 हेक्टर, कुल किता 03 कुल रकबा 1.9600 हेक्टर ग्राम सुतारखेडा, प. ह. नं.-12 तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण रकबा 1.9600 हेक्टर मेसे 1.0000 हेक्टर को क्रय करने सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हों। इति दिनांक-21.05.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-ए-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड**
**उज्जैन मो. 94259-46659**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने सुरेन्द्र त्रवेदी पिता श्री वासुदेव त्रिवेदी, निवासी-94, एम.आई.जी. इंदिरा नगर, आगर रोड़, उज्जैन से उनके स्वत्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक-94, एम.आई.जी. इंदिरा नगर, आगर रोड़, उज्जैन में स्थित है भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 135.00 वर्ग मीटर है का विक्रय किया जा रहा है को मेरे पक्षकार ने सौदा कर सौदा राशि अदा कर स्वयं के हित मे दस्तावेज सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया हैं तथा जाहिर सूचना के प्रकाशन पर किसी भी प्रकार की आपत्ति नही आने की दशा में सौदा चिट्ठी के पालन मे बयाना राशि अदा कर विधिवत रूप से मेरे पक्षकार के हित मे दस्तावेज अनुबंध पत्र का निष्पादन किया जावेगा तथा निष्पादित अनुबंध पत्र की शर्त अनुसार निहित समयावधि में शेष राशि अदा कर दस्तावेज विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में किया जावेगा। यदि उक्त संपत्ति पर किसी भी बैंक का या उक्त समपत्ति पर किसी भी प्रकार का सरकारी, साहूकारी बैंक या किसी भी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार बकाया हो या किसी का उक्त सम्पत्ति में कोई हक, हित, हिस्सा या अधिकार निहित हो तो ऐसे सम्बंधित व्यक्ति / विभाग इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत रूप से विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जाएगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सुचित हो।

इति दिनांक-20.05.2026

**योगेश शर्मा एडवोकेट**
**कार्यालय-डी.एफ.-9, भरतपुरी**
**काम्पलेक्स देवास रोड, उज्जैन**

## सौदा निरस्तीकरण जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्रवण जाट पिता श्री मोतीलाल जाट, निवासी ग्राम पालखंदा तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखंड जो कि भूमि सर्वे क्रमांक 153/2/मिन-1 रकबा 0.49 हेक्टर का भाग होकर ग्राम पालखंदा उज्जैन देवासरोड प.ह.न. 84 तहसील व जिला उज्जैन में मुख्य मार्ग पर स्थित है। उक्त भूखंड की पैमाईश लंबाई 50.00 फीट अर्थात 15.24 मोटर, चौड़ाई 30 फीट अर्थात 9.14 मीटर कुल क्षेत्रफल 139.29 वर्गमीटर अर्थात 1500 वर्गफीट को विक्रय करने का सौदा नेता श्रीमहंत सुदामानंदाजीलाल बाबा गुरू श्री महत गोपालानंदजी महाराज, निवासी-अनोखे राज राजेश्वर हनुमान मंदिर संख्याराजे धर्मशाला के पास देवासगेट, उज्जैन म.प्र. से दिनांक 04/08/2016 को किया गया था तथा विक्रय पत्र का संपादन दिनांक 05/02/2019 तक करवाया जाना था लेकिन निर्धारित दिनांक को क्रेता के द्वारा मेरे पक्षकार से संपर्क नहीं करने एवं अनुबंध पत्र का पालन नहीं किया गया है इस कारण उक्त भूमि/भूखंड भाग का विक्रय अनुबंध पत्र समयावधि व्यतीत होने से स्वमेव निरस्त हो गया है। अब मेरा पक्षकार अपने स्वामित्व व आधिपत्य का भूखंड जो कि भूमि सर्वे क्रमांक 153/2/मिन-1 रकबा 0.49 हेक्टर का भाग होकर ग्राम पालखंदा उज्जैन देवासरोड प.ह.न. 84 तहसील व जिला उज्जैन में मुख्य मार्ग पर स्थित है को किसी अन्य को विक्रय करने हेतु पूर्ण रूप से स्वतंत्र है। उपरोक्त भूखंड के संबंध में मेरे पक्षकार की बिना सहमति व अनुमति के बगैर किसी प्रकार का कोई संव्यवहार किसी व्यक्ति व अन्य के द्वारा नहीं किया जावे। सो सूचित है।

इति दिनांक-21/05/2026

**जगदीश नागर, एडवोकेट**
**कार्यालय-202, द्वारकामाई टॉवर फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.**
**मो. 9826447509**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण एवं आम जन ग्राम मंगलाज एवं चौकी हिदायतपुर तहसील गुलाना जिला शाजापुर मध्य प्रदेश, को सुचित किया जाता है दिनाक 11 मई 2026 को सर्वे नं. 1023/3, क्षेत्रफल 0.49 हेक्टेयर, मंगलाज एवं सर्वे नं. 87, क्षेत्रफल 0.68 हेक्टेयर ,चौकी हिदायतपुर तहसील गुलाना जिला शाजापुर मध्य प्रदेश का राजस्व अधिकारी (पटवारी) द्वारा सरकारी गवाह (चौकीदार) की उपस्थिति में पड़ोसी किसानों को सूचना उपरांत सिमांकन किया गया है, चौकीदार के अनुसार सूचना पत्र पर हस्ताक्षर करने से मना करने वाले किसानों के घर पर सूचना पत्र की फोटोकॉपी चस्पा की गई है। बताई गई सीमा के अंदर ट्रैक्टर भी चलाया गया है (जिसका वीडियो भी उपलब्ध है) एवं समझाई गई सीमा पर सभी की उपस्थिति में पक्के सीमेंटेड खंभे भी गाड़े गए हैं, पड़ोस के किसानों द्वारा किसी भी प्रकार का अवरोध एवं विरोध नहीं किया गया है। यदि पटवारी द्वार नापी गई सीमा में कोई अपना अधिपत्य, कब्ज़ा बताएगा या चिनहित सीमा के साथ छेड़ छाड़ करेगा तो ऐसे कृत्य एवं वचन को स्वीकार नहीं किया जाएगा। सर्वेन्द्र सोनी पिता स्वर्गीय श्री राम सेवक सोनी निवासी वार्ड नं. 21 मीरा कॉलोनी भिंड जिला भिंड मध्य प्रदेश 477001

**योगेन्द्र गोवा पिता श्याम सुंदर,**
**मंगलाज जिला शाजापुर मध्य प्रदेश 465227**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने अनिल कान्त पुरन्दरे पिता श्री दत्तात्रय पुरन्दरे निवासी एफ-5/48 ऋषिनगर उज्जैन से उनके स्वामित्व एव आधिपत्य का भवन कमांक 07 एलआयजी सेकण्ड अतिरिक्त विश्व बैंक कालोनी उज्जैन में स्थित है उक्त भवन मौके पर दो मंजिला निर्मित है जिसका कुल क्षेत्रफल 54.40 वर्गमीटर है को उनसे मय जमीन तला, फिटिंग फिक्चर्स, हवाई हक सहित क्रय करने का मौखिक करार करा होकर तथा शीघ्र ही संपूर्ण राशि अदा कर उक्त भवन के विक्रय पत्र का संपादन मेरे पक्षकार अपने हित में करवाने जा रहे है। यदि किसी भी व्यक्ति संस्था, शासन, या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी भी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो अथवा उक्त भवन किसी को रहन, या अन्य किसी भी प्रकार से अंतरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस सूचना प्रकाशन से तीन दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर संपर्क करें एवं अपना दावा रखें अन्यथादशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भवन के विक्रय पत्र का संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो।

इति दिनांक 21. 05.2026 उज्जैन

**संजय बसंल एडवोकेट**
**सी-5 भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र**
**आर.टी.ओ. कार्यालय के पीछे देवास रोड उज्जैन**
**समय सुबह 11.00 से 06.00 बजे तक**
**मोबाइल- 98277-92292**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, उज्जैन (म.प्र.)
### // नामांकन विज्ञप्ति जाहिर सूचना //

**क्रमांक: सम्पत्तिकर/2026/580** — **उज्जैन, दिनांक 18/05/26**

सर्व सम्बन्धितों को सूचित किया जाता है कि, मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के प्रावधान अंतर्गत सम्पत्तिकर झोन कार्यालय, नगर पालिक निगम उज्जैन में नामांकन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिनका विवरण निम्नानुसार है :-

| झोन क्र | वार्ड क्र. | प्र.क्र. | सम्बन्धित सम्पत्ति का पूर्ण पता (जिसका नामांकन होना है) | सम्पत्ति स्वामी का नाम | आवेदक का नाम, जिसका नामांकन होना है | नामांकन का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 1 | 217 | 50 का भाग महेन्द्र मार्ग | सत्यनारायण पिता उत्सवलाल | अनय चतुर्वेदी पिता उपेन्द्र चतुर्वेदी | शपथ पत्र, विक्रय पत्र |
| 01 | 13 | 218 | 9/1 वीर दुर्गा दास मार्ग | मोहम्मद हुसैन पिता कादर | नोशाद कुरेशी पिता मोहम्मद हुसैन | विक्रय पत्र |
| 01 | 12 | 219 | सर्वे क 128 का भाग म न 5 रणजीत नगर | कवरलाल पिता धन्नालाल | नारायण सिंह मीणा पिता नंदराम मीणा | विक्रय पत्र |
| 01 | 13 | 220 | 5 व 5/122, 22/1 22/2, फलेट गौतम मार्ग | बादशाह रियल इन्फा आनन्द शर्मा | शब्बीर हुसैन पिता सेफुददीन | विक्रय पत्र |
| 01 | 2 | 221 | 4/2/1 लाल बाई फुल बाई मार्ग | 1 सुगन बाई पति रमेशचन्द 2 अनिता एवं आदि | पंकज राठौर पिता हरिशचन्द | विक्रय पत्र |
| 01 | 11 | 222 | 10 मोलाना आजाद मार्ग | उस्मान पिता रहीम | गामा कुरैशी पिता काले कुरेशी | हकत्याग पत्र |
| 01 | 12 | 223 | 9 एवं 9/1 भद्र बाहु मार्ग मुल्लपुरा | फरहान शेख पिता खाजू | ळीना बी पति कादर खान | विक्रय पत्र |
| 01 | 11 | 224 | 10/2 मोलाना आजाद मार्ग | जाकीर हुसैन पिता हबीब कुरेशी | नौशाद बी पति मुशी खान | विक्रय पत्र |
| 01 | 13 | 225 | 15/2/1 वीर दुर्गा दास मार्ग | सेदन सिंह पिता गोपीलाल | प्रियंका विश्वकर्मा पति हेमंत | विक्रय पत्र |
| 01 | 01 | 226 | सर्वे क 47/3/2 का भाग भूखण्ड मोजमखेडी | कमलेश पिता गोविन्द राम | 1 कृष्णा बाई पति कैलाश 2 रवि 3 मनोज 4 राहुल | विक्रय पत्र |
| 01 | 9 | 227 | 282 का भाग गोतम मार्ग | जम्बु कुमार एव आदि | 1 दिपेश जैन पिता विजय कुमार जैन 2 अंगुरबाला जेन | विक्रय पत्र |
| 01 | 9 | 228 | 177 महावीर मार्ग | निर्मला देवी पति महेन्द्र जैन | 1 महेन्द्र जैन पिता दिपचन्द 2 मनीष जैन पिता महेन्द्र जैन | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 01 | 9 | 229 | 179 महावीर मार्ग | निर्मला देवी पति महेन्द्र जैन | 1 महेन्द्र जैन पिता दिपचन्द 2 मनीष जैन पिता महेन्द्र जैन | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 02 | 14 | 539 | 49का तल मंजिल 49/1 का प्रथम मंजिल वाला भाग, 49/2 का द्वितीय मंजिल भाग, राम प्रसाद भार्गव मार्ग, गली क्र. 2 डगरवाडी, उज्जैन | 1 लीलावंती पति स्व. लीलाधर कर्मवानी 2 कन्हैयालाल 3 शंकरलाल 4 उदवदास 5 अशोक 6 अशोक पुत्रगण स्व. लेखमल कर्मवानी 7 नारायण दास पिता जुमामल जी 8 श्रीमती भागवंती पति स्व. शीतलदास 9 घनश्याम 10 भोजराज पुत्रगण शीतलदास कर्मवानी मुख्त्यार आम संतोषव रमा पिता मुन्नालाल वर्मा | जीवन उज्जैनिया पिता मनसुखलाल उज्जैनिया | विक्रय पत्र |
| 02 | 4 | 540 | 372 का उत्तर दिशा भाग तिरुपति धाम कालोनी उज्जैन | 1 सचिन शर्मा पिता दिनेश शर्मा 2 श्रीमती निर्मला बाई पति दिनेश शर्मा | श्रीमती मधु पति गोपाल जी | विक्रय पत्र |
| 02 | 4 | 541 | 514 EWS II, अतिरिक्त विश्व बैंक कालोनी उज्जैन | एम पी हाउसींग बोर्ड एवं अधोसरंचना विकास मण्डल निर्मल कुमार पिता पांचीलाल गुप्ता | श्रीमती शारदा बाई पति भेरुलाल गौड़ | विक्रय पत्र |
| 02 | 14 | 542 | 33834, रामप्रसाद भार्गव मार्ग उज्जैन | राना शाह पति सय्यद नादिर शाह | हमिदुज पिता मोहम्मद जफर | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 02 | 14 | 543 | 112, कमरी मार्ग पथ क्र. 1 उज्जैन | अली हुसैन पिता मुल्ला फिदा हुसैन लश्करवाला | 1 श्रीमती फातिमा तुराबी 2 श्रीमती शहनाज 3 मेहजबीन लश्करवाला पुत्रिया अली हुसैन लश्करवाला | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 02 | 14 | 544 | 175, वल्लभ भाई पटेल मार्ग उज्जैन | अली हुसैन पिता मुल्ला फिदा हुसैन लश्करवाला | 1 श्रीमती फातिमा तुराबी 2 श्रीमती शहनाज 3 मेहजबीन लश्करवाला पुत्रिया अली हुसैन लश्करवाला | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 02 | 21 | 545 | 18, कमरी मार्ग उज्जैन | अली हुसैन पिता मुल्ला फिदा हुसैन लश्करवाला | 1 श्रीमती फातिमा तुराबी 2 श्रीमती शहनाज 3 मेहजबीन लश्करवाला पुत्रिया अली हुसैन लश्करवाला | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 02 | 14 | 546 | 111, कमरी मार्ग पथ क्र. 1 उज्जैन | अली हुसैन पिता मुल्ला फिदा हुसैन लश्करवाला | 1 श्रीमती फातिमा तुराबी 2 श्रीमती शहनाज 3 मेहजबीन लश्करवाला पुत्रिया अली हुसैन लश्करवाला | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विक्रय पत्र |
| 02 | 7 | 547 | सर्वे क्र. 1075 में का भाग कमल कालोनी उज्जैन | श्यामदास बैरागी पिता लक्ष्मणदास बैरागी | श्रीमती संगीता पति विनोद वर्मा | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 02 | 7 | 548 | 44/1/2, अंकपात मार्ग कमल कालोनी गली क्र. 10 उज्जैन | लक्ष्मणदास बैरागी पिता रामेश्वर बैरागी | श्रीमती अंगूरबाला पति निलेश जैन | वसीयतनामा |
| 02 | 7 | 549 | 44/1/3, अंकपात मार्ग कमला कालोनी उज्जैन | लक्ष्मणदास बैरागी पिता रामेश्वर बैरागी | राजेन्द्र बैरागी पिता स्व लक्ष्मणदास बैरागी | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा |
| 06 | 53 | 937 | भूमि/भूखण्ड 195 पावापुरी धाम | उषा पति डा. आर के छजलानी | वैशाली पति अरविन्द भटनागर | विक्रय पत्र |
| 06 | 53 | 938 | भूमि/भूखण्ड 29/25 त्रिवेणी विहार | महेश कुमार पिता माणकचन्द्र भावसार | कल्पना पति स्व महेश कुमार भावसार | शपथ पत्र / मृत्यु पत्र |
| 06 | 51 | 939 | भूमि/भूखण्ड 03 महाकाल वाणिज्यि केन्द्र | सुरेश पिंगले पिता बिटठल रओ | प्रतेशी पिता सुरेश पिंगले | हकत्याग पत्र |
| 06 | 53 | 951 | भूमि/भूखण्ड बी 28/28 त्रिवेणी विहार | बबीता पति विरेन्द्र मालवीय पिता धन्नालाल | मोना वर्मा पिता राधेश्याम वर्मा | विक्रय पत्र |
| 06 | 53 | 952 | भूमि/भूखण्ड 83 क्षिप्रांजली नगर | विजय पिता राजाराम देशपाण्डे | शुभद्रा पति स्व विजय देशपाण्डे | शपथ पत्र/मृत्यु पत्र |
| 06 | 53 | 953 | भूमि/भूखण्ड 7/10 एल आई जी त्रिवेणी विहार | नरेन्द्र सिंह पिता शैलेन्द्र सिंह | सानिध्य पिता अनिल चौहान | विक्रय पत्र |
| 06 | 53 | 956 | भूमि/भूखण्ड 24 पश्चिमी भाग स्टेट बैंक कालोनी | शर्मीला पति अजय | प्रवेन्द्र सिंह पिता बालमुकुन्द सिंह, बबिता पति प्रवेन्द्र सिंह | विक्रय पत्र |
| 06 | 53 | 957 | भूमि/भूखण्ड 81/4 आनंद नगर | लता पति रूपकिशोर भगोरिया | गोपालदास पिता कन्हैयादास बैरागी | विक्रय पत्र |
| 06 | 51 | 966 | भूमि/भूखण्ड सी 1/8 एम आई जी महाकाल वाणिज्यि केन्द्र | विशाल पिता विजय पाण्डे | सुनील पिता ललित जी गुप्ता | विक्रय पत्र |
| 06 | 53 | 999 | भूमि/भूखण्ड बी 19/7 बसंत विहार | लाडकुंवर बाई पति नेमीचंद | सार्थक पिता अमृतलाल जैसवाल | विक्रय पत्र |
| 06 | 51 | 1014 | भूमि/भूखण्ड 8/12 प्रगति नगर | उर्मिला पति राहुल चावड़ा | आनंदीलाल पिता रामेश्वर, सुशान्त, अंकिता | विक्रय पत्र |
| 06 | 51 | 1015 | भूमि/भूखण्ड 18/16 महानंदा नगर | गोवर्धनलाल पिता स्व हीरालाल जी पण्डया | राकेश पिता ओमप्रकाश अग्रवाल | शपथ पत्र / मृत्यु पत्र |
| 06 | 51 | 1016 | भूमि/भूखण्ड 05 महाश्वेता नगर | रोहित पिता स्व महेश माहेश्वरी | पूनम पति जय सहगल | विक्रय पत्र |
| 06 | 53 | 1020 | भूमि/भूखण्ड सर्वे 2/2 आनंद नगर | मनोहरलाल पिता जगन्नाथ राठौर | किशोर पिता रमेशचन्द्र, शेखर पिता प्रभुलाल, मनोज पिता प्रीतम प्रसाद, अभिलाष पिता अशोक कुमार | विक्रय पत्र |
| 06 | 56 | 1023 | भूमि/भूखण्ड 13/2 प्रगति नगर | मनीष पिता घनश्याम दास बजाज | योगेश पिता स्व घनश्यामदास बजाज | रिलीज डीड |
| 06 | 53 | 1026 | भूमि/भूखण्ड सी 1/25 महानंदा नगर | विश्वास पिता सीताराम शर्मा | राधा पति विश्वास कुमार, शिखा पति रोहित, मेघा पति पुनित कुमार पिता विश्वास | शपथ पत्र / मृत्यु पत्र |
| 06 | 34 | 1018 | भूमि/भूखण्ड 3412/01 का भाग जयसिंहपुरा | लक्ष्मीबाई पति स्व शंकरलाल | धनसिंह पिता शंकरलाल, सोमेश्वर पिता शंकरलाल, रेखाबाई पति तेजकुंवरलाल | विक्रय पत्र |
| 06 | 34 | 1100 | भूमि/भूखण्ड 2336 का भाग जयसिंहपुरा | बन्दु पिता कांतिलाल, संजय, अर्चना, विद्या बाई | तुषार पिता बंटू माली | विक्रय पत्र |
| 06 | 34 | 1101 | भूमि/भूखण्ड 2336 का भाग जयसिंहपुरा | मायाबाई पति अजय | अर्चना पिता कांतिलाल जी | विक्रय पत्र |
| 06 | 34 | 1102 | भूमि/भूखण्ड 2336 का भाग जयसिंहपुरा | बन्दु पिता कांतिलाल, संजय, अर्चना, विद्या बाई | मायाबाई पति अजय | विक्रय पत्र |
| 06 | 34 | 1103 | भूमि/भूखण्ड 2336 का भाग जयसिंहपुरा | राज सिंह पिता विजय सिंह, सुनिल पिता विजय, शैलेन्द्र पिता विजय, लक्ष्मी पति भेरूलाल | संगीता पति शैलेन्द्र | विक्रय पत्र |
| 06 | 34 | 1104 | भूमि/भूखण्ड 2336 का भाग भगतसिंह मार्ग | राज सिंह पिता विजय सिंह, सुनिल पिता विजय, शैलेन्द्र पिता विजय, लक्ष्मी पति भेरूलाल | रेखाबाई पति सुनील | विक्रय पत्र |
| 06 | 34 | 1105 | भूमि/भूखण्ड 2336 का भाग जयसिंह पुरा मार्ग | बन्दु पिता कांतिलाल, संजय, अर्चना, विद्या बाई | रेखाबाई पति सुनील | विक्रय पत्र |
| 06 | 34 | 1106 | भूमि/भूखण्ड 42/9 जयसिंह पुरा | मोहनलाल पिता गोविन्द राम | गोपाल पिता स्व मोहनलाल, मंजुबाई. अमोल आदित्य, नेहर | शपथ पत्र / मृत्यु पत्र |
| 06 | 34 | 944 | भूमि/भूखण्ड 3409/1 चिन्तामण मार्ग | रूखमाबाई पति मनोहरलाल जी | राजेश पिता मांगीलाल, रानी बाई पति राजेश परमार | विक्रय पत्र |
| 06 | 34 | 1006 | भूमि/भूखण्ड 64 भगतसिंह मार्ग | हेमराज पिता स्व अनार जी, गणपत पिता अनार जी, फूलचन्द | शकुन्तला पति स्व हेमराज, रिंकू संजूबाई पति सुरेश | शपथ पत्र / मृत्यु पत्र |
| 06 | 34 | 1029 | भूमि/भूखण्ड 42/2 जयसिंहपुरा | अखिल भारतीय क्षत्रिय सालवी समाज | रविन्द्र प्रताप पिता प्रताप, तेजकरण पिता स्व पन्नालाल | शपथ पत्र / मृत्यु पत्र |
| 06 | 34 | 1042 | भूमि/भूखण्ड 64 का भाग भगत सिंह मार्ग | गणपत पिता स्व अनार जी | मुन्नीबाई पति स्व गणपत, सुनील, प्रदीप, वर्षा | शपथ पत्र / मृत्यु पत्र |
| 06 | 34 | 1055 | भूमि/भूखण्ड 3270/2/1 जयसिंहपुरा | रीना पति चन्द्र प्रकाश | निमेश पिता रविशुक्ला | विक्रय पत्र |
| 06 | 34 | 1065 | भूमि/भूखण्ड 98 का भाग 96 जयसिंह पुरा | दिनेश पिता जगदीश माली | रोशन पिता मांगीलाल | विक्रय पत्र |
| 06 | 34 | 1075 | भूमि/भूखण्ड 2336 का भाग भगतसिंह मार्ग | राज सिंह पिता विजय सिंह, सुनिल पिता विजय, शैलेन्द्र पिता विजय, लक्ष्मी पति भेरूलाल | रेखा पति राजसिंह | विक्रय पत्र |
| 06 | 36 | 975 | भूमि/भूखण्ड 305 विवेकानंद कालोनी | रीना पति आनंद शिवहरे | अंजू पति कल्याण शिवहरे | विक्रय पत्र |

अतः उक्त नामांकन के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो नामांकन विज्ञप्ति जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर लिखित में मय अभिलेख / प्रमाण के साथ अपनी आपत्ति संबंधित झोन के प्रभारी सहायक सम्पत्तिकर अधिकारी को प्रस्तुत करें, नियत अवधी के पश्चात् कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**नोटः-** उक्त नामांकन विज्ञप्ति जाहिर सूचना निगम की वेबसाईट http://nagarnigamujjain.org/ पर भी देखी जा सकती है।

**सहायक आयुक्त (सम्पत्तिकर)**
**नगर पालिक निगम, उज्जैन**

## उद्यानिकी महाविद्यालय में छात्रों ने सीखे पर्यावरण स्थिरता के गुर

**मन्दसौर।** के.एन.के. उद्यानिकी महाविद्यालय में सारथी एक्टिविटी कैलेंडर 2026 के अंतर्गत मई माह की च्क्लीन एंड ग्रीनज् क्लब गतिविधि का सफल आयोजन किया गया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. दीपक हरि रानडे के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रारंभ में खेल अधिकारी प्रदीप तुरुकमाने ने छात्रों को सतत सामुदायिक प्रथाओं के महत्व से अवगत कराया और उन्हें दैनिक जीवन में उचित अपशिष्ट प्रबंधन अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात डॉ. अनुज कुमार द्वारा स्वच्छता, अपशिष्ट पृथक्करण और पर्यावरणीय स्वच्छता विषयों पर एक अत्यंत शिक्षाप्रद व्याख्यान दिया गया। डॉ. अनुज कुमार, डॉ. किरण सोनी एवं डॉ. वीणा राठौर के सक्रिय समन्वय में संचालित यह सत्र विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और उपयोगी साबित हुआ। इस पूरे आयोजन ने विद्यार्थियों के भीतर पर्यावरणीय उत्तरदायित्व और सामुदायिक कल्याण के प्रति एक व्यावहारिक समझ विकसित की, जिससे वे अपने जीवन में स्वच्छ, जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित हुए।

## एस.पी. श्री राजेश व्यास ने ली मैराथन अपराध समीक्षा बैठक

**नीमच।** पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास द्वारा दिनांक 20 मई को पुलिस कन्ट्रोल रूम नीमच पर जिलें के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों की प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक अपराध समीक्षा बैठक ली गई द्य जिसमे आगामी ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु समस्त पुलिस अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश दिये गये। सभी थाना प्रभारी अपने अपने थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठके आयोजित कर ईद-उल-जुहा (बकरीद) को शांतिपूर्ण ढंग से एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने हेतु निर्देश द्य महिला संबंधी अपराधों में थाना प्रभारी को संवेदनशीलता बरती जाकर अपराधों का समय सीमा में निराकरण सहित शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों, काली फिल्म लगे वाहनों, बिना नंबर, तीन सवारी, सहित यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के विरूद्व कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए गए द्य जिले मे बढ़ती चोरी की घटनाओं को देखते हुए सभी थाना क्षेत्रों में रात्रि पेट्रोलिंग एवं रात्रि गश्त पर विशेष ध्यान दे।

## कलेक्टर ने 15 जून तक सीमांकन के लंबित निपटाने के आदेश दिये

**नीमच ।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को किसानों की फार्मर आईडी बनाने के कार्य में विशेष फोकस करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि प्रत्येक पटवारी प्रतिदिन न्यूनतम 10 किसानों की फार्मर आईडी बनाए। साथ ही तहसीलदार और एसडीएम नियमित रूप से इसकी निगरानी और समीक्षा करें। बैठक में वनमंडलाधिकारी एस.के. अटोदे, एडीएम बी.एस. कलेश, सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार और नायब तहसीलदार मौजूद रहे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी तहसीलदार राजस्व के 20-20 बड़े बकायादारों की सूची तैयार कर कलेक्ट्रेट भेजें और उनसे बकाया राशि की वसूली सुनिश्चित करें।

## अवैध हथियार निर्माण फैक्ट्री का पर्दाफाश

**नीमच।** पुलिस महानिदेशक द्वारा अवैध हथियारों के विरूद्व कार्यवाही किये जाने हेतु दिये गये निदेर्शों के पालन में जिला पुलिस अधीक्षक नीमच श्री राजेश व्यास द्वारा अवैध हथियारों की धरपकड हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक व्यास के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिह सिसोदिया एवं एसडीओपी श्रीमति निकीता सिंह के कुशल मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी मनासा निरीक्षक निलेश अवस्थी के नेतृत्व में पुलिस टीम मनासा द्वारा अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का पदार्फाश करते हुए 3 अवैध देशी पिस्टल, दो जिन्दा कारतूस सहित देशी पिस्टल बनाने का सामान जप्त कर 1 आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है।

# चेतन्य काश्यप जैसे गुरुभक्त मिल जाए, तो अनेक अच्छे काम हो सकते है- नित्यसेन सूरीश्वरजी

## कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप के निवास पर हुई गहुली

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



पुण्य सम्राट श्रीमद विजय जयन्तसेन सूरीश्वरजी मसा के शिष्य वर्तमान गच्छाधिपति, आचार्यदेवेश श्रीमद विजय नित्यसेन सूरीश्वर जी म.सा. आदि ठाणा का गुरूवार सुबह कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप के निवास पर पदार्पण हुआ। इससे पहले दिलबहार चौराहा से चल समारोह निकाला गया। इसमें मंत्री चेतन्य काश्यप, महापौर प्रहलाद पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, आरडीए अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, उपाध्यक्ष गोविंद काकानी एवं प्रवीण सोनी सहित गणमान्यजन एवं समाजजन शामिल हुए।

श्री सौधर्म वृहत्तपोगच्छीय राजेन्द्रसूरी त्रिस्तुतिक जैन श्री संघ संरक्षक चेतन्य काश्यप ने परिवार सहित गच्छाधिपति के पदार्पण पश्चात गहुली कर आशीर्वाद लिया। उपस्थित गुरूभक्तों को संबोधित करते हुए श्री काश्यप ने कहा कि गुरू का आशीर्वाद उनके परिवार का सौभाग्य है। पुण्य सम्राट श्रीमद विजय जयन्तसेन सूरीश्वरजी म.सा. ने रतलाम में अंतिम चातुर्मास किया था। उनके बाद प्रथम शिष्य गच्छाधिपति, आचार्यदेवेश श्रीमद विजय नित्यसेन सूरीश्वर जी म.सा. के माध्यम से सर्व समाज को उनकी कृपा दृष्टि प्राप्त हो रही है। गच्छाधिपति का 22 मई को सुबह लोकेन्द्र टाकीज क्षेत्र से नगर में मंगल प्रवेश होगा और मोहन टाकीज में धर्मसभा के बाद वे नीमवाला उपाश्रय में प्रवास करेंगे। इसके बाद 23 मई को वे जयंतसेन धाम जाएंगे और फिर इंदौर चातुर्मास के लिए विहार करेंगे। श्री काश्यप ने गुरूदेव को कांबली भी ओढाई।

गच्छाधिपति, आचार्यदेवेश श्रीमद विजय नित्यसेन सूरीश्वर जी मसा ने आर्शीवचन में कहा कि पुण्य सम्राट गुरूदेव का रतलाम चातुर्मास ऐतिहासिक था। पुण्य सम्राट स्वयं भी ये कहते थे और दीक्षा पश्चात उन्होंने भी रतलाम जैसा चातुर्मास नहीं देखा। गुरू के प्रति समर्पण के भाव के कारण ही ऐसा संभव हुआ। धन-वैभव मिलना और मिलने के बाद उसका सदुपयोग करना महानता का काम होता है। चेतन्य काश्यप परिवार ऐसे कार्य निरंतर करता आ रहा है, जो अनुमोदनीय है। ऐसे गुरू भक्त मिल जाए, तो अनेक अच्छे काम हो सकते है।

इससे पूर्व मुनिश्री विद्वरत्न विजय जी म.सा. ने कहा कि काश्यप परिवार आरंभ से परम भक्त और परम सुश्रावक होकर श्रद्धा, आस्था और विश्वास की गंगोत्री बहा रहा है। रतलाम में पुण्य सम्राट का वर्ष 2016 में ऐतिहासिक चातुर्मास करने से पूर्व मोहनखेडा में विक्रम संवत 2016 में स्व सेठ कन्हैयालाल काश्यप ने गुरूदेव श्रीमद विजय यतिन्द्रसेन सूरीश्वरजी की आज्ञा से हाल निर्मित कराया था। गुरू आज्ञा ही इस परिवार का धर्म है और चेतन्य काश्यप ने राजनीति में भी धर्मनीति का समावेश किया है। धर्मनीति जहां होती है, वहां सफलता मिलना निश्चित है।

कार्यक्रम के आरंभ में मंगलाचरण हुआ। समापन पर गुरूदेव ने महामांगलिक श्रवण कराई। कार्यक्रम का संचालन राजकमल दुग्गड़ द्वारा किया गया। इस दौरान त्रिस्तुतिक जैन श्रीसंघ अध्यक्ष सुशील छाजेड़, ट्रस्टीगण, विभिन्न श्रीसंघों के अध्यक्ष अशोक चौटाला, विनोद मेहता, अशोक चौपड़ा, प्रकाश दरड़ा, हिम्मत गेलड़ा, अजय खिमेसरा, रजनीकांत झामर, मांगीलाल जैन, मंगल अग्रवाल, गौरव अजमेरा और भाजपा के प्रदेश, जिला, मंडल पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्षगण तथा आरडीए पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ के प्रयासों से जीडीसीई परीक्षा जुलाई में आयोजित होगी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



19 एवं 20 मई को चर्च गेट मुंबई में वेस्टर्न रेल्वे मजदूर संघ की महाप्रबंधक स्तर की पीएनएम बैठक आयोजित की गई जिसमें मजदूर संघ के महामंत्री आर जी काबर एवं अध्यक्ष हिरेन मेहता ने पश्चिम रेल्वे के कर्मचारियों की कई समस्याओं एवं मांगों को महाप्रबंधक के समक्ष आउट सेट आइटम के माध्यम से रखा।

रतलाम मंडल की ओर से सहायक महामंत्री एवं मंडल मंत्री अभिलाष नागर एवं मंडल अध्यक्ष प्रताप गिरी बैठक में सम्मिलित हुए। मंडल प्रवक्ता गौरव दुबे ने बताया रतलाम मंडल एवं दाहोद वर्क शॉप से संबंधित निम्न प्रमुख मांगो समस्याओं को जीएम के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

1 लंबित जीडीसीई परीक्षाओं 1/2023 एवं 1/2021 के शीघ्र आयोजन एवं नई जीडीसीई की अधिसूचना के संबंध में जिसमें जुलाई माह में परीक्षा आयोजित होगी ।

2. पालनपुर स्थानांतरित लोको रनिंग स्टाफ को पुनः रतलाम हेतु कार्यमुक्त करने के संबंध में

3. दाहोद वर्कशॉप के अधीन पृथक से वर्क्स विभाग प्रदान करने के संबंध में

4. दाहोद वर्कशॉप से इलेक्ट्रिक विभाग के 35 पदों के स्थानांतरण आदेश को निरस्त करने के संबंध में

5. दाहोद के फार्मासिस्ट को ड्रेस एलाउंस के भुगतान एवं रतलाम के फार्मासिस्ट को एरियर के भुगतान के सम्बन्ध में।

6. टावर वैगन ड्राइवर रोस्टर निरस्त की कार्यवाही के सम्बन्ध में

7. स्टेशन मास्टर केडर के कर्मचारियों को वाणिज्यिक कार्य से मुक्त रखने विषयक

8. एनटीपीसी साइडिंग में स्टेशन मास्टर के लिए सी रोस्टर स्वीकृत करने के सम्बन्ध में

9. रतलाम के शेष अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरणों के सम्बन्ध में

10. सीएलआई वेतन निर्धारण विसंगति के सम्बन्ध में ।




## इनरव्हील क्लब ने शुरू किए दो जल मंदिर, राहगीरों को मिलेगा शीतल जल

**मन्दसौर।** इनरव्हील क्लब मंदसौर के तत्वावधान में भीषण गर्मी के मद्देनजर राहगीरों को राहत पहुंचाने के लिए सोनी और छाबड़ा परिवार के सहयोग से रेवास देवड़ा रोड पर स्थित दादा-दादी पार्क एवं वात्सल्यधाम में पानी के प्याऊ यानी च्जल मंदिरज् का शुभारंभ किया गया है। इस दौरान क्लब अध्यक्ष हेमा हिंगड़ ने कहा कि कड़कती धूप और भीषण गर्मी के मौसम में प्यासे राहगीरों को ठंडा पानी उपलब्ध कराना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। समाज सेवा की दिशा में यह एक बेहतरीन कदम है। उन्होंने जानकारी दी कि श्री नागेश्वर सोनी परिवार ने वात्सल्यधाम में तथा पूर्व अध्यक्ष प्रीति अमित छाबड़ा परिवार ने स्व. दुर्गादत्त दत्ता की स्मृति में दादा-दादी पार्क में प्याऊ लगवाया है। इस अवसर पर क्लब की पूर्व अध्यक्ष डॉ. उर्मिला तोमर, प्रीति छाबड़ा, अमित छाबड़ा, प्रियंका सोनी, रंजना सोनी, सरिता सोनी, निलेश सोनी, प्रियंका राजोरा, कृष्णा, अंश कुमावत आदि उपस्थित रहे।




## पत्रकार डॉ. कौशिक के जन्मदिन पर पक्षी जल पात्र (सकोरे) वितरित

**नीमच।** बुधवार को शहर के (40) भारत माता चौराहे पर पक्षियों के लिए जल पत्र सकुरा वितरण कार्यक्रम में नीमच पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास ने भी जल पात्र वितरण किया। श्री व्यास ने सिर्फ औपचारिकता पूरी नहीं की बल्कि पात्र लेने वाले राहगीर लोगों को पात्र में नियमित रूप से पानी भरने और पक्षियों के पहुंच वाले उचित स्थान पर रखना को कहा जो आपकी संवेदनशीलता दशार्ती है। वरिष्ठ पत्रकार डॉ. जीवन कौशिक, दैनिक अवन्तिका ब्यूरो, नीमच एवं असेंबली आफ एमपी जर्नलिस्ट जिलाध्यक्ष के जन्मदिन के अवसर पर भीषण गर्मी के मौसम में जीव दया पक्षियों के लिए जलपात्र, सकोरे वितरण का आयोजन किया गया द्य पुलिस अधीक्षक श्री व्यास अच्छे आयोजन के लिए शुभकामनाएं भी प्रेषित की ने भी कार्यक्रम में उपस्थिति दी। इसके पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश पप्पू जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता हेमंत हरित, वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक सुरेंद्र सेठी,बेनाडिक कपूर, पत्रकार व संपादक, पत्रकार पुरुषोत्तम शर्मा, सत्येंद्र सक्सेना,मदन सिह धानका, रघुवीर बैरागी, महेंद्र भरानिया, जनसंपर्क अधिकारी जगदीश जी मालवीय भी उपस्थित हूएद्य अंत में संयोजक रघुवीर बैरागी सभी का आभार व्यक्त किया।

## योग साधकों ने श्रमदान से बदली योग भवन की सूरत, पर्यावरण संरक्षण की ली शपथ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर



स्थानीय नूतन स्टेडियम स्थित योग भवन परिसर में दशपुर योग शिक्षा संस्थान द्वारा स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की एक अनूठी मिसाल पेश की गई है। संस्थान के जागरूक योग साधकों ने मिलकर परिसर में एक व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया। साधकों ने कड़ी मेहनत कर परिसर में लंबे समय से उगी कटीली झाड़ियों को साफ किया और वहां बिखरे पड़े पत्थरों, प्लास्टिक कचरे तथा कांच की बोतलों को पूरी तरह से हटाकर एक स्वच्छ मैदान तैयार कर दिया। स्वच्छता कार्य पूरा होने के बाद परिसर को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर पौधरोपण भी किया तथा इन पौधों की नियमित देखभाल करने और उन्हें रोज पानी देने की जिम्मेदारी स्वयं साधकों ली।इस अवसर पर योग गुरु सुरेंद्र जैन ने कहा कि जिस प्रकार योग हमारे अंतर्मन और शरीर को शुद्ध करता है, ठीक उसी प्रकार श्रमदान से हमारी बाह्य प्रकृति और परिवेश निर्मल बनते हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रकृति को हमारी सबसे ज्यादा जरूरत है, इसलिए हमें सिर्फ पौधे लगाने तक सीमित न रहकर उनके संरक्षण का संकल्प भी लेना होगा। इस अभियान में संस्था जितेश फरक्या, लोकेन्द्र जैन, प्रीति जैन, प्रेमेन्द्र चौरड़िया, आनन्द कश्यप, महेश सेठिया, जापानी भावनानी, आनन्द कर्ण, रेखा पोरवाल सहित अनेक साधक उपस्थित थे।

## हत्या व डकैती की घटना में फरार आरोपी गिरफ्तार

**रतलाम।** जिले में गंभीर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री अमित कुमार (भा.पु.से.) द्वारा सभी थाना प्रभारियों को विशेष अभियान ऑपरेशन क्लीन* चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विवेक कुमार एवं एसडीओपी सैलाना श्रीमती नीलम बघेल के मार्गदर्शन में थाना बाजना पुलिस द्वारा हत्या एवं डकैती के प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है।

## राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर पंचायती राज संगठन ने निकाली प्रभातफेरी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलीयामंडी



भारत रत्न देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व,राजीव जी गांधी की पुण्यतिथि पर गुरुवार को पंचायती राज संगठन द्वारा प्रातः 8 बजे काचरिया चन्द्रावत गांव में प्रभातफेरी निकाली उसके पश्चात बालाजी मंदिर परिसर में कार्यक्रम आयोजित हुवा जिसमे सर्वप्रथम राजीव जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

इस मौके पर राजीवगांधी पंचायत राज संगठन के जिला अध्यक्ष महेश पाटीदार ने कहा कि राजीवगांधी जी संचार क्रांति के जनक थे उन्होंने 18 वर्ष की आयु वाले युवाओ को मताधिकार दिया उनके कार्यकाल में देश ने ऊंचाइयां हासिल की हम उनके बताए मार्ग पर चलकर उनके विचारों को भी आत्मसात करे उन्हें यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

राजीवगांधी पंचायत राज संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष श्यामलाल चावली ने कहा कि राजीवगांधी ने हमेशा किसान, गरीब, मजदूर की बात की उन्होंने ग्रामीण विकास पर जोर दिया और पंचायती राज लागू किया उन्होंने इक्कीसवीं सदी का सपना देखा था।इस मौके पर बीएलए का सम्मान भी किया गया

कार्यक्रम को जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष अजहर हयात मेव,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा,पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,अजित कुमठ,रामचंद्र करुण,लियाकत मेव, मॉडलम अध्यक्ष किशनलाल चौहान, हरिओम,प्रदेश युवक कांग्रेस के महासचिव विनोद पटेल,सरपंच प्रतिनिधि इशू धनगर,पूर्व सरपंच श्यामलाल लकुम,बंशीलाल पाटीदार पटेल,दिनेश गुप्ता काचरिया आदि ने संबोधित किया

इस अवसर पर नाथूलाल पाटीदार, हरिओम,मुकेश धनगर, मुकेश,नगर अध्यक्ष महेश धनगर,मांगीलाल बबलू पाटीदार,कन्हैयालाल धनगर, कनीराम चंद्रवंशी,गोपाल चंद्रवंशी, मुकेश चंद्रवंशी, भागचंद मालवीय,पप्पू बावरी आदि मौजूद थे।संचालन कृष्णकांत माली ने किया आभार नाथूलाल पाटीदार द्वारा किया गया।

## न्यूज कालम



## श्री पशुपतिनाथ मंदिर की दान पेटियों से निकले 22 लाख से अधिक

**मंदसौर।** विश्व प्रसिद्ध भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर के गर्भगृह और परिसर में रखी दान पेटियों को खोलकर की गई दो दिवसीय गणना का कार्य संपन्न हो गया है। इस बार गिनती में कुल 22 लाख 31 हजार रुपये की नकद राशि प्राप्त हुई है। इसके साथ ही बाबा पशुपतिनाथ के खजाने में सोना-चांदी सहित कई देशों की विदेशी मुद्रा भी बड़ी मात्रा में निकली है। गणना के पहले दिन यानी 20 मई को दान पेटियों से 15 लाख 83 हजार रुपये की राशि प्राप्त हुई थी, जिसके अगले दिन 21 मई को दूसरे चरण की गिनती में 6 लाख 48 हजार रुपये और निकले। इस प्रकार दो दिनों की कुल गणना में मंदिर प्रबंधन को कुल 22 लाख 31 हजार रुपये का नकद दान प्राप्त हुआ। नकद राशि के अलावा गणना में कुल 250 ग्राम चांदी के छोटे-मोटे विभिन्न आइटम और करीब 20 ग्राम सोने के आभूषण व वस्तुएं प्राप्त हुई हैं। विदेशी मुद्रा में जॉर्डन का 1 दिनार का नोट व 5 पेंस का सिक्का, थाईलैंड का 20 का एक नोट व 20 का एक सिक्का, संयुक्त अरब अमीरात का 1 सिक्का और केन्या का 1 शिलिंग शामिल है। इसके अलावा नेपाल देश के 1 रुपये के 2 नग सिक्के तथा 2 रुपये का 1 नग सिक्का भी प्राप्त हुआ है, जबकि अन्य विभिन्न देशों के 4 नग सिक्के भी दानपात्र से निकले हैं।

## शिवना शुद्धिकरण अभियान के 122वें दिन दो ट्राली कचरा निकाला

**मन्दसौर।** शिवना शुद्धिकरण अभियान के 122वें दिन भी श्रमदानियों ने श्री पशुपतिनाथ मंदिर के समीप स्थित छोटी पुलिया के दोनों किनारों पर मोर्चा संभाला। इस दौरान नदी के किनारों पर फैले प्लास्टिक कचरे और गाद को पूरी तरह साफ किया गया। इसके साथ ही नदी तट और घाटों के आसपास श्रद्धालुओं व लोगों द्वारा फेंके गए गंदे कपड़े, पुरानी मालाएं और अन्य पूजन सामग्री को भी एकत्रित कर हटाया गया। गुरुवार को आयोजित इस श्रमदान के अंतर्गत घाटों के आसपास बेतरतीब उगी गाजर घास की भी सफाई की गई, जिससे मंदिर और नदी के आसपास का पूरा वातावरण स्वच्छ, सुंदर और निर्मल नजर आने लगा है। वर्तमान में शिवना शुद्धिकरण के तहत प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे तक लगातार श्रमदान किया जा रहा है। अभियान में श्रमदान करने वालों में विधायक विपिन जैन सहित शहर के अनेक गणमान्य समाजसेवी, विभिन्न समाजों के पदाधिकारी, महिला नेत्रियां, कांग्रेस कार्यकर्ता और युवा शामिल हुए, जिन्होंने नदी से करीब दो ट्राली कचरा बाहर निकाला।

## ट्रक ने बाइक को टक्कर मारी, ट्रक के अंदर फंस गया बाइक सवार का शव




**पिपलियामंडी।** २१ में गुरुवार को दोपहर में हाईवे पर चौपाटी के पास विजय होटल के सामने खात्याखेड़ी निवासी राधेश्याम माली (दलाल) के ट्रक से कुछ ले जाने पर मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक आगे आगे राधेश्याम सैनी अपनी बाइक से चल रहे थे। बताया जा रहा है कि रोड खराब होने के कारण बैलेंस बिगड़ और गिर पड़े पीछे से आकर के ट्राले ने उनको बुरी तरह से कुचल दिया। मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। इससे पूर्व ट्रक का ड्राइवर ने भाग करके पुलिस थाने में शरण ले ली। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में लेकर मामला विवेचना में लिया।

## निनोरा में 7 दिवसीय वैदिक प्रशिक्षण योग प्राणायाम शिविर का आयोजन



**पिपलिया मंडी।** निनोरा आर्य समाज आर्य युवक परिषद के संयुक्त तत्वाधान में 17 से 24 मई तक सात दिवसीय वैदिक योग प्राणायाम व आत्मरक्षार्थ प्रशिक्षण शिविर का आयोजन चल रहा है। जिसमें योग प्रशिक्षक समरथ पाटीदार परशुराम धनगर एवं व्यायाम प्रशिक्षक रक्षिता पाटीदार रुचिका पाटीदार के द्वारा प्रतिदिन प्रातः 5 से 8 बजे तथा सायं 5 से 8 बजे तक महर्षि दयानंद खेल मैदान में नैनोरा, खेड़ा खदान, बालागुड़ा, बरखेड़ा पंथ सहित कई गांवो से युवक युवतियाँ शिविर का लाभ ले रहे है। उक्त जानकारी देते हुए उपरोक्त शिविर के प्रभारी दयानंद पाटीदार ने बताया है कि शिविर के अंत में सभी युवा युवतियों को पं शीवनारायण नागर द्वारा यज्ञ मे प्रशिक्षण दिया जाता है।

## नीमच सुर संगम ने आशा ताई को समर्पित संगीत संध्या




**नीमच-** शहर की संगीत को समर्पित संस्था सुर संगम म्यूजिकल ग्रुप नीमच द्वारा स्वर्गीय आशा भोंसले आशा ताई को समर्पित गीतों की सध्या संपन्न हुई।जिसमें सदस्यों ने गीतों के माध्यम से फिल्म संगीत जगत की आधुनिक चुलबुले गीतों की गायिका आशा ताई के गीतों को गाकर अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की ।



## भगवान के प्रति श्रद्धा से हर संकट दूर होते हैं -बहिन श्याम प्रिया

**महिदपुर रोड।** भगवान के प्रति सच्ची श्रद्धा तथा आस्था से आपका हर संकट दूर होता हैं भगवान अपने सच्चे भक्त को कभी मुसीबत में अकेला नहीं छोड़ते। यह बात ग्राम आबू पुरा में तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा कथा आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में कथा श्रवण करने आई महिलाओं तथा पुरुषों को कथा का वृत्तांत सुनाते हुए कथा प्रवक्ता छोटी बहिन निकिता श्याम प्रिया ने कहीं नानी बाई का मायरा के दौरान कथा का रसपान कराते हुए आपने कहा भक्ति वचन भगवान श्री कृष्ण ने अपने भोले भक्त नरसी मेहता की पुत्री के ससुराल वालों का शादी के दौरान भात मायरे के वक्त उसका उपहास उड़ाने वालों को ईश्वरीय आस्था से सबको आश्चर्यचकित करने वाला मायरा नानी बाई का भाई बन कर लाने की कथा का विस्तार से वर्णन किया। कथा प्रवक्ता निकिता श्याम प्रिया का कथा प्रारंभ होने से पूर्व आयोजन समिति के सदस्यों तथा महिला श्रद्धालुओं ने पुष्प माला पहना कर सम्मान किया तीन दिवसीय कथा का 20 मई बुधवार को समापन हुआ।

## 30 जून तक ई-केवाईसी नहीं कराने पर रुकेगी गैस सब्सिडी



**सारंगपुर।** जिन एलपीजी उपभोक्ताओं ने अब तक बायोमेट्रिक आधार प्रमाणीकरण यानी ई-केवाईसी नहीं कराई है, उनकी गैस सब्सिडी 30 जून तक होल्ड पर रखी जाएगी। क्षेत्र में करीब 25 प्रतिशत उपभोक्ता ऐसे बताए जा रहे हैं, जिन्होंने अभी तक ई-केवाईसी नहीं कराई है। इस संबंध केंद्र सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने निर्देश जारी किए हैं निर्देश के अनुसार यदि उपभोक्ता 30 जून 2026 या उससे पहले ई केवाईसी करा लेते हैं तो इस अवधि तक लिए गए रिफिल पर मिलने वाली पात्र सब्सिडी बाद में उनके खाते में जारी कर दी जाएगी। वहीं तय समय सीमा तक ई-केवाईसी नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं की लंबित सब्सिडी समाप्त हो जाएगी और उन्हें 1 जुलाई से गैर-सब्सिडी दर पर गैस सिलेंडर लेना होगा। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि 30 जून के बाद ई-केवाईसी कराने वाले उपभोक्ताओं को केवल भविष्य में लिए जाने वाले रिफिल पर ही सब्सिडी का लाभ मिलेगा।

## पूर्व विधायक गुर्जर ने किया वार्ड नंबर 06 में सीसी रोड का शुभारंभ



**खाचरौद।** नगर के वार्ड 6 अंतर्गत आने वाले गुरुनानक मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ 18 मई को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक दिलीपसिंह गुर्जर उपस्थित रहे।उक्त जानकारी देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद भरावा ने बताया कि वार्ड 6 अंतर्गत आने वाले गुरुनानक मार्ग विगत कई दिनों से जीर्णशीर्ण हो गया था तथा पाइप लाइन हेतु सड़क के खुदने के कारण आये दिन दुर्घटना होती रहती थी। क्षेत्रवासियों द्वारा कई बार उक्त सड़क निर्माण की मांग की गई हैं। साथ नगर को रावला क्षेत्र, थोक सब्जी मंडी से जोड़ने वाला यह मुख्य मार्ग भी हैं, इस कारण उक्त मार्ग से दिन भर में कई वाहन गुजरते हैं। तथा सड़क के नही होने से काफी परेशानियों का सामना वाहन चालक को करना पड़ता था।भरावा ने बताया कि आप जनता की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए उक्त गुरुनानक मार्ग के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। साथ ही ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण के निर्देश भी प्रदान किए।इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष दिनेश ठन्ना, नपा पार्षद दशरथ वाकतारिया, नारायण मंडावलिया, पार्षद प्रतिनिधि राजेन्द्र धाकड़, राहुल मेहता, बाबू नागर, जितेन्द्र पांचाल, शहर काजीद्वय डॉ. उरूज एहमद, गुल्जार हुसैन, वरिश्ठ कांग्रेस नेता अजीज पेंटर, अनवर हुसैन, किन्नर कुमकुम बाई व परिवार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर, बाइक सवार दो युवक गंभीर घायल



**सुसनेर।** बढ़िया जोड़ के समीप हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार भाजपा मंडल कार्यालय सह प्रभारी मनोज माली पिता राधेश्याम माली (सुमन मैरिज गार्डन), एवं राजेश माली पिता कैलाश माली बाइक से झालावाड़ से सुसनेर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान बढ़िया जोड़ के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। पैरामेडिकल ऑफिसर डॉ. शहजाद खान की सहायता से घायलों को तत्काल सुसनेर के सिविल अस्पताल लाया गया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। जानकारी लगते ही भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ सौरभ जैन बाबू, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राहुल सिसोदिया सिविल अस्पताल पहुचे।

### केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन के समर्थन में दवा दुकानें पूर्णतः बंद रही

# देशव्यापी हड़ताल का असरः मेडिकल स्टोर रहे बंद, सिविल अस्पताल बना मरीजों का सहारा






दैनिक अवन्तिका ▶▶ मक्सी

ऑल इंडिया केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर आज आयोजित देशव्यापी हड़ताल का व्यापक असर मक्सी नगर में भी देखने को मिला। मक्सी केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के समर्थन में आज नगर की सभी छोटी-बड़ी दवा दुकानें पूरी तरह से बंद रहीं, जिससे बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों के अनुसार, ऑनलाइन फामेर्सी के विरोध, दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर रोक लगाने और अपनी विभिन्न न्यायसंगत मांगों को लेकर यह कदम उठाया गया है। केमिस्टों का कहना है कि ऑनलाइन दवाओं की बिक्री से न केवल उनके व्यापार पर संकट खड़ा हो गया है, बल्कि बिना डॉक्टर के पर्चे के दवाएं डिलीवर होने से आम जनता के स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ हो रहा है।

**बंद का रहा व्यापक असर**

मक्सी केमिस्ट एसोसिएशन के सचिव जितेन्द्र जैन ने बताया कि नगर के सभी दवा विक्रेताओं ने एकजुटता दिखाते हुए स्वेच्छा से अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। एसोसिएशन द्वारा जिला स्तर पर प्रशाशन को ज्ञापन सौंपा गया एवं दवा विक्रेताओं ने सरकार से मांग की है कि खुदरा दवा व्यापारियों के हितों की रक्षा की जाए और ऑनलाइन फामेर्सी पर तुरंत प्रभाव से लगाम लगाई जाए, एवं अन्य मांगे मानी जाये । यदि सरकार द्वारा उनकी मांगों पर सकारात्मक विचार नहीं किया गया, तो आगामी दिनों में आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

सुसनेर

दवा व्यापारियों की विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को तहसील केमिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर नगर सहित क्षेत्रभर के मेडिकल स्टोर बंद रहे। बंद में नगर के 50 से अधिक मेडिकल संचालकों ने हिस्सा लिया। निजी मेडिकल स्टोर बंद रहने से दिनभर बाजार में सन्नाटा दिखाई दिया और दवा लेने पहुंचे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।


केमिस्ट व्यापारियों ने आगर पहुंचकर जिला स्तर पर अपना विरोध दर्ज कराया तथा प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मांगों के निराकरण की मांग की। व्यापारियों का कहना था कि लंबे समय से उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होने के कारण उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। हालांकि बंद के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सिविल अस्पताल में व्यवस्थाएं बनाए रखीं। सिविल अस्पताल की डिस्पेंसरी 24 घंटे खुली रही, जिससे मरीजों को काफी राहत मिली। अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को सरकारी पर्ची बनवाकर दवा काउंटर से आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गईं। चीफ बीएमओ डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि दवा व्यापार बंद को देखते हुए अस्पताल में दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखा गया था। मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी गई और उपचार व्यवस्था नियमित रूप से जारी रही। बंद के दौरान कई लोग निजी मेडिकल स्टोर बंद मिलने पर सीधे सिविल अस्पताल पहुंचे, जहां उन्हें मुफ्त दवाएं उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य विभाग की तत्परता से आपातकालीन मरीजों को राहत मिल सकी।

### सिविल अस्पताल में मोबाइल चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

## बहन की डिलीवरी कराने आए युवक का मोबाइल चोरी

### अस्पताल परिसर में सो रहे युवक के पास से मोबाइल ले गया चोर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर



पुराना बस स्टैंड स्थित शासकीय सिविल अस्पताल में मोबाइल चोरी की घटना सामने आई है। देर रात हुई यह वारदात अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मामले में पीड़ित युवक ने बुधवार को पुलिस थाने पहुंचकर लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार ग्राम पिपल्याचाचा निवासी हेमराज पिता कालूसिंह सौंधिया अपनी बहन की डिलीवरी कराने के लिए सिविल अस्पताल आया हुआ था। रात के समय उसका भाई अस्पताल परिसर में सो रहा था। इसी दौरान अज्ञात चोर उसके पास रखा मोबाइल फोन चोरी कर ले गया। सुबह मोबाइल नहीं मिलने पर परिजनों ने आसपास तलाश की लेकिन मोबाइल का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई, जिसमें एक संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधियां दिखाई देने की बात सामने आई है। घटना के बाद पीड़ित हेमराज ने पुलिस थाने पहुंचकर लिखित आवेदन सौंपा और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

स्थानीय लोगों के अनुसार सिविल अस्पताल परिसर में पूर्व में भी मोबाइल चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। रात के समय मरीजों और उनके परिजनों की भीड़ रहने के कारण चोर सक्रिय हो जाते हैं। लोगों ने अस्पताल प्रबंधन और पुलिस प्रशासन से अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध युवक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

**ईंधन बचत का संदेश**

## सुरक्षित पर्यावरण का यही आधार-ईंधन बचत हर बार-टेटवाल

**सारंगपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशवासियों से किए गए ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण के आह्वान को आत्मसात करते हुए बुधवार को कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल और मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार ने आमजन को सादगी और ऊर्जा संरक्षण का संदेश देते हुए कैबिनेट बैठक में शामिल होने के लिए ई-रिक्शा से बंगले से मंत्रालय फिर वापस बंगले तक एक साथ यात्रा की। सुरक्षित पर्यावरण का यही आधार ईंधन बचत हर बार का संदेश देते मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्रीजी ने संसाधनों के संयमित उपयोग का जो आह्वान किया है, उसे हम सभी को अपने आचरण में उतारना चाहिए। इसी उद्देश्य से आज हमने ई-रिक्शा से मंत्रालय आने -जाने का निर्णय लिया। मंत्री गौतम टेटवाल और नारायण सिंह पंवार ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि हम सभी को पेट्रोल-डीजल की अनावश्यक खपत को कम करने, पर्यावरण संरक्षण को बढावा देने और ऊर्जा बचत को एक जनआंदोलन बनाने का संकल्प लेना चाहिए।

## सच्चा ज्ञान विनम्रता, आत्मचिंतन व संयम से प्रकट होता है : मुनिश्री

**सारंगपुर।** सच्चा ज्ञान वही है, जो व्यक्ति के व्यवहार में विनम्रता, संयम और आत्मकल्याण की भावना के रूप में दिखाई दे। थोडे से ज्ञान को पूर्ण ज्ञान समझ लेना अज्ञानता है। वास्तविक ज्ञानी वही है, जो विवेक के साथ आत्मचिंतन करे और अपने जीवन को धर्ममय बनाए। यह बात मुनिश्री प्रवर सागर महाराज ने प्रवचन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति संयम और चारित्र को धारण करता है, वही आत्मा के कल्याण की दिशा में आगे बढता है। भव्य जीव ही जिनवाणी की महत्ता को समझ सकता है। जिनवाणी केवल शब्द नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाली दिव्य प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि किसी नगर और समाज का पुण्य जागृत होने पर ही संतों का आगमन होता है।

# महिदपुर का मुख्य बाजार धूल में दबाः आठ वर्षों से व्यापारी-परेशान, नगर पालिका मौन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर

नगर के प्रमुख व्यापारी क्षेत्र गांधी मार्ग की स्थिति पिछले कई वर्षों से बदहाल बनी हुई है। यहां के नागरिक और व्यापारी सड़क से उठती धूल और गड्ढों से इस कदर परेशान हैं कि अब सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क, यह समझ पाना भी मुश्किल हो गया है।

जानकारी के अनुसार, इस मार्ग पर बनी सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण के मात्र 6 महीने के भीतर ही उखड़ गई थी। तब से लेकर आज तक करीब 8 वर्षों से यह मार्ग धूल के गुबार और जर्जर हालत का शिकार बना हुआ है। नगर का मुख्य मार्ग होने के कारण यहां प्रतिदिन भारी संख्या में लोगों की आवाजाही रहती है, जिससे समस्या और भी गंभीर हो जाती है।

गांधी मार्ग नगर का सबसे बड़ा व्यापारिक केंद्र है और नगर पालिका को सबसे अधिक संपत्तिकर देने वाले क्षेत्रों में शामिल है। इसके बावजूद, मूलभूत सुविधा जैसे सड़क की मरम्मत तक नहीं हो पाना कई सवाल खड़े करता है। राजनीतिक दृष्टि से भी यह वार्ड महत्वपूर्ण रहा है, जहां पिछले चार चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को सर्वाधिक समर्थन मिला है। आजादी के बाद पहली बार नगर पालिका में भाजपा की अध्यक्ष और परिषद बनने के बावजूद, पिछले चार वर्षों में इस क्षेत्र की स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हुआ है। स्थानीय नागरिक लगातार सड़क दुरुस्ती की मांग कर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदारों की ओर से अब तक ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

अब जबकि नगर पालिका चुनाव में लगभग एक वर्ष का समय शेष है, यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या इस क्षेत्र के नागरिक अपनी मौजूदा स्थिति को देखते हुए फिर से वही समर्थन देंगे? क्या जनप्रतिनिधि इस समस्या की गंभीरता को समझते हुए शीघ्र समाधान की दिशा में कदम बढ़ाएंगे?

नगरवासियों का कहना है कि विकास के वादों के साथ चुनी गई परिषद से उन्हें बुनियादी सुविधाओं की अपेक्षा है। अब देखना यह होगा कि नगर पालिका इस ओर कब तक ध्यान देती है, या फिर यह मुद्दा भी चुनावी वादों तक ही सीमित रह जाएगा।

### ग्राम पाटक्या में कृषि रथ के माध्यम से किसानों को किया गया जागरूक

# ई-टोकन प्रणाली और प्राकृतिक खेती पर विशेष जोर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत बुधवार को ग्राम पाटक्या में कृषि रथ का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों तक आधुनिक कृषि तकनीकों, सरकारी योजनाओं और उन्नात कृषि प्रबंधन की जानकारी पहुंचाना था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राजेश राजपूत, आरएचईओ रितेश परमार, बीटीएम मयंक जैन और क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी संदीप नागर उपस्थित रहे। अधिकारियों ने चौपाल लगाकर किसानों से कृषि को लाभ का धंधा बनाने के लिए सीधे संवाद किया।

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने ई-टोकन प्रणाली से खाद वितरण की व्यवस्था और फार्मर आइडी पर सबसे ज्यादा जोर दिया।




राजपूत ने कहा कि अब खाद की सुचारू और पारदर्शी बिक्री के लिए ई-टोकन व्यवस्था लागू की जा रही है। इसके जरिए बिना किसी परेशानी के सही समय पर खाद प्राप्त करने के लिए हर किसान के पास फार्मर आइडी होना अनिवार्य है। विभागीय टीम ने किसानों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे जल्द से जल्द अपनी फार्मर आइडी बनवाएं ताकि खाद वितरण के समय उन्हें कतारों में न लगना पडे और कालाबाजारी पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके। आइडी बनने से किसानों का डेटा सुरक्षित रहेगा और सीधे उनके खाते व पात्रता के अनुसार खाद का आवंटन सुनिश्चित होगा।

**प्राकृतिक खेती और नरवाई प्रबंधन पर भी हुई चर्चा**

ई-टोकन के अलावा कृषि रथ के माध्यम से अन्य महत्वपूर्ण समसामयिक विषयों पर भी विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। जिसमें प्राकृतिक खेती का महत्व बताते हुए कहा गया कि धरती की उर्वरा शक्ति को बचाने और खेती की लागत को कम करने के लिए रासायनिक खादों की जगह प्राकृतिक व जैविक तरीकों को अपनाने की सलाह दी गई। वहीं गेहूं की कटाई के बाद खेतों में नरवाई (पराली) न जलाने की सख्त हिदायत दी गई। अधिकारियों ने समझाया कि नरवाई जलाने से मित्र कीट नष्ट होते हैं और भूमि की उपजाऊ क्षमता घटती है। इसके बजाय पूसा डीकंपोजर या आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के अंत में ग्राम पाटक्या के बडी संख्या में मौजूद जागरूक किसानों ने कृषि रथ का स्वागत किया और उन्नात कृषि तकनीकों को अपनाने का संकल्प लिया।

## पंडित दवे के भागवत प्रवचन द्वारिका धाम गुजरात पर आयोजित होंगे

**इंगोरिया।** गौपाल गौ शाला दुनालजा_ मालपुरा के सौजन्य से द्वारिका धाम गुजरात में 7 दिवसीय श्रीमद



भागवत ज्ञान गंगा महोत्सव का आयोजन किया गया है। क्षेत्र के प्रसिद्ध भागवत प्रवचन कर्ता पंडित पुष्कर राज दवे के मुखारबिंद से 25 मई से 31 तक क्षेत्र के श्रद्धालुओं को कथा प्रवचन का पुण्य लाभ उठाने का सौभाग्य मिलेगा। कथा स्थल श्री स्वामी नारायण ट्रस्ट ( धर्मशाला) द्वारिका गुजरात है। गोपाल गौ शाला समिति संयोजक मेहरबान सिंह चावड़ा, गौ यात्रा संयोजक मनीष शर्मा लबायचा और गौ यात्रा व्यवस्थापक प्रकाश बैरागी ने बताया कि धार्मिक श्रद्धालु अधिक से अधिक संख्या में द्वारिका धाम पहुंच कर गौ तीर्थ यात्रा के सहभागी बने। और पंडित पुष्कर राज दवे के मुखारबिंद से अमृत कथा का रस पान कर जीवन को सफल बनाएं।

## गोलू वाल्मीकि बने प्रदेश महामंत्री

**सारंगपुर।** अखिल भारतीय वाल्मीकि महापंचायत में संस्थापक व राष्ट्रीय महासचिव चौधरी सुरेंद्र कुमार



लोहट एवं राष्ट्रीय महासचिव तथा मध्यप्रदेश प्रभारी राहुल निन्धाने के निर्देश एवं प्रदेश अध्यक्ष नवीन पारछे के आदेश नगर के समाजसेवी गोलू वाल्मीकि को अखिल भारतीय वाल्मीकि महापंचायत युवा प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति पर नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, दीपक बैरागी, योगेश सांगते, नीलेश वर्मा, अक्षय सक्सेना, कुलदीप राठौर, आकाश शर्मा, प्रेम शर्मा तथा विनोद पुष्पद आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## पूर्व प्रधानमंत्री स्व. गांधी की पुण्य-तिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**ब्यावरा।** ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी ब्यावरा के तत्वावधान में देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व.राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसजनों ने राजीव के चित्र पर सूत की माला और पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।व सभी कांग्रेस जनों ने अपने विचार रखकर कहा कि 21वीं सदी के आधुनिक भारत की नींव रखने वाले, युवाओं को 18 वर्ष में मतदान का अधिकार देने वाले और पंचायती राज को मजबूत करने वाले हमारे जनप्रिय नेता के विचार और उनका बलिदान हमेशा हम सभी को देश सेवा की प्रेरणा देता रहेगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल दांगी, आफताब खान, कपिल शिवहरे, विश्वनाथ दांगी, फूलसिंह वर्मा, जगदीश सेन, युनुस मोहम्मद, कैलाश कुशवाह, फिरोज लाला, विष्णु गुर्जर, संजय बंसल, शिवनारायण अहिरवार, सुनील, राधेश्याम पवैया, शाक्यवार, फूलसिंह वर्मा, राम पंवार, लेखराज लोधी, जगदीश दांगी, रामनारायण भारती, श्याम पटेल सहित कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**नकबजनी का आरोपी गिरफ्तार**

## चोरी गया 2 लाख 40 हजार रु का माल किया जप्त

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में चोरी, नकबजनी एवं संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। एसडीओपी नरसिंहगढ़ सुश्री मिनी शुक्ला के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी बोडा उप निरीक्षक देवेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में पुलिस ने नकबजनी के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपि को गिरफ्तार कर चोरी किए गए 2 लाख 40 हजार रुपए का माल जप्त किया। फरियादी मथुरा लाल पिता मानसिंह यादव 60 साल निवासी ग्राम गुराडिया खेड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात 1 बजे एक अज्ञात व्यक्ति फरियादी के बिस्तर के नीचे रखें 2 लाख 40 हजार रुपए चोरी कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की तलाश हेतु विशेष पुलिस टीम गठित की। टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज एवं साइबर सेल की सहायता से संदिग्ध की पहचान कर राहुल वर्मा पिता भंवर लाल वर्मा निवासी गुराडिया खेड़ी से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने घटना को स्वीकार किया आरोपी के कब्जे से चोरी गए 2,40,000 रु जप्त कर गिरफ्तार किया।

## आधार नामांकन एवं अपडेट हेतु विशेष अभियान का आयोजन कल

**तराना।** शनिवार सुबह 8 बजे से सायं 6 बजे तक तराना डाकघर में आधार नामांकन एवं अपडेट हेतु विशेष अभियान का आयोजन किया जा रहा है।इस विशेष अभियान के अंतर्गत नागरिक अपने आधार कार्ड में आवश्यक संशोधन जैसे नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, बायोमेट्रिक अपडेट आदि आसानी से करवा सकते हैं। यह सुविधा भारत सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क पर उपलब्ध रहेगी। अभियान के दौरान संबंधित डाकघरों में अतिरिक्त व्यवस्थाएं की गई हैं ताकि अधिक से अधिक नागरिकों को शीघ्र एवं सुगम सेवा प्रदान की जा सके। नागरिकों से अनुरोध है कि आधार नामांकन एवं अपडेशन के विशेष अवसर का लाभ उठाते हुए अपने आधार से संबंधित कार्य समय पर पूर्ण कराएं। जानकारी डाकपाल नवनीत सिंह डाकघर तराना द्वारा दी गई।

# जूनियर एनटीआर की फिल्म ड्रैगन का टीजर रिलीज



## खतरनाक किलर के लुक में में दिखे एक्टर; घर के बाहर जमा हुए हजारों फैंस





साउथ सिनेमा एक्टर जूनियर एनटीआर ने अपना 43वां जन्मदिन 20 मई को मनाया। इस मौके पर उनकी आने वाली फिल्म 'ड्रैगन' का पहला ग्लिम्स (टीजर) रिलीज कर दिया गया है। फिल्म में एनटीआर एक खतरनाक हत्यारे (असेसिन) के रोल में नजर आ रहे हैं। वहीं, हैदराबाद में एक्टर के घर के बाहर तड़के सुबह से ही हजारों फैंस की भीड़ जमा हो गई। एनटीआर ने अपने घर के बाहर आकर फैंस का अभिवादन स्वीकार किया। रिलीज हुए ग्लिम्स वीडियो के मुताबिक, फिल्म की कहानी ग्लोबल अफीम वॉर (ग्लोबल ओपियम वॉर) के इर्द-गिर्द बुनी गई है। टीजर की शुरूआत एक बैकग्राउंड वॉइस ओवर से होती है। इसमें बताया जाता है कि ब्रिटिश मूल रूप से भारत में अफीम की खेती के लिए आए थे, जिससे हेरोइन बनती है।

अंग्रेजों ने भारत में रहकर उन दो मुख्य जगहों पर कंट्रोल किया जहां प्रतिबंधित ड्रग्स की सबसे ज्यादा खेती होती थी। इसमें अफगानिस्तान और थाईलैंड, लाओस और बर्मा का क्षेत्र शामिल है। अंग्रेजों के जाने के बाद दो मुख्य ग्रुप 'अफगान ट्रेडिंग कंपनी' और 'गोल्डन ट्रायंगल' के बीच अफीम के बिजनेस पर कब्जे को लेकर जंग शुरू हो जाती है।

### खतरनाक लुक में दिखे एनटीआर

इस फिल्म में जूनियर एनटीआर 'अफगान ट्रेडिंग कंपनी' के सबसे बड़े शूटर और हत्यारे लूगर का किरदार निभा रहे हैं, जिसे 'ड्रैगन' भी कहा जाता है। ग्लिम्स में उनका लुक काफी आक्रामक और दमदार दिख रहा है। वीडियो में उनका एक डायलॉग भी है। इसमें वे कहते हैं, ₹जब मैं सोने के लिए अपनी आंखें बंद करता हूं, तो मुझे उन लोगों के चेहरे नहीं दिखते जिन्हें मैंने मारा है। मुझे सिर्फ बचे हुए दुश्मनों के चेहरे दिखते हैं। गलती से भी मेरे सपनों में मत आना!




### अनिल कपूर निभा रहे नारकोटिक्स चीफ का रोल

फिल्म में बॉलीवुड के सीनियर एक्टर अनिल कपूर भी मुख्य भूमिका में हैं। वे फिल्म में नारकोटिक्स ब्यूरो के चीफ रघुवीर राठौड़ का किरदार निभा रहे हैं। वहीं बीजू मेनन अफगानिस्तान लॉजिस्टिक्स के हेड जलील रहमान के रोल में दिखेंगे। इनके अलावा फिल्म में रुक्मिणी वसंत, आशुतोष राणा, खुशबू सुंदर, राजीव कनकाला और सिद्धांत गुप्ता जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। यह फिल्म पहले इसी साल 25 जून को रिलीज होने वाली थी, लेकिन मेकर्स ने अब इसकी रिलीज डेट आगे बढ़ा दी है। अब यह फिल्म अगले साल 11 जून, 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## वॉर्निंग देकर कहा- 60 का हो गया हूं, लड़ना नहीं भूला, जेल में डालोगे, मेरी फिल्म की मां की आंख

# पैपराजी पर भड़के सलमान खान...



सलमान खान मंगलवार को एक करीबी से मिलने हिंदुजा हॉस्पिटल पहुंचे थे, जहां वो पैपराजी पर भड़क गए हैं। अस्पताल से एक वीडियो सामने आया है कि जिसमें वो काफी गुस्से में वॉर्निंग देते हुए दिखे। इस घटना के कुछ देर बाद ही सलमान ने आधिकारिक पोस्ट कर कड़े शब्दों में निंदा करते हुए चेतावनी दी है कि वो 60 की उम्र में भी लड़ना नहीं भूले हैं। सलमान खान ने अस्पताल से लौटने के बाद आधिकारिक अकाउंट से एक-एक कर 4 पोस्ट कीं। पहली पोस्ट में उन्होंने लिखा, ह्लअगर मैं किसी प्रेस वाले को अस्पताल में मेरी पीड़ा का मजा लेते देखूं। उस प्रेस वाले के लिए मैंने खड़ा होकर बात की है, उनका ध्यान रखा है ताकि वो भी अपनी रोजी-रोटी कमा सकें॥ वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि सलमान की नाराजगी के बाद पैपराजी उनसे माफी मांगते दिखे हैं। इस दौरान सलमान ने कुछ अपशब्द भी कहे।



बता दें कि ये हाल-फिलहाल का इकलौता मामला नहीं है। इससे पहले गोविंदा के बॉडीगार्ड्स की भी पैपराजी से बहस हो चुकी है। दरअसल, गोविंदा सोमवार को एक इवेंट में पहुंचे थे। वहां से निकलते हुए उन्हें पैपराजी ने घेर लिया। जब उनके गार्ड्स ने निकलने की जगह बनाने के लिए लोगों को पीछे किया, तो पैपराजी ने आरोप लगाया कि उन्हें धक्का दिया गया। विवाद बढ़ने पर गोविंदा को खुद बीच-बचाव करना पड़ा।




### बारिश से बाधित मुकाबले में मुंबई इंडियंस को चार विकेट से धोया

# कोलकाता ने कायम रखीं उम्मीदें

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



गेंदबाजों के कहर के बाद बुधवार को ईडन गार्डंस में मनीष पांडे ने रंग जमाया। इससे कोलकाता नाइट राइडर्स ने बारिश से बाधित मुकाबले में मुंबई इंडियंस को चार विकेट से धो दिया। छठी जीत के साथ कोलकाता ने प्लेऑफ की अपनी उम्मीदें कायम रखी हैं।

करीब एक साल बाद बल्लेबाजी का मौका मिलने के बाद मयंक ने 45 रन की पारी खेली। उन्होंने पावेल (40) के साथ चौथे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी भी निभाई। इससे कोलकाता ने 148 रन का लक्ष्य 18.5 ओवर मे छह विकेट खोकर हासिल कर लिया। रिंकू (9 नाबाद) ने चौके के साथ जीत दिलाई। इस सत्र में पांच मुकाबलों में पहली बार पांडे ने बल्लेबाजी की। पिछली बार लीग में ही खेले थे।

छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए कोलकाता की शुरूआत भी अच्छी नहीं रही। पहले ही ओवर में दीपक ने फिन को चलता कर दिया। तब स्कोर बोर्ड पर दस रन टंगे थे। कप्तान रहाणे (21) ने पांडे के साथ दूसरे विकेट के लिए 38 रन जोड़े। बॉश ने अपने लगातार दो ओवर में रहाणे और ग्रीन को आउट कर दोहरे झटके दिए। पांडे को पावेल का अच्छा साथ मिला।

इससे पहले कोलकाता के गेंदबाजों ने ने 15 ओवर तक मुंबई के बल्लेबाजों को खुलकर नहीं खेलने दिया। ग्रीन ने अपने पहले ही ओवर में जो दोहरे झटके दिए उनसे मुंबई की टीम बुरी तरह से दहला गई। उसका कोई भी बल्लेबाज 40 का आंकड़ा तक नहीं छू पाया। कॉर्बिन बॉश (32 नाबाद) और दीपक (10) ने आठवें विकेट के लिए 42 रन जोड़कर टीम को 147 तक पहुंचाया। हार्दिक ने 26 और तिलक ने 20 रन बनाए।

मात्र 17 रन पर उसके दो बल्लेबाज पवेलियन में थे। ग्रीन ने रिकल्टन को मनीष के हाथों कैच करवा दिया। तीन गेंद बाद नमन को भी खाता खोले बिना चलता कर दिया। रोहित को दुबे ने आउट किया। सूर्यकुमार ने ग्रीन पर दो लगातार चौके और दुबे पर छक्का जड़कर दबाव बनाने की कोशिश की। दुबे ने छक्का खाने के बाद अगली ही गेंद पर सूर्य की गिल्लियां बिखेर दी। टीम का स्कोर चार विकेट पर 41 रन हो गया। तिलक ने हार्दिक के साथ पांचवें विकेट के लिए 43 रन जोड़े। कोलकाता के लिए सौरभ दुबे, ग्रीन और त्यागी ने दो-दो विकेट झटके। बारिश चलते एक घंटे तक मैच रोकना पड़ा। तब मुंबई का स्कोर आठ ओवर में चार विकेट पर 57 रन था।

### फिल सॉल्ट आईपीएल में जल्द वापसी करेंगे

**नई दिल्ली।** फिल सॉल्ट इस सप्ताह के अंत में भारत लौटने वाले हैं। वह उंगली की चोट के कारण एक महीने बाद वापसी करेंगे। सॉल्ट को 18 अप्रैल को दिल्ली के साथ मैच में बाउंड्री बचाने की कोशिश करते समय चोट लग गई थी। तब से वह कोई मैच नहीं खेले और उंगली ठीक होने के दौरान परिवार के साथ समय बिताने घर लौट गए थे।

# आर्सेनल 22 साल बाद फिर बना बादशाह

एजेंसी ▶▶ लंदन



आर्सेनल के फुटबॉलप्रेमियों को दो दशक से जिस पल का इंतजार था, वो आखिर आ ही गया। इंग्लैंड के 140 साल पुराने इस क्लब ने प्रीमियर लीग चैंपियन बनने का 22 साल से चला आ रहा सूखा खत्म करके खिताब जीत लिया।

मंगलवार रात मैनचेस्टर सिटी और बोर्नमाउथ के बीच मैच 1-1 से ड्रॉ रहने के बाद आर्सेनल ने खिताब पक्का किया। मिकेल आर्टेटा की टीम ने 2004 के बाद पहली बार ट्रॉफी जीती। 20 टीमों की लीग में अभी एक दौर के मुकाबले बाकी हैं। आर्सेनल ने 37 मैच में 82 अंकों के साथ मैनचेस्टर सिटी (78) पर चार अंकों की बढ़त बना ली है। आर्सेनल ने अपने इस अभियान के दौरान अधिकतर समय तक बढ़त बनाए रखी। मैक्स डाउमन यह खिताब जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। रविवार को जब टीम को ट्रॉफी सौंपी जाएगी उस दिन व 16 साल 144 दिन के होंगे। उन्होंने फिल फोडेन (17 साल 350 दिन) का रिकॉर्ड तोड़ा। मैक्स इस लीग के सबसे युवा खिलाड़ी भी हैं।

### रणजी फिर दो चरण में खेली जाएगी

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई के घरेलू कैलेंडर की सबसे बड़ी प्रतियोगिता रणजी ट्रॉफी फिर दो चरण में खेली जाएगी। पहले चरण की शुरूआत 11 अक्तूबर से होगी जबकि 2026-27 का घरेलू सत्र 23 अगस्त को दलीप ट्रॉफी के साथ शुरू होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को यह घोषणा की रणजी ट्रॉफी चैंपियन जम्मू-कश्मीर और शेष भारत के बीच ईरानी कप मुकाबला एक से 5 अक्तूबर तक श्रीनगर में खेला जाएगा। इस साल रणजी ट्रॉफी का पहला चरण 11 अक्तूबर से 5 नवंबर के बीच होगा।

**ए-वन मेरिज ब्यूरो**
हिन्दु युवक-युवती विवाह एवं मुस्लिम युवक-युवती निकाह के लिए संपर्क करें।
पंजीयन क्रमांक RATL220413SE002931
पता- कालु कासम कालोनी, एकता नगर, ऊंकाला रोड, रतलाम (म.प्र.)
मोबाइल 8871909809 9054036759

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### 'जो करना है कर लो'...सुनते ही डॉक्टर ने लगाई छलांग

**इंदौर।** एमजीएम मेडिकल कॉलेज हॉस्टल में जूनियर डॉक्टर अमन पटेल की आत्महत्या मामले में प्रेम प्रसंग का एंगल सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि कॉलेज की ही एक छात्रा से अमन का तीन साल से प्रेम संबंध था, लेकिन हाल के दिनों में रिश्तों में आई खटास और मानसिक तनाव के चलते उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठाया। अमन की बहन वंदना पटेल ने बताया कि दोनों शादी को लेकर गंभीर थे, लेकिन कुछ समय से युवती किसी अन्य युवक से बातचीत करने लगी थी। इससे अमन परेशान रहने लगे थे। घटना से पहले भी दोनों के बीच फोन पर बातचीत हुई थी। परिजनों का आरोप है कि युवती ने बात करने से इनकार करते हुए कहा था, जो करना है कर लो, जिसके बाद अमन हॉस्टल की छत पर पहुंचे और छलांग लगा दी। घटना से पहले रात करीब 12 बजे अमन ने अपनी लकवाग्रस्त मां को फोन कर कहा था, अच्छा नहीं लग रहा है। इसके बाद उन्होंने एक दोस्त को मोबाइल का पासवर्ड भेजा था। पुलिस ने मोबाइल और लैपटॉप जब्त कर कॉल रिकॉर्ड और चैट की जांच शुरू कर दी है। दोस्तों और परिजनों का दावा है कि युवती का परिवार अंतरजातीय विवाह का विरोध कर रहे थे। इसके बाद दोनों के रिश्तों में तनाव बढ़ा था। घटना से 24 घंटे पहले युवती के माता-पिता इंदौर पहुंचे थे। परिजनों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। भोपाल एम्स में पढ़ रहे डॉ. अमन के एक करीबी दोस्त ने बताया कि वे दोनों 11 साल से गहरे मित्र थे। अमन ने उन्हें बताया था कि रायपुर की रहने वाली इस युवती ने उन्हें शादी का पूरा आश्वासन दिया था। इसी मई (2026) की शुरूआत में दोनों इंदौर से जबलपुर भी घूमने गए थे। वहां उन्होंने भेड़ाघाट सहित कई जगहों पर साथ समय बिताया था।

### ओरिजनल बर्थ सर्टिफिकेट बदला गया- वायरल गर्ल

**इंदौर।** वायरल गर्ल ने खुद को बालिग साबित करने के लिए बुधवार को अपने पति के साथ इंदौर हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। दावा किया है कि उनकी शादी को अपराध की श्रेणी में लाने के लिए सरकारी जन्म प्रमाण पत्र में फर्जी बदलाव किए गए। उन्हें नाबालिग दिखाने की कोशिश की गई।

याचिका में कहा गया है कि मूल जन्म प्रमाण पत्र को बिना नोटिस और कानूनी प्रक्रिया के सरकारी पोर्टल से हटा दिया गया। उसकी जगह कथित रूप से गलत जन्मतिथि दर्ज कर दी गई। साजिश कर नाबालिग दिखाया गया। मूल जन्म प्रमाण पत्र बहाल करने और सरकारी रिकॉर्ड में छेड़छाड़ की स्वतंत्र जांच की मांग की है। याचिका के अनुसार, वायरल गर्ल की मुलाकात केरल में फिल्म शूटिंग के दौरान एक युवक से हुई थी। धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और मार्च 2026 में दोनों ने शादी कर ली। खरगोन जिले की रहने वाली लड़की पिछले साल सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और तस्वीरों के कारण चर्चा में आई थीं। मामला उस समय विवादों में आया, जब राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने विवाह पर आपत्ति जताई। आयोग का दावा था कि शादी के समय वायरल गर्ल की उम्र 16 वर्ष थी और विवाह के लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया। इसके बाद खरगोन पुलिस ने वायरल गर्ल के पति के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। हालांकि, 20 अप्रैल 2026 को केरल हाईकोर्ट ने युवक की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी।

वायरल गर्ल के वकील बीएल नागर ने आरोप लगाया कि पिता ने विवाह का विरोध करने के लिए सरकारी रिकॉर्ड और जन्म प्रमाण पत्र में फर्जी बदलाव करवाए। मूल दस्तावेज को सरकारी पोर्टल से हटाकर नया रिकॉर्ड तैयार किया गया, ताकि उन्हें कानूनन नाबालिग साबित किया जा सके। वकील के मुताबिक, शादी के समय वायरल गर्ल बालिग थीं। दोनों ने अपनी मर्जी से केरल में विवाह किया था। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर ही पति के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कराया गया, जिस पर केरल हाईकोर्ट पहले ही गिरफ्तारी पर रोक लगा चुका है।

### इंदौर में फेक आईडी बनाकर युवती को किया ब्लैकमेल

**इंदौर।** भंवरकुआं थाना क्षेत्र में हॉस्टल में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही एक युवती ने फेक आईडी बनाकर अश्लील और आपत्तिजनक संदेश भेजने के मामले में शिकायत दर्ज कराई है। आरोपी ने युवती के पति को भी भ्रामक मैसेज भेजकर उसकी शादीशुदा जिंदगी खराब करने की कोशिश की। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक पीड़िता की शिकायत पर अमन निवासी बागली के खिलाफ आईटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। पीड़िता मूल रूप से पानसमेल की रहने वाली है और इंदौर में हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही है। उसके पति एक निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी करीब चार माह पहले हुई थी। 2 मई 2026 को आरोपी ने उसके पति के नाम से फेक आईडी बनाकर आपत्तिजनक मैसेज भेजे। मैसेज में युवती के शादी से पहले और बाद में किसी अन्य युवक से संबंध होने जैसी बातें लिखी गई थीं। महिला का आरोप है कि आरोपी ने उसे भी सीधे मैसेज कर ब्लैकमेल किया और दोस्ती बनाए रखने का दबाव बनाया। 6 मई 2026 को जब उसने आरोपी अमन से बात कर उसे समझाने की कोशिश की, तो आरोपी ने जान से मारने और पूरे परिवार की बदनामी करने की धमकी दी। आरोपी ने शादी तुड़वाने तक की धमकी दी थी। घटना की जानकारी पीड़िता ने अपने परिवार को दी, जिसके बाद बुधवार को मामले में शिकायत दर्ज कराई गई।

### करंट लगने से मौत, लापरवाही से बिजली कनेक्शन लगाने पर केस

**इंदौर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में करंट लगने से 13 साल की छात्रा की मौत हो गई। पुलिस जांच में लापरवाहीपूर्ण बिजली कनेक्शन सामने आने के बाद तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। घटना 25 अप्रैल की है। पुलिस के मुताबिक सुखनिवास निवासी मान्या पुत्री संतोष भाटी की मौत टेंट में फैले करंट की चपेट में आने से हुई। जांच में सामने आया कि टेंट में बिजली कनेक्शन लापरवाही से लगाया गया था। पुलिस जांच में पता चला कि कार्यक्रम स्थल पर पुराने और कटे-फटे तारों का उपयोग किया गया था। इसी वजह से करंट टेंट के पाइप में फैल गया और मान्या उसकी चपेट में आ गई। परिजनों ने बताया कि आरोपी पक्ष इलाके में भजन संध्या और माता पूजन का कार्यक्रम करा रहा था। कार्यक्रम के दौरान खुले बिजली तारों का उपयोग किया गया था। परिजनों के अनुसार कुछ लोगों ने आरोपियों को तार जोड़ने के तरीके पर टोका भी था।

वीडियो-ऑडियो रिकवर कर रही पुलिस; श्वेता जैन ने जताई सरकारी गवाह बनने की इच्छा

# इंदौर हनी ट्रैप मामले में भाजपा की नेता पुलिस हिरासत में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शराब कारोबारी हितेंद्र सिंह उर्फ चिंटू ठाकुर से जुड़े हनी ट्रैप मामले में इंदौर पुलिस ने एक और महिला आरोपी को हिरासत में लिया है। सूत्रों के मुताबिक, बुधवार को सागर से हिरासत में ली गई इस आरोपी का नाम रेशू उर्फ अभिलाषा चौधरी है। इसे ही हनी ट्रैप नेटवर्क की मुख्य कड़ी माना जा रहा है। रेशू भाजपा के एक प्रकोष्ठ में पदाधिकारी रह चुकी है।




इससे पहले क्राइम ब्रांच ने मामले की मास्टरमाइंड श्वेता विजय जैन, महिला शराब तस्कर अलका दीक्षित, उसके बेटे जयदीप, प्रॉपर्टी कारोबारी लाखन चौधरी समेत हेड कॉन्स्टेबल विनोद शर्मा को हिरासत में लिया था। श्वेता ने पुलिस के सामने मामले में सरकारी गवाह बनने की इच्छा जताई है।

क्राइम ब्रांच डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने कहा- जांच में सामने आया है कि रेशू, अलका और श्वेता के साथ कथित ब्लैकमेलिंग नेटवर्क में सक्रिय थी। उसने श्वेता विजय जैन के माध्यम से इंदौर निवासी अलका दीक्षित से संपर्क किया था। इसके बाद तीनों ने मिलकर प्रभावशाली लोगों को निशाना बनाने की योजना बनाई। अब पुलिस की प्राथमिकता रेशू और अलका के पास मौजूद कथित हनी ट्रैप वीडियो, ऑडियो और अन्य डिजिटल सबूत जब्त करने की है। आरोपियों के मोबाइल फोन से कुछ ऑडियो-वीडियो फाइलें भी रिकवर किए जाने की जानकारी सामने आई है। वहीं, हेड कॉन्स्टेबल विनोद शर्मा से भी देर रात तक पूछताछ की गई। पुलिस को अलका से उसके सीधे संपर्क के संकेत मिले हैं।

# इंदौर में नगर निगम की बड़ी कार्रवाई: मास्टर प्लान की सड़क में बाधा बने मकान तोड़े

**5 जेसीबी-5 पोकलेन लगाई; भारी पुलिस बल रहा मौजूद**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में लक्ष्मीबाई प्रतिमा से जिंसी चौराहे तक मास्टर प्लान की सड़क बनाने में बाधक 16 मकानों के अवैध हिस्से को गुरुवार को नगर निगम की टीम ने हटा दिया। टीम जेसीबी और पोकलेन मशीन लेकर पहुंची और अवैध हिस्सों को हटाने की कार्रवाई शुरू की। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद था।

नगर निगम ने मास्टर प्लान की सड़क में बाधा बन रहे मकान के मालिकों को पहले ही नोटिस दिया था। उनसे निर्माण में बाधक हिस्सा तोड़ने को कहा गया था। इस पर कई लोगों ने खुद ही सड़क में बाधा बन रहे हिस्से को हटा लिया था, जबकि 16 मकान मालिकों ने नगर निगम की बात नहीं मानी थी।

नगर निगम के रिमूवल अधिकारी अंकेश बिरथरिया ने बताया कि आज नगर निगम की टीम दलबल के साथ कार्रवाई के लिए मैदान में उतरी। निगम की 4 से ज्यादा टीमें इसमें लगी हैं।



### पहले ही जारी कर चुके थे नोटिस

उन्होंने बताया कि यहां कार्रवाई करने के लिए पहले ही नगर निगम द्वारा यहां के रहवासियों को नोटिस जारी कर दिए थे। यहां पर कुल 78 मकान हैं। इनमें से कई रहवासियों ने खुद ही बाधक हिस्सों को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी थी, लेकिन 16 मकान मालिकों ने बाधक हिस्सों को नहीं हटाया, जिसके चलते निगम कमिश्नर के ऑर्डर पर आज कार्रवाई की गई। हालांकि इस दौरान कोई विवाद की स्थिति नहीं बनी। बता दें कि कुछ दिनों पहले महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी यहां पर दौरा करने पहुंचे थे, उन्होंने ने भी यहां रहवासियों से बातचीत की थी और खुद से ही बाधक हिस्सों को हटाने के लिए कहा था।

पुलिस की पूछताछ में हुआ खुलासा

# युवक ने 12 से ज्यादा लोगों को दिए हथियार





दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में राजेन्द्र नगर पुलिस ने तीन दिन पहले ममता नगर के पास एक युवक को पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया था। यह कार्रवाई टीआई यशवंत बडोले की टीम ने की थी। आरोपी की पहचान अक्षय शर्मा निवासी द्वारकापुरी के रूप में हुई।

पुलिस ने अक्षय शर्मा को ममता नगर के पास से पिस्टल के साथ पकड़ा था। इसके बाद उसे थाने लाकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान अक्षय शर्मा ने बताया कि पिस्टल उसे चेतन नाथ निवासी अहीरखेडी ने बेची थी। अक्षय के बयान के अनुसार चेतन नाथ पिछले दो महीनों में इलाके में करीब एक दर्जन से अधिक लोगों को पिस्टल बेच चुका है। राजेन्द्र नगर पुलिस ने चेतन नाथ के ठिकाने पर दबिश दी, लेकिन वह मौके से फरार मिला। उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार चेतन नाथ पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसे अतुल बंसल हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा हो चुकी है। वह हाल ही में जमानत पर बाहर आया था। जानकारी के मुताबिक चेतन नाथ द्वारकापुरी की ड्रग माफिया सीमा नाथ का भाई है। उस पर इलाके में अवैध कारोबार से जुड़े होने के आरोप हैं।

### इंदौर में देर रात युवक को डंपर ने मारी टक्कर, मौके पर हुई मौत



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में एरोड्रम रोड पर बुधवार देर रात बाइक सवार एक युवक को तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने डंपर जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान केशव नगर निवासी 22 वर्षीय इरफान शेख के रूप में हुई है। वह रात को अपने दोस्तों से मिलकर घर लौट रहा था। इसी दौरान एरोड्रम रोड पर एक तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। परिजनों के अनुसार इरफान हम्माली का काम करता था। वह रात को खाना खाने के बाद घर से निकला था और कुछ देर में लौटने की बात कही थी। मृतक अविवाहित था और उसके परिवार में एक भाई और दो बहनें हैं। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भेजकर पोस्टमॉर्टम कराया है और आगे की जांच जारी है।

स्कूल किराये पर देना है
नर्सरी से आठवी मान्यता प्राप्त (एमपी बोर्ड) स्कूल किराये पर देना है।
लोकेशन- घोंसला के पास, महिदपुर रोड पर
टोटल एरिया 28500 स्क्वेयर फीट
प्लेज ग्राउंड एवं संपूर्ण फर्नीचर के साथ
6000 स्क्वेयर फीट पर बिल्डिंग बना हुआ।
मो. 8770738811

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ/अमरनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com